जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

जागरूक टाइम्स

मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित

www.jagruktimes.co.in

₹4

▶ वर्ष 21 ▶ अंक-182 ▶ मुंबई, बुधवार, 29 जनवरी 2025 ▶ मुंबई ▶ पृष्ठ 12 ▶ मूल्य

भारत ने स्कॉटलैंड को 150 रनों से रौंदा

...पेज 11

▶▶ टूटेगा श्रद्धालुओं के जुटने का रिकॉर्ड!

प्रयागराज। धर्म और आस्था का सबसे बड़ा केंद्र बन प्रयागराज रोज-ब-रोज श्रद्धालुओं के रिकॉर्ड आमद का इतिहास बना रहा है। महाकुंभ में हर रोज संगम में डुबकी लगाने का नया रिकॉर्ड बन रहा है। 13 जनवरी से शुरू हुए महाकुंभ में अब तक 15 करोड़ से अधिक लोग संगम में स्नान कर चुके हैं। बुधवार को मौनी अमावस्या पर होने वाले दूसरे अमृत स्नान के लिए पहले से ही श्रद्धालुओं का भारी रेला पहुंच चुका है और यह सिलसिला लगातार जारी है। पहले अमृत स्नान पर करीब साढ़े तीन करोड़ लोगों ने संगम में डुबकी लगायी थी। बुधवार 29 जनवरी को मौनी अमावस्या है। इस दिन स्नान का विशेष महत्व है। महाकुंभ में करोड़ों लोग संगम में डुबकी लगाने के लिए पहुंच चुके हैं।

श्रद्धालुओं को सुविधा देने खास इंतजाम

प्रयागराज में 12 किलोमीटर के दायरे में 44 घाटों को विकसित किया गया है, ताकि स्नान के दौरान किसी को असुविधा न हो। घाटों पर प्रशासनिक अधिकारियों, एसडीएम, सीओ, तहसीलदार और नायब तहसीलदारों की ड्यूटी लगाई गई है। संगम और अन्य घाटों पर आईएएस और पीसीएस अधिकारियों के साथ 10 जिलों के डीएम और एसपी भी तैनात किए गए हैं। वहीं आपताकालीन व्यवस्था के लिए डाक्टरों को टीम को भी तैनात किया गया है।

जाम से बचने विशेष अपील

प्रयागराज के डीएम रविंद्र कुमार मांदड़ ने शहरवासियों से अपील की है कि मौनी अमावस्या के दौरान चार पहिया वाहनों का उपयोग न करें और प्रशासन का सहयोग करें, ताकि ट्रैफिक जाम की समस्या न हो। उन्होंने सोशल मीडिया पर यह अनुरोध साझा किया है। उन्होंने लोगों से आवश्यकता पड़ने पर दोपहिया वाहनों के प्रयोग का अनुरोध किया है।

आगामी 15 दिन अयोध्या न आने का अनुरोध

- संगम में शाही स्नान करने के बाद कई श्रद्धालु अयोध्या भी जा रहे हैं। इसी को लेकर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने अपील की है कि श्रद्धालु 15 दिन बाद अयोध्या आएं। चंपत राय ने बताया कि 29 जनवरी को महाकुंभ के दौरान मौनी अमावस्या का मुख्य स्नान है, जिसमें भारी भीड़ उमड़ रही है। पिछले तीन दिनों में अयोध्या में भी दर्शनार्थियों की संख्या तेजी से बढ़ी है।

10 घंटे से अधिक स्नान करेंगे अखाड़े

मौनी अमावस्या पर्व पर बुधवार को अखाड़ों के संत एवं नागा संन्यासी 10 घंटे से अधिक समय तक अमृत स्नान करेंगे। सबसे पहले संन्यासी परंपरा के महानिर्वाणी एवं शंभू पंचायती अटल अखाड़ा के संत सुबह 6.15 बजे स्नान करेंगे। इसके लिए संत अपने शिविर से सवा पांच बजे प्रस्थान कर जाएंगे। वहीं, आखिरी में निर्मल अखाड़ा के संत दिन में 3.40 बजे से 4.20 बजे तक स्नान करेंगे।

दिल्ली में जहर पर जंग

भाजपा की चुनाव आयोग से मांग- केजरीवाल के प्रचार पर लगा दें बैन

नई दिल्ली। अरविंद केजरीवाल के यमुना के पानी में जहर वाले दावे पर दूसरे दिन मंगलवार को भी सियासत गर्म रही। दिल्ली की सीएम आतिशी और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान निर्वाचन आयोग के अधिकारियों से मिले और आरोप लगाया कि हरियाणा सरकार जानबूझकर यमुना में खतरनाक स्तर तक अमोनिया छोड़ रही है। वहीं भाजपा ने भी केजरीवाल पर दुष्प्रचार का आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग का दरवाजा खटखटाया। भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने अरविंद केजरीवाल पर देश के संघीय ढांचे के लिए खतरनाक बयान देने का आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग में शिकायत दी। केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण, भूपेंद्र यादव और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह समेत भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग के तीनों सदस्यों से मुलाकात की और उनसे केजरीवाल से अपने आरोप वापस लेने और लोगों में दहशत पैदा करने के लिए माफी मांगने को कहा।

भाजपा नेताओं ने निर्वाचन आयोग से अपील की कि हरियाणा द्वारा यमुना के पानी में जहर मिलाने जैसे गैर-जिम्मेदाराना आरोप लगाने के लिए केजरीवाल को चुनाव प्रचार करने से रोका जाए। चुनाव आयोग के अधिकारियों के साथ बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने पार्टी की ओर से दी गई शिकायत के बारे में जानकारी देते हुए कहा- हमने अरविंद केजरीवाल के गैर-जिम्मेदाराना और आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले बयान को लेकर चुनाव आयोग में अपनी शिकायत दी।

केजरीवाल पर कानूनी कार्रवाई की मांग

निर्मला सीतारमण ने आगे कहा- हमने गैर-जिम्मेदाराना बयान देने को लेकर केजरीवाल के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। यह बहुत खतरनाक बयान है। अरविंद केजरीवाल का यह बयान उनके अलावा सभी के लिए खतरनाक है। उन्होंने जो बयान दिया है, उससे दिल्ली के लोगों में डर पैदा हो गया है। चुनाव पर इसका बहुत गंभीर प्रभाव पड़ता है। क्या ऐसा बयान हमारे लोकतंत्र के लिए अच्छा है? हमने इन मुद्दों को चुनाव आयोग के सामने उठाया। उन्होंने कहा- एक सीएम या पूर्व सीएम दूसरे सीएम पर ऐसा आरोप कैसे लगा सकता है जो कहीं न कहीं नरसंहार से संबंधित है? यह हरियाणा के सभी लोगों का अपमान है।

डुबकी मैंने लगाई और ठंड खरगे को लग गई : शाह

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के उस बयान पर पलटवार किया है जिसमें उन्होंने कहा था कि गंगा में डुबकी को लेकर गरीबी दूर होती है क्या? अमित शाह ने दिल्ली के कालकाजी में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा, डुबकी मैंने लगाई और ठंड खरगे को लग गई। दरअसल हाल ही में खरगे ने मध्य प्रदेश के मऊ में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सवाल उठाया था कि क्या गंगा में डुबकी लगाने से गरीबी दूर होती है, खाना मिलता है? उनका यह बयान ऐसे समय में सामने आया है जब प्रयागराज में महाकुंभ चल रहा है। हालांकि उन्होंने इसके बाद यह कहते हुए माफी मांग ली थी कि वह किसी की आस्था को ठेस नहीं पहुंचाना चाहते। वहीं अमित शाह ने मंगलवार को पलटवार करते हुए कहा, अभी कल मैंने महाकुंभ में गंगा की डुबकी लगाई, लेकिन डुबकी मैंने लगाई और ठंड खरगे जी को लग गई। वो कह रहे हैं कि गंगा में डुबकी लगाने से गरीबों का भला नहीं होगा। अमित शाह ने आगे कहा, खरगे साहब, आपने पूरा जीवन डुबकी नहीं लगाई, लेकिन आपने गरीबों का क्या भला किया।

सिद्धिविनायक मंदिर में नई ड्रेस कोड नीति

मुंबई। मुंबई के सिद्धिविनायक गणपति मंदिर की प्रबंधन समिति ने मंगलवार को मंदिर में आने वाले सभी भक्तों के लिए एक ड्रेस कोड लागू करने की घोषणा की। प्रबंधन समिति ने कहा कि श्री सिद्धिविनायक गणपति मंदिर में आने वाले भक्तों को ऐसे कपड़े पहनने चाहिए जो शालीनता बनाए रखें और पवित्रता का सम्मान करें। मंदिर में अनुचित पोशाक, जैसे कट-ऑफ जींस, स्कर्ट, खुले कपड़े या शॉर्ट कपड़े पहनने वालों को भगवान गणपति के दर्शन की अनुमति नहीं दी जाएगी। मंदिर ट्रस्ट ने यह फैसला पवित्र स्थान की पवित्रता और मर्यादा को संरक्षित करने के उद्देश्य से दिशानिर्देश लागू करने का निर्णय लिया है। मंदिर प्रशासन की तरफ से जारी गाइडलाइन में कहा गया है कि शॉर्ट कपड़े पहनने पर मंदिर परिवार में जाने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

बागपत में दर्दनाक हादसा

7 की मौत, 80 से ज्यादा घायल

- श्रद्धालुओं पर गिरा लकड़ी से बना पैड

लखनऊ। यूपी के बागपत जिले के बड़ौत कस्बे में मंगलवार की सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ। भगवान आदिनाथ के निर्वाण लड्डू पर्व के दौरान मान स्तम्भ परिसर में लकड़ी से बना पैड गिर गया, जिसके कारण सीढ़ियां गिरने से सात श्रद्धालुओं की मौत हो गई। मरने वालों में दो महिलाएं और पांच पुरुष शामिल हैं, जबकि 80 से अधिक लोग घायल हुए हैं। मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम करने का विरोध किया जा रहा है और परिजनों ने हंगामा किया है। डीएम और एसपी का घेराव किया गया, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। हादसा बड़ौत शहर के गांधी रोड पर हुआ, जहां श्री दिगंबर जैन डिग्री कॉलेज के मैदान पर बने मान स्तंभ के लकड़ी के पैड के टूटने से यह दुर्घटना हुई। श्रद्धालु जब अस्थायी सीढ़ियों से चढ़ने लगे, तो सीढ़ियां ढह गईं, जिससे 80 से अधिक लोग नीचे दब गए और सात की जान चली गई। हादसे के बाद घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन एम्बुलेंस न मिलने के कारण कुछ घायलों को ई-रिक्शा में अस्पताल ले जाया गया।

सुप्रीम कोर्ट का पुलिस को आदेश

व्हाट्सएप पर गिरफ्तारी की भेजना नोटिस बंद हो

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दंड प्रक्रिया संहिता या भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (बीएनएसएस) के तहत पुलिस व्हाट्सएप या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के जरिए आरोपी व्यक्ति को नोटिस नहीं भेज सकती है। जस्टिस एम.एम. सुंदरेश और जस्टिस राजेश बिंदल की बेंच ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वे पुलिस को सीआरपीसी की धारा 41ए या बीएनएसएस की धारा 35 के तहत नोटिस भेजने के लिए केवल वहीं तरीके अपनाने का निर्देश दें, जिनकी कानून के तहत अनुमति हो। शीर्ष कोर्ट ने कहा, यह पूरी तरह से स्पष्ट है कि व्हाट्सएप या अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से नोटिस भेजना सीआरपीसी और बीएनएसएस के तहत तय की गई विधियों का विकल्प नहीं हो सकता। यह आदेश तब आया जब कोर्ट ने वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा का सुझाव स्वीकार किया, जिन्हें इस मामले में एमिकस क्यूरी के रूप में नियुक्त किया गया था।

▶▶ कोर्ट ने धारा 41ए और धारा 35 का किया जिक्र

न्यूज BRIEF

जेडीयू के दो बड़े नेता कांग्रेस में शामिल

नई दिल्ली। बिहार में जेडीयू के दो प्रमुख नेता अली अनवर व भगीरथ मांझी कांग्रेस में शामिल हो गए। दोनों ने दिल्ली में आयोजित एक समारोह में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। अली अनवर जेडीयू के पूर्व राज्यसभा सांसद हैं और भगीरथ मांझी माउंटेन मैन दशरथ मांझी के पुत्र हैं। कांग्रेस अली अनवर के जरिए कांग्रेस अल्पसंख्यक वोट बैंक को साधने की कोशिश कर रही है, जबकि भगीरथ मांझी के जरिए पार्टी दलित वोट बैंक को साधने की कोशिश कर रही है।

गुरमीत राम रहीम को 30 दिन की पैरोल

रोहतक। डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को एक बार फिर 30 दिन की पैरोल पर रिहा किया गया है। मंगलवार सुबह 5:30 बजे उन्हें रोहतक की सुनारिया जेल से छोड़ा गया, जिसके बाद वह करीब 7:30 बजे सिरसा स्थित अपने आश्रम पहुंचे। उनके साथ हनीप्रीत भी मौजूद थी। पैरोल की अवधि के शुरुआती 10 दिन राम रहीम सिरसा में रहेंगे।

झारखंड कैबिनेट की बैठक आज

रांची। रांची-झारखंड कैबिनेट की बैठक 29 जनवरी (बुधवार) को होगी। सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक प्रोजेक्ट भवन में होगी। शाम चार बजे से बैठक शुरू होगी। इसमें जनहित के कई प्रस्तावों पर मंत्रिपरिषद मुहर लगाएगी।

भाजपा के चंदे में 87 प्रतिशत की वृद्धि

नई दिल्ली 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले भाजपा को मिलने वाले चंदे में पिछले साल के मुकाबले 87 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह कुल 3,967.14 करोड़ रुपये रहा। एक प्रमुख अंग्रेजी समाचार पत्र की रिपोर्ट के मुताबिक, 2023-24 के लिए भाजपा की वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार, पार्टी को मिलने वाले कुल चंदे में चुनावी बॉन्ड की हिस्सेदारी घटकर आधे से भी कम रह गई है। चुनाव आयोग द्वारा 27 जनवरी को प्रकाशित वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, भाजपा का स्वैच्छिक योगदान 2022-23 में 2,120.06 करोड़ से बढ़कर 2023-24 में 3,967.14 हो गया। रिपोर्ट से पता चलता है कि भाजपा को चुनावी बॉन्ड के जरिये 1,685.62 करोड़ रुपये मिले, जो उसके कुल योगदान का 43 प्रतिशत है। 2022-2023 में पार्टी को चुनावी बॉन्ड के जरिये 1,294.14 करोड़ रुपये मिले थे, जो कुल योगदान का 61 प्रतिशत था। रिपोर्ट के अनुसार, चुनाव/सामान्य प्रचार पर भाजपा का खर्च पिछले वर्ष के 1,092.15 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,754.06 करोड़ रुपये हो गया, जिसमें से 591.39 करोड़ रुपये विज्ञापन और प्रचार पर खर्च किए गए।

चंदा आया तो पार्टी ने प्रचार पर खर्च बढ़ाया

कांग्रेस के चंदे में भी वृद्धि

रिपोर्ट के मुताबिक, कांग्रेस के दान में भी वृद्धि हुई। पार्टी का कुल योगदान 320% बढ़कर 2022-2023 में 268.62 करोड़ रुपये से 2023-2024 में 1,129.66 करोड़ रुपये हो गया।

श्रीलांकाई नौसेना ने की मछुआरों पर फायरिंग

नई दिल्ली। डेल्फ़्ट द्वीप के पास मंगलवार सुबह श्रीलंकाई नौसेना की ओर से की गई गोलीबारी में पांच भारतीय मछुआरे घायल हो गए। इस घटना को लेकर भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। नई दिल्ली में श्रीलंका के कार्यवाहक उच्चायुक्त को विदेश मंत्रालय में तलब किया गया और कड़ा विरोध दर्ज कराया गया। अपनी प्रतिक्रिया में भारत ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में बल प्रयोग 'स्वीकार्य' नहीं है। मंत्रालय ने कहा, "डेल्फ़्ट द्वीप के पास 13 भारतीय मछुआरों को पकड़ने के दौरान श्रीलंकाई नौसेना ने गोलीबारी की। मछली पकड़ने वाली नाव पर सवार 13 मछुआरों में से दो को गंभीर चोटें आई हैं।

- पांच भारतीय मछुआरे घायल
- भारत ने श्रीलंका को चेताया- बल प्रयोग स्वीकार्य नहीं

भारतीय रेलवे ने दी श्रद्धालुओं को खुशखबरी

प्रयागराज से हर चार मिनट पर मिलेंगी ट्रेनें : सीईओ

- आज 60 स्पेशल ट्रेनें चलाएगा रेलवे
- श्रद्धालुओं की भीड़ देख रेलवे का विशेष इंतजाम

नई दिल्ली। 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के दिन प्रयागराज महाकुंभ 2025 के दूसरे अमृत स्नान से पहले महाकुंभ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। श्रद्धालुओं की सहूलियत को देखते हुए रेलवे कल यानी 29 जनवरी को 60 स्पेशल ट्रेनें चलाएगा। मौनी अमावस्या से पहले भारतीय रेलवे द्वारा किए गए इंतजामों पर रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और सीईओ सतीश कुमार ने कहा कि हमने सावधानीपूर्वक योजना बनाई है और 13-14 जनवरी को अपने अनुभव से सीखा है। कुल मिलाकर190 स्पेशल ट्रेनें चलेंगी। उस रूट पर 110 नियमित ट्रेनें हमेशा की तरह चलेंगी।

प्रयागराज से हर 4 मिनट में ट्रेन उपलब्ध होगी और यह एक बड़ी उपलब्धि है। अधिकारी और रेलवे कर्मचारी तैनात और अलर्ट चालू हैं। हम हर मिनट उनसे अपडेट ले रहे हैं।

नौ स्टेशनों से चलेंगी ट्रेनें

रेलवे ने बताया कि 150 से ज्यादा चलने वाली ट्रेनों को प्रयागराज जंक्शन, सूबेदारगंज, नैनी, प्रयागराज छिवकी, प्रयाग जंक्शन, फाफामऊ, प्रयागराज रामबाग, प्रयागराज संगम और झूंसी से चलाया जाएगा। प्रयागराज रेल मंडल के वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी अमित मालवीय ने बताया कि 29 जनवरी को मौनी अमावस्या पर 150 से अधिक मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा, जिनमें से अधिकांश प्रयागराज जंक्शन से चलेंगी। नियमित ट्रेनों के साथ-साथ मंडल के अन्य स्टेशनों से भी विशेष ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर चलाई जाएंगी।

सास को पीठ पर बैठाकर स्नान कराने पहुंची बहू

▶▶ आठ किमी से बिना रूके-थके पहुंची संगम

प्रयागराज। प्रयागराज की धरती पर 144 साल बाद आयोजित हुए महाकुंभ में भारी भीड़ हो रही है। लोगों का खाली हाथ और पैदल चलना भी मुश्किल है। इस आपाधापी के बीच एक ऐसी तस्वीर सामने आई, जिसे देखकर दिल को सुकून मिल रहा है। इस तस्वीर में एक महिला अपनी बुजुर्ग सास को पीठ पर लादे भीड़ के साथ संगम की ओर बढ़ती चली जा रही है। करीब आठ किमी से बिना रूके और बिना थके मेला परिसर पहुंची इस महिला के चेहरे पर कोई शिकन तक नहीं है। उसके चेहरे की मुस्कराहट यह बता रही है कि वह अपनी सास को महाकुंभ स्नान कराकर बहुत बड़ा पुण्य अर्जित करने वाली है।

- महिला के चेहरे पर छाई रही मुस्कान, नहीं दिखा कोई शिकन

सोशल मीडिया पर बहू की जमकर सराहना

- सोशल मीडिया पर लोग इस बहू की खूब सराहना करते नजर आ रहे हैं। इस महिला के मुताबिक उसकी सास ने महाकुंभ में स्नान की इच्छा जताई थी, लेकिन इतनी भीड़ होने की खबरों से हिम्मत नहीं पड़ रही थी। बावजूद इसके उसने ठान लिया कि वह हर हाल में अपनी सास की इच्छा को पूरी करेगी।

पैदल चलकर पहुंची संगम

वह प्रयागराज आ तो गई, लेकिन यहां पता चला कि कम से कम आठ किमी पैदल चलना है। लेकिन उसने हिम्मत नहीं हारी और सास को पीठ पर लादकर महाकुंभ पहुंच गईं। वायरल हो रही इस तस्वीर को महाकुंभ की सबसे अलौकिक, खूबसूरत तस्वीर कहा रहा है।

एक श्रवण कुमार यह भी

कुछ ऐसी ही तस्वीर चार दिन पहले भी देखने को मिली थी। इस तस्वीर में वृद्ध हो चुकी मां को पीठ पर लादे अमेठी के गौरीगंज तहसील में कुशवैरा गांव में रहने वाले किसान महेश तिवारी ने मकर संक्रांति पर अपनी मां को महाकुंभ में स्नान कराने का प्रयास किया था।

5 हजार रुपए का टिकट 50 हजार में क्यों : राघव

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा ने महाकुंभ मेले के दौरान फ्लाइट कंपनियों की तरफ से किरायों में हो रही बेतहाशा बढ़ोतरी को लेकर नाराजगी जताई है। उन्होंने इसे श्रद्धालुओं की आस्था का मजाक बताया, साथ ही किराया कम करने की अपील भी की है। फ्लाइट कंपनियों की मनमानी और मुनाफाखोरी ने श्रद्धालुओं की परेशानियां बढ़ा दी हैं। उन्होंने फ्लाइट्स के सामान्य किराए में बढ़ोतरी पर कहा कि जो टिकट पहले 5000-8000 रुपए का मिलता था, अब उसकी कीमत 50000-60000 रुपए तक पहुंच गई है। लाखों श्रद्धालु जो कुंभ जाना चाहते हैं, उनको ज्यादा किराए की वजह से निराश होना पड़ रहा है। यह कंपनियां अपने फायदे के चक्कर में श्रद्धालुओं के साथ ठीक नहीं कर रही हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं की तरफ से किराया कम करने की अपील की। साथ ही राघव ने एयरपोर्ट पर महंगे खाने को लेकर उठाए गए मुद्दे को याद किया। उन्होंने कहा कि सस्ते खाने को लेकर हमारी आवाज सरकार तक पहुंची थी। जिसके बाद सरकार ने यात्रियों के लिए किफायती कैंटीन की शुरुआत की।

▶▶ महाकुंभ की फ्लाइट्स के किराए में बेतहाशा वृद्धि

सीएसएमटी और मस्जिद स्टेशन के बीच विशेष इमरजेंसी ब्लॉक

मुबई। मध्य रेल, मुंबई मंडल 28 /29 जनवरी एवं 29 /30 जनवरी (बुधवार/गुरुवार रात्रि का समय) को कानैंक आरओबी (स्पैन-2) के पुनर्निर्माण के लिए ओपन वेब गर्डरों के समायोजन के लिए सीएसएमटी-कल्याण सेक्शन पर किलोमीटर 0/1-2 पर सीएसएमटी और मस्जिद स्टेशनों के बीच 00.30 बजे से 03.30 बजे (3. 00 घंटे) तक एक आपातकालीन ब्लॉक परिचालित करेगा।

▶▶ कानैंक आरओबी (दूसरा स्पैन)

ट्रैफिक ब्लॉक सेक्शन

अप और डाउन स्लो लाइन और अप और डाउन फास्ट लाइन – भायखला और सीएसएमटी के बीच (दोनों स्टेशनों को छोड़कर)। अप और डाउन हार्बर लाइन – वडाला रोड और सीएसएमटी के बीच (दोनों स्टेशनों को छोड़कर)।

ब्लॉक के कारण ट्रेन परिचालन पर प्रभाव

- ब्लॉक अवधि के दौरान मेन लाइन पर भायखला और सीएसएमटी स्टेशनों और हार्बर लाइन पर वडाला रोड और सीएसएमटी स्टेशनों के बीच उपनगरीय सेवाएं उपलब्ध नहीं होंगी।मेन लाइन पर अप और डाउन उपनगरीय सेवाएं भायखला, परेल, दादर और कुर्ला स्टेशनों पर समाप्त (टर्मिनेट)/शुरू(ओरिजनेट) होंगी।हार्बर लाइन पर अप और डाउन उपनगरीय सेवाएं वडाला रोड स्टेशन पर समाप्त (टर्मिनेट)/शुरू (ओरिजनेट) होंगी।

आखिरी लोकल का विवरण

डाउन स्लो लाइन पर- कर्जत के लिए- 00.12 बजे सीएसएमटी से प्रस्थान और 02.33 बजे कर्जत पहुंचेगी। अप स्लो लाइन पर- सीएसएमटी के लिए- 22.48 बजे डोंबिवली से प्रस्थान और 00.10 बजे सीएसएमटी पहुंचेगी।

पहली लोकल का विवरण

डाउन स्लो लाइन पर- कर्जत के लिए- 04.47 बजे सीएसएमटी से प्रस्थान और 07.08 बजे कर्जत पहुंचेगी। अप स्लो लाइन पर- सीएसएमटी के लिए- 03.23 बजे कल्याण से प्रस्थान और 04.56 बजे सीएसएमटी पहुंचेगी

हार्बर लाइन पर आखिरी लोकल

डाउन लाइन पर पनवेल के लिए- 00.13 बजे सीएसएमटी से प्रस्थान और पनवेल 01.33 बजे पहुंचेगी। अप लाइन पर-सीएसएमटी के लिए-22.46 बजे पनवेल से प्रस्थान और 00.05 बजे सीएसएमटी पर पहुंचेगी

हार्बर लाइन पर पहली लोकल

डाउन लाइन पर-पनवेल के लिए- 04.52 बजे सीएसएमटी से प्रस्थान और 06.12 बजे पनवेल पहुंचेगी। अप लाइन पर-सीएसएमटी के लिए-04.17 बजे बांद्रा से प्रस्थान और 04.48 बजे सीएसएमटी पर आगमन।

15 साल बाद आरोपी गिरफ्तार

जागरूक टाइम्स संवाददाता

नालासोपारा। मध्यवर्ती अपराध शाखा ने 15 साल बाद उत्तर प्रदेश के उन्नाव से अपनी पत्नी की हत्या कर फरार हुए आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। यह जानकारी पुलिस अधिकारी ने सोमवार को दी है ।पुलिस अधिकारी ने बताया कि नालासोपारा पूर्व के कारगिल टेकड़ी, संतोष भवन क्षेत्र के तुलसी नगर, बावशेत पाड़ा के वदारका चॉल में रहने वाली 35 वर्षीय रिहाना नामक महिला अपने दूसरे पति जवाद जब्बार सैयद के साथ अपने पहले पति अनवर खान से हुए एक बेटे और दो बेटियों के साथ रह रही थी। हालाँकि, उसका बड़ा बेटा महंमद हारुल अनवर खान नालासोपारा के गाला नगर में एक ज़री कारखाने में काम करता था और अपने दोस्तों के साथ वहीं रहता था। वह समय-समय पर अपनी माँ और भाई-बहनों से मिलने उपरोक्त पते पर जाता था, जिससे उसके सौतेले पिता जवाद जब्बार सैयद नाराज़ रहते थे। पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा था। 22

▶▶ उन्नाव से पत्नी की हत्या कर हुआ था फरार

मई 2011 को महंमद हारुन खान ने अपनी मां रिहाना और भाई के घर पर रहने के कारण दिनांक 24 मई 2011 को लगभग 00.30 बजे रिहाना और आरोपी पति जवाद जब्बार सैयद के बीच झगड़ा हुआ और उसने अपनी पत्नी के सोते समय उसके सिर पर बड़ा पत्थर फेंककर उसकी हत्या कर दी, जिसमें उसकी मौत हो गई, इस मामले में नालासोपारा पुलिस स्टेशन में आरोपी के ऊपर कलम 302 के तहत केस दर्ज किया गया था। मामला दर्ज होने के बाद से ही आरोपी जवाद जब्बार सैयद फरार हो गया था। पुलिस उपायुक्त (अपराध) एवं सहायक पुलिस आयुक्त (अपराध) द्वारा अभी तक अनसुलझे गंभीर एवं संवेदनशील हत्या के मामलों को सुलझाने के आदेश दिए गए थे। तदनुसार, चूंकि उपरोक्त अपराध अत्यंत गंभीर प्रकृति का है तथा उक्त अपराध के आरोपी को खोजने के लिए पूर्व में किए गए सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद भी उसे पिछले 15 वर्षों से नहीं खोजा जा सका है। तदनुसार, मध्यवर्ती अपराध शाखा के प्रभारी पुलिस निरीक्षक अविराज कुराडे ने सपोनिरी. दत्तात्रय सरक,सहा.फौज/आसिफ मुल्ला,पोहवा/संग्राम गायकवाड, महेश वेल्हे, शिवाजी पाटील,गोविंद केंन्द्र,हनुमंत सुर्यवंशी को शामिल करते हुए एक जांच टीम का गठन किया था। टीम को नालासोपारा पुलिस स्टेशन से अपराध के बारे में जानकारी मिली। पिछले 1 महीने से दिन-रात काम कर रही पुलिस टीम लगातार नालासोपारा क्षेत्र से आरोपी के बारे में जानकारी प्राप्त कर रही थी। पता चला कि आरोपी जावेद जब्बार सैयद अपने पैतृक गांव उन्नाव, लखनऊ, उत्तर प्रदेश में छिपा हुआ है। तत्काल उपरोक्त पुलिस टीम आरोपी के पैतृक गांव गई तथा आरोपी के मोबाइल फोन के तकनीकी विश्लेषण एवं गुप्त मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी अपने पैतृक गांव में रह रहा है।

ठाणे के हाइपरसिटी मॉल में लगी आग

▶▶ प्यूमा के जूते जलकर राख, लाखों रुपए का नुकसान

जागरूक टाइम्स संवाददाता

ठाणे। ठाणे के घोड़बंदर रोड, कासरवडावली स्थित हाइपर सिटी मॉल की पहली मंजिल पर स्थित प्यूमा जूतों की दुकान में आग लग गई। प्यूमा स्टोर के जूते जलकर राख हो गए, जिससे लाखों रुपए का नुकसान हुआ। यह घटना मंगलवार सुबह करीब आठ बजे ठाणे के कासरवडावली स्थित हाइपर सिटी मॉल में आग लग गई। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। आग की सूचना मिलते ही अग्निशमन दल व आपदा प्रबंधन अधिकारी मौके पर पहुंचे। और आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के कर्मचारी वाहनों के साथ, कासरवडवली पुलिस अधिकारी और कर्मचारी, एक बचाव वाहन के साथ अग्निशमन विभाग के कर्मचारी, दो दमकल गाड़ियां, दो ऊंचे अग्निशमन वाहन, टी.एम.पी. चिकित्सा अधिकारी 108 एम्बुलेंस और चिकित्सा अधिकारी उपस्थित थे। हालांकि, आपदा प्रबंधन विभाग ने बताया कि आग की घटना में कोई हताहत या घायल नहीं हुआ है। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। सुबह का समय होने के कारण मॉल में कोई कर्मचारी नहीं था, इसलिए एक अप्रिय घटना टल गई।

विस्तारीकरण कार्य को शिंदे की मंजूरी

मुंबई। पुणे स्थित महात्मा फुले वाडा और क्रांति ज्योति सावित्रीबाई फुले स्मारक के विस्तारीकरण के लिए भूमि अधिग्रहण और निवासियों के पुनर्वास हेतु उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने प्रशासनिक मंजूरी प्रदान की है। इन कार्यों के लिए 200 करोड़ रुपए की निधि स्वीकृत की गई है। इस प्रशासनिक मंजूरी से स्मारक के विस्तारीकरण कार्यों में तेजी आएगी। विस्तारीकरण के तहत भूमि अधिग्रहण और पुनर्वास के बाद फुले वाडा और सावित्रीबाई फुले स्मारक को जोड़ने के लिए एक मार्ग का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही, दोनों स्मारकों का संरक्षण और विकास किया जाएगा। प्रशासनिक मंजूरी के बाद, स्वीकृत निधि को पुणे नगर निगम को वितरित किया जाएगा, जिससे इन स्मारकों के कार्यों में तेजी आएगी।

- 200 करोड़ रुपए की निधि स्वीकृत

भायंदर पूर्व में 76वें गणतंत्रता दिवस पर काव्य गोष्ठी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

मुंबई। हिन्दी प्रचार एवं शोध संस्था मुंबई द्वारा न्यूसीब्यू, न्यू रविराज काम्प्लेक्स, जेसल पार्क चौपाटी, भायंदर पूर्व में 76 वें गणतंत्रता दिवस के अवसर पर संस्था कि 242वीं मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन डा.उमेश चंद्र शुक्ल के संयोजन में किया गया। इस अवसर पर डा. सुधाकर मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित कवि सम्मेलन में मिश्र ने 'ले प्रजातंत्र का सुख अनंत आया बसंत आया बसंत'। मुख्य अतिथि श्रेयस्कर पत्रिका के संपादक वरिष्ठ साहित्यकार डा. कृपाशंकर मिश्र ने 'जो समझते प्रेम की भाषा उसे ये प्रेम अर्पित है।' डा. उमेश चंद्र शुक्ल ने ग़ज़ल कहा 'शोलों से खेला हमने बस जुनून था, बुझते हुए चिरागों को जलाते रहेंगे' एवं 'दिल मेरा घटनाओं से अनजान नहीं था, भरा पूरा था परिवार कोई मेहमान नहीं था'।'पढ़ लिख जवां हुए तो हम मजबूर हो गए, अनपढ़ था मेरा गांव मगर मजबूर नहीं था'। ग़ज़ल पढ़ें तो मार्कंडेय त्रिपाठी ने 'विकसित राष्ट्र बनेगा भारत'। शिवपूजन सिंह 'गूर्दा मरीज़ का चुराते देखा'। विजय नाथ मिश्र ने 'उत्तर से दक्षिण तक देखा मेरा देश रंग बिरंगा है'। उपेन्द्र पाण्डेय ने 'जहां से प्यार मिटाने पर तुली है दुनिया'। अमरनाथ द्विवेदी ने 'आज गणतंत्र है'। अरुण दुबे 'जय भारती की जय जय हो'। गणतंत्रता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का संचालन संस्था के महासचिव डॉ.उमेश चंद्र शुक्ल ने किया एवं विजय नाथ मिश्र ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार धर्मेंद्र पाण्डेय, भोलानाथ तिवारी भारतांचली की विशेष गरिमामय उपस्थिति रही। मीरा-भाईंदर के पत्रकार एवं गणमान्य लोगों की सक्रिय सहभागिता ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। लोगों ने कार्यक्रम की भूरि भूरि सराहना किया।

हिन्दी प्रचार एवं शोध संस्था का १४१वां आयोजन

ठाणे में 20 लोगों को सुरक्षित निकाला

जागरूक टाइम्स संवाददाता

ठाणे। ठाणे (पश्चिम) के पांचपखाड़ी, कचहरी झील के पीछे रायगढ़ गली में एक भूतल प्लस 15 मंजिला इमारत है। कृष्णा सोसायटी की सातवीं से 15वीं मंजिल तक की इलेक्ट्रिक डक्ट में 28 जनवरी को शाम करीब 4:40 बजे आग लग गई। बिजली के तारों में आग लगने से धुएं का गुबार उठने लगा। प्रारंभिक अनुमान है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। आपदा प्रबंधन विभाग ने बताया कि इमारत में मौजूद 20 नागरिकों को बाहर निकाल लिया गया और आधे घंटे के भीतर आग पर काबू पा लिया गया। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। मुख्य अग्निशमन अधिकारी गिरीश झलके, आपदा प्रबंधन प्रमुख यासीन तड़वी, दमकल कर्मी दमकल गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंचे थे।

नवी मुंबई मनपा आयुक्त ने किया सम्मानित

लेखक अच्युत पालव को 'पद्मश्री' पुरस्कार

जागरूक टाइम्स संवाददाता

नवी मुंबई। भारत सरकार द्वारा गणतंत्र दिवस की पूर्वसंध्या पर घोषित किए गए पद्म पुरस्कारों में विश्वविख्यात सुलेखनकार अच्युत पालव को 'पद्मश्री' जैसा प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार घोषित किया गया है। इस उपलक्ष्य में नवी मुंबई मनपा आयुक्त और प्रशासक डॉ. कैलास शिंदे ने उनके निवास पर जाकर उनका अभिनंदन करते हुए उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर आयुक्त के साथ अतिरिक्त आयुक्त सुनील पवार, शहर अभियंता शिरीष आरदवाड, प्रशासन विभाग के उप आयुक्त शरद पवार, और समाज विकास विभाग के उप आयुक्त किसनराव पलांडे उपस्थित थे। सुलेखनकार अच्युत पालव को 'पद्मश्री' जैसा अत्यंत प्रतिष्ठित पुरस्कार मिलने से नवी मुंबई शहर का गौरव बढ़ा है और यह हर नवी मुंबईकर के लिए गर्व की बात है। यह भावना व्यक्त करते हुए मनपा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे ने नवी मुंबई के शहर सौंदर्यीकरण में अच्युत पालव के अमूल्य योगदान का विशेष उल्लेख किया। स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत नवी मुंबई मनपा द्वारा चलाई गई चित्रकविताभित्ती (आर्ट वॉल) की अभिनव पहल, अच्युत पालव की सुलेखन कविताओं के माध्यम से सफल हुई थी। इस पहल की प्रशंसा पूरे महाराष्ट्र में हुई और इसे राष्ट्रीय स्तर पर भी मान्यता मिली। मराठी भाषा गौरव दिन के अवसर पर, वे अपने सुलेखन के छात्रों के साथ वाशी स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज चौक के प्रदर्शनी क्षेत्र में मनपा के सहयोग से मराठी सुलेखन प्रदर्शनी का आयोजन करते हैं। स्वच्छ नवी मुंबई मिशन के तहत वे मनपा के ब्युटिफिकेशन आइकन हैं।

चालीस से अधिक वर्षों से सुलेखन क्षेत्र में समर्पण और विशेष रूप से लिपियों के लिए अद्वितीय योगदान देने वाले अच्युत पालव को 'पद्मश्री' पुरस्कार से सम्मानित होते देख, उन्होंने कहा कि नवी मुंबई का नागरिक होने पर उन्हें गर्व है।

- समस्त नवी मुंबईकरों की ओर से यह सम्मान : अच्युत पालव

ठाणे कामगार हॉस्पिटल की सड़क पर फैला तेल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

ठाणे। ठाणे के ज्ञानेश्वर नगर इलाके में कामगार अस्पताल की ओर जाने वाली सड़क पर मंगलवार दोपहर करीब 3:48 बजे अज्ञात वाहन से तेल फैलने की घटना हुई। इस वजह से सड़क पर यातायात जाम हो गया। आपदा प्रबंधन विभाग ने मिट्टी डालकर यातायात मार्ग को साफ किया।

MAHATRANSCO Maharashtra State Electricity Transmission Co. Ltd.

E-TENDER NOTICE

MSETCL SRM invites online RFx (Ex. e-Tender) from the Registered Contractors for MAHATRANSCO e-Tendering (SRM) website for below mentioned work.

E-tender No./ RFx No.**7000035039** - Name of work: **"Work installation and commissioning of AMR Meters at 220kV AKP Substation."** Estimated Cost: **Rs.7,34,789.94/-** with Tender Fees: Rs. 500/-+ GST.

Date for Sale and Submission of the e-Tender Documents: From 29.01.2025 @ 11.00 Hrs to 12.02.2025 @11.00 Hrs. For detailed information visit our website: https://srmetender.mahatransco.in

For detailed information visit our website: https://srmetender.mahatransco.in

Sd/-
Superintending Engineer, Protection, Automation and Communication Circle, Vashi.

MAHATRANSCO Maharashtra State Electricity Transmission Co. Ltd.

E-TENDER NOTICE

MSETCL SRM invites online RFx (Ex. e-Tender) from the Registered Contractors for MAHATRANSCO e-Tendering (SRM) website for below mentioned work.

2nd **Call** E-tender No./ RFx No. **7000034886** Name of work: **"Replacement of old numerical non-directional back up relays of 33/22/11 kV feeders at various substations under Vashi Zone."** Estimated Cost: **Rs.40,71,000/-** with Tender Fees: Rs. 500/- + GST.

Date for Sale and Submission of the e-Tender Documents: From 27.01.2024 @ 11.00 Hrs to 06.02.2025 @11.00 Hrs. For detailed information visit our website: https://srmetender.mahatransco.in

For detailed information visit our website: https://srmetender.mahatransco.in

Sd/-
Superintending Engineer, Protection, Automation and Communication Circle, Vashi

पश्चिम मध्य रेल

ई-टेण्डरींग सूचना - 07/2024-25, दि. 27.01.2025

उपमुख्य अभियंता (ट्रैक मशीन), पश्चिम मध्य रेल, भोपाल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए काम करते हुये ई–टेण्डरींग द्वारा निम्नलिखित सामग्री/मदों की आपूर्ति के लिए निविदाएं आमंत्रित करते है। टेन्डर प्रपत्र वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर दिनांक 27.01.2025 को अपलोड कर दिये गये है। अतः पूर्ण जानकारी वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। इन निविदाओं में कोई संशोधन, यदि आवश्यक हुआ तो टेन्डर खुलने की तिथि से 10 दिन पहले वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा इनको वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। जिसकी सूचना उपमुख्य अभियंता (ट्रैक मशीन), भोपाल कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी लगाया जायेगा। जिसे टेन्डर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है। सभी निविदाकारों को सूचित किया जाता है कि निविदा डालने से पहले वेबसाईट देख ले। **क्र. 1. कार्य का नामः ओवरहॉलिंग ऑफ टेम्पिंग यूनिट ऑफ T-EXP/DTE मशीन वर्किंग इन डब्ल्यूसीआर (Qty. 03 सेट्स i.e. 12 यूनिट्स, 06 आरएचएस एंड 06 एलएचएस)। टेण्डर नं.:** डब्ल्युसीआर बीपीएल टीएम 24 डब्लू 11, दिनांक 27.01.2025. **निविदा का अनुमानित मूल्यः** ₹ 2,90,79,244.44. **बयाना राशिः** ₹ 2,95,400/-. **समापन अवधिः** 12 माह। **खुलने की तिथिः** 21.02.2025.

उपमुख्य अभियंता(टी.एम.)भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

MAHATRANSCO Maharashtra State Electricity Transmission Co. Ltd.

E.H.V. Civil Const. cum Maint. Division, Panvel
SRM e-Tender Notice No. 10/2024-25

Online bids (SRM e-Tenders) are invited for following works from the registered contractors. :

SRM e-Tender No.	RFx no.	Name of work	Estimated cost in Rs.
47/2024-25	7000035006	Repairing/Construction of concrete road at 220KV Tambati Substation. (IInd Call)	4787612.00

For detailed information, please see SRM e-Tender section of our website: www.mahatransco.in. Contact person: Dy. Executive Engineer (Civil), Panvel. Telephone No. (022)27480325/ Mob no. 9765644291

Sd/-
Executive Engineer (Civil), Panvel

ई-निविदा सूचना संख्या. केआईआर/ईएनजीजी/03 ऑफ 2025 तारीखः 13-01-2025 के विपरीत संशोधनी संख्या. 01

वरिष्ठ डीईएन/III/कटिहार एवं डीईएन/लाइन/कटिहार अधिक्षेत्र के अधीन वेलडिंग के कमप्रेसड एयर प्रीहिटिंग सिस्टम एवं सिंगल शॉट क्रूसिबल मेथॉड इस्टेमाल कर 52 केजी 90 यूटीएस रेल एवं 60 केजी/60ई1 आर 260 ग्रेड के लिए एटी वेलडिंग पोर्शन के प्रस्तुतकरण एवं आपूर्ति कार्य हेतु डीआरएम (वर्कस)/कटिहार की **सूचना संख्या. केआईआर/ईएनजीजी/03 ऑफ 2025 (निविदा संख्या. 03) तारीख 13-01-2025** के जरिये कार्य ठेका की ई-टेंडरिंग के विपरीत नोटिस हेतु संशोधनी।

निविदा सूचना संख्या. केआईआर/ईएनजीजी/03 ऑफ 2025 (निविदा संख्या. 03) तारीखः 13-01-2025 हेतु बंद एवं खुलने की तारीख कृपया निम्नलिखित टेबल पर दिए गए अनुसार पढ़ेः

निविदा की मौजूदा बंद एवं खुलने की तारीख एवं समय		निविदा की संशोधित बंद एवं खुलने की तारीख एवं समय	
10-02-2025 तारीख के 15.00 बजे में	10-02-2025 तारीख के 15.30 बजे में	17-02-2025 तारीख के 15.00 बजे में	17-02-2025 तारीख के 15.30 बजे में

उपरोक्त निविदा के अन्य सारी नियम एवं शर्तें अपरिवर्तित रहेगी।

डीआरएम (डब्ल्यू),कटिहार

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में

मल्टी-सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटरों का प्रावधान

ई-निविदा सूचना सं. एन-2024-के-34, दिनांकः 24-01-2025। निम्नलिखित कार्यों के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नामः**- किशनगंज, न्यू जलपाईगुड़ी और कटिहार यार्ड में जलभराव से प्रभावित ट्रैकों में मल्टी-सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटरों का प्रावधान। निविदा मूल्यः ₹8,04,88,409/-। धरोहर राशिः ₹5,52,500/-। **ई-निविदाएं** 17-02-2025 को 15:00 बजे **बंद होंगी** और 17-02-2025 को 15.30 बजे **खुलेंगी**। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा कागजात के साथ संपूर्ण सूचना वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर 17-02-2025 को 15:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगी।

डीआरएम (एसएंडटी), कटिहार

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

शार्प कर्व पर ट्रैक की रि-गेजिंग

ई-निविदा सूचना संख्या. LMG/Engg/09 of 2025 तारीखः 23-01-2025। नीचे उल्लेखित कार्यों के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदा आमंत्रित किया गया हैं। **आईटम का संक्षिप्त विवरणः** एडीईएन/एचजीएस अधिक्षेत्र के अधीन लामडिंग-बदरपुर पहाड़ी खंड पर 68/0-146/7 के बीच के शार्प कर्व पर ट्रैक की रि-गेजिंग का कार्य। **निविदा राशिः** ₹87,87,556.78/-**धरोहर राशिः** ₹1,75,800/-। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः 18-02-2025** तारीख के **15.00** बजे में **एवं खुलेगीः 19-02-2025** तारीख के **15.00** बजे में। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा प्र-पत्र के साथ संपूर्ण विवरण आगामी **18-02-2025** तारीख के **15.00** बजे तक **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

डीआरएम (डब्ल्यू), लामडिंग

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में

कर्मभाव का क्रिया में रूपांतरण : श्री श्री आनन्दमूर्ति

एक बार एक साधक ने प्रश्न किया कि आध्यात्मिक प्रगति की चर्चा आज के समय में सभी जगह हो रही है। पूरी दुनिया आध्यात्मिक प्रगति की दिशा में जिज्ञासु बन रही है। कृपया इसे समझाने की कृपा करें। आध्यात्मिक प्रगति के तीन स्तर हैं। ऐसे जिज्ञासु के लिए तीन मार्ग खुल हुए हैं- ज्ञान, कर्म और भक्ति। अब देखना यह है कि इन दिनों उपायों को मनुष्य किस प्रकार से अपनाता है। एकमात्र परमपुरुष ही मन की सीमा के बंधन से बाहर हैं। इसलिए ज्ञान को पूर्णता से प्राप्त करने के लिए उनकी हायता लेनी ही होगी। आत्म ज्ञान ही एकमात्र ज्ञान है, बाकी ज्ञान एक सूचना भर है। वह ज्ञान का झलक है। यानी की छाया की छाया है। मानसिक आध्यात्मिक प्रगति का प्रथम लक्ष्य है सत्यम। वही ज्ञानम् अनन्तम्। 'सत्' शब्द से सत्य आया है। यानी जो है और सदा रहेगा उसके स्वीकृत रूप को कहते हैं सत्य। सत्य सीमा के भीतर और बाहर भी काम कर सकता है। इसलिए यह व्यक्त और अव्यक्त दोनों जगत को जोड़ने का काम कर सकता है। सत्य की सहायता से ही मनुष्य अपने लक्ष्य तक पहुंच सकता है। ज्ञान प्राप्त करने की प्रक्रिया को सामान्य भाषा में कहा जाता है, कर्मभाव का क्रिया में रूपांतरण। अब जो कुछ भीतर या बाहर है, उस सत्ता को किसी प्रकार आत्मसात कर सकने को ही कहा जाएगा पराज्ञान। और जहां इस प्रकार पूरापूरी आत्मसात नहीं हुआ, उसे कहा जाएगा, अपराज्ञान या आपेक्षिक ज्ञान। इसलिए परम लक्ष्य तक पहुंचने के लिए, केवल सत्य ही नहीं, इसे आत्मसात का भी प्रयोजन है। अब दूसरा उपाय है कर्म। जीव बंधनयुक्त है। जब कर्म के द्वारा साधक की बंधन मुक्ति होगी, तब कर्म को भी अवश्य ही गुण प्रभावमुक्त होना होगा। क्योंकि मानसिक क्षेत्र में बहुत प्रकार के बंधन काम करते हैं। इसलिए मन को बंधन के बाहर ले जाने के लिए उसे किसी ईश्वरीय सत्ता के साथ जोड़ना होगा। इसलिए केवल कर्म के माध्यम से मनुष्य कैसे परमपद को पा सकता है? मान लो, किसी के दाईं तरफ पुस्तक है, अब वह पुस्तक को हटाकर बाईं ओर रख देता है। पुस्तक के स्थानांतरण की जो क्रिया है, काल और स्थान के परिवर्त्तन के साथ-साथ बदल जाती है। इसलिए इस प्रकार के कर्म-संपादन के जरिए मनुष्य चरम आध्यात्मिक अवस्था या जीवन के अंतिम लक्ष्य में नहीं पहुंच सकता है। शास्त्र में कहा गया है- कर्म ही ब्रह्म है। इसलिए अधिक से अधिकतर कर्म का अनुष्ठान करो। अब कर्म का अर्थ है वस्तु का स्थान परिवर्त्तन और स्थान है एक आपेक्षिक सत्ता। इसलिए कर्म के जरिए मनुष्य कैसे मुक्ति-मोक्ष पा सकता है? इस प्रसंग में और एक प्रश्न आ सकता है। अब तृतीय उपाय है भक्ति। भक्ति योग शुरु होता है मानसिक स्तर से, पर उसका लक्ष्य रहता है मानसिक परिधि के बाहर। भक्ति योग के प्रारंभ में मनुष्य प्रकृति के तीन बंधनों से युक्त अवस्था में रहता है। पर साधना में वह क्रमशः आगे बढ़ता हुआ अंत में मानसिक परिधि के मुक्त अवस्था में प्रतिष्ठित हो जाता है। यह कैसे होता है? मनुष्य यदि किसी जागतिक विषय में अपनी मानसिक-वृत्ति को बंधनों से युक्त करे तब वह ईश्वरीय भाव को समझ नहीं सकता । वह तो तमोगुणी बंधन धर्मी है, इसलिए प्रकृति के बंधनों से युक्त है।

प्रस्तुति : दिव्यचेतनानन्द अवधूत

आचोले लिंक रोड परिसर में खेल मैदान की मांग

वसई। नालासोपारा पूर्व के आचोले लिंक रोड परिसर में युवाओं के लिए खेल का मैदान नहीं है। ऐसे में युवा खिलाड़ियों को खेलने के लिए अन्य मैदान या टर्फ तलाशने की जरूरत पड़ती है। विधानसभा चुनाव 2024 में भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक राजन नाईक ने अपने संकल्प पत्र में विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत युवाओं के लिए मैदान उपलब्ध करने का संकल्प लिया था। युवाओं की समस्या और वादे को पूरा करने के लिए नालासोपारा पूर्व के यशवंत विवा टाउनशिप में सर्वे नं.49 जो कि मैदान के लिए आरक्षित है। इस मैदान के निर्माण को लेकर भाजपा जिला सचिव शशिकांत दुबे ने विधायक राजन नाईक को पत्र लिखकर ध्यान आकर्षित कराया,जिस पर विधायक ने संज्ञान लेते हुए वसई विरार शहर मनपा आयुक्त अनिल कुमार पवार को पत्र लिखकर त्वरित खेल मैदान निर्माण करने का दिशा निर्देश दिया है। टाउनशिप में युवाओं के लिए मैदान नहीं होने के कारण युवा खिलाड़ी खेल के मैदान की सुविधा से वंचित हैं।

मीठे पानी में मछली पालन बढ़ाने की बने नीति : सीएम

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

मुंबई। राज्य में मीठे पानी में अंतर्देशीय मछली पालन के लिए बड़ी संभावनाएं हैं। वर्तमान में इस मछली पालन में वृद्धि करने के लिए एक नीति तय की जानी चाहिए। इसके साथ ही मछली बीज की उपलब्धता को बढ़ाने के लिए भी नीति तैयार की जाए। यह निर्देश मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दिए। सह्याद्री अतिथिगृह में मत्स्य व्यवसाय विभाग की 100 दिनों की योजना की मुख्यमंत्री श्री फडणवीस ने विस्तृत समीक्षा करते हुए यह निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री फडणवीस ने कहा कि अंतर्देशीय मछली पालन को बढ़ाना आवश्यक है। मीठे पानी में मछली पालन के लिए मछली बीज की उपलब्धता अत्यंत महत्वपूर्ण है।

मछली उत्पादन को प्रोत्साहन दिया जाए

राज्य में जहां-जहां मछली बीज उत्पादन में अच्छा काम हो रहा है, उन्हें प्रोत्साहन और निधि दी जानी चाहिए। इसके साथ ही समुद्री मछली पालन के लिए भी व्यापक नीति तैयार की जानी चाहिए। केंद्र सरकार ने मत्स्य व्यवसाय को कृषि व्यवसाय का दर्जा दिया है। केंद्र के नियमों के अनुसार राज्य के मछली पालकों को लाभ पहुंचाने की कार्रवाई की जानी चाहिए। इसके अलावा, बांध क्षेत्रों में मछली पालन व्यवसाय के लिए भी समग्र नीति तैयार की जाए।

विभाग का विवरण कंप्यूटरीकृत प्रस्तुति के माध्यम से

मत्स्य व्यवसाय विभाग के सचिव डा. रामास्वामी एन. ने विभाग का विवरण कंप्यूटरीकृत प्रस्तुति के माध्यम से दिया। इसमें प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, समुद्री क्षेत्र में किए जा रहे ड्रोन सर्वेक्षण, मछली पकड़ने वाली नौकाओं और मछली पालकों को दी जाने वाली सब्सिडी और सुविधाएं, मत्स्य व्यवसाय को बढ़ाने के लिए बनाए जा रहे मछली बंदरगाह, मछली बाजार, मरोळ में अंतरराष्ट्रीय मछली बाजार जैसी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। बैठक में पर्यावरण मंत्री पंकजा मुंडे, मत्स्य व्यवसाय मंत्री नितेश राणे, खेल मंत्री दत्तात्रेय भरणे, राहत और पुनर्वास मंत्री मकरंद जाधव पाटील, मुख्य सचिव सुजाता सौनिक, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विकास खारगे, प्रधान सचिव अश्विनी भिड़े, सचिव डॉ. श्रीकर परदेशी और संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव और सचिव उपस्थित थे।

फोर्ट में काला घोड़ा कला महोत्सव

पर्यटकों को आकर्षित कर रहे बचत समूहों के उत्पाद

▶▶ महिलाओं को आय अर्जित करने का सुनहरा मौका

मुंबई। मुंबई के फोर्ट इलाके में इन दिनों काला घोड़ा कला महोत्सव चल रहा है। इस महोत्सव का आनंद लेने के लिए न केवल मुंबई से, बल्कि देशभर से पर्यटक आ रहे हैं। बृहन्मुंबई महानगरपालिका द्वारा आर्थिक सहायता प्राप्त बचत समूहों ने भी इस महोत्सव में अपने स्टॉल लगाए हैं। महिलाओं द्वारा कलात्मकता और कौशल के साथ तैयार किए गए आभूषण, घरेलू उपयोग की वस्तुएं, खाद्य सामग्री, और सौंदर्य प्रसाधन पर्यटकों को खूब भा रहे हैं। इस अवसर से बचत समूहों से जुड़ी महिलाओं को आय अर्जित करने का भी मौका मिल रहा है। कला और कलाकारों के छुपे हुए गुणों को उभारने के लिए काला घोड़ा महोत्सव विशेष रूप से जाना जाता है। यह महोत्सव नए कलाकारों को अपनी कला को प्रदर्शित करने और प्रेरणा पाने का अवसर प्रदान करता है। इस वर्ष यह महोत्सव 25 जनवरी से शुरू हुआ है और 2 फरवरी तक चलेगा। इस महोत्सव में मुंबई समेत देशभर के कलाकारों ने अपनी कला प्रदर्शनियों के जरिए हिस्सा लिया है। आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को सक्षम बनाने के लिए मनपा लगातार विभिन्न योजनाओं को लागू करती है। मनपा के नियोजन विभाग के

माध्यम से महिला बचत समूहों को आर्थिक सहायता दी जाती है। इन महिला बचत समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान और प्रचार मिले तथा इसके माध्यम से महिलाओं को आर्थिक लाभ हो, इसके लिए मनपा विभिन्न मंच उपलब्ध कराती रहती है।

अमृता देवेंद्र फडणवीस को 'वुमन ऑफ द ईयर' पुरस्कार

मुंबई। जेसीआई मरीन लाइंस ने 'वुमन ऑफ द ईयर' पुरस्कार श्रीमती अमृता देवेंद्र फडणवीस (प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता, बैंकर,अभिनेत्री और गायिका) को उनके निवास सागर बंगला, मलाबार हिल पर प्रदान किया। इस अवसर पर एमएलजेसीसी ट्रस्ट के अध्यक्ष जेसीआई सीनेटर बाबूलाल डी.गांधी, पीआर कमेटी सलाहकार जेसीआई सीनेटर बाबूलाल संघवी,पीआर चेयरमैन जेसीआई सीनेटर छबील अदानी, को-चेयरमैन जेएफएम प्रवीण अंगारा और अन्य गवर्निंग बोर्ड के सदस्य उपस्थित थे। श्रीमती अमृता देवेंद्र फडणवीस ने इस सम्मानित पुरस्कार के लिए जेसीआई मरीन लाइंस का आभार व्यक्त किया। अध्यक्ष जेसी एचजीएफ अरुण संघवी ने इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया। सचिव 2025 जेसी हितेश आर.भंसाली ने सभी पूर्व अध्यक्षों, आमंत्रित अतिथियों और वरिष्ठ सदस्यों का इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए धन्यवाद दिया।

स्पैरो शेल्टर संस्था के अध्यक्ष प्रमोद माने सम्मानित

मुंबई। बिग मंडी वेल्फेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम कोल्हापुर में स्पैरो शेल्टर संस्था के अध्यक्ष प्रमोद माने को 'गौरैया बचाओ-पर्यावरण बचाओ' के लिए किए गए उल्लेखनीय कार्य के लिए वीवीआईपी इंडियन ब्राण्ड आईकन अवार्ड 2024-25 से नवाजा गया। विगत 25 वर्षों से प्रमोद माने स्पैरो शेल्टर संस्था के माध्यम से पूरे भारत में 'गौरैया बचाओ-पर्यावरण बचाओ' के लिए कार्य कर रहे हैं। गौरैया की रक्षा के लिए देश के विभिन्न प्रांतो में संस्था द्वारा गौरैया के घरौंदे लगाए गए जिससे गौरैया की रक्षा की हो सके।

लोकमान्य हाईस्कूल-कॉलेज में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

वसई। नालासोपारा पूर्व स्थित लोकमान्य हाई स्कूल व जूनियर कॉलेज में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर संस्था की कोषाध्यक्ष श्रीमती नमिता सिंह ने ध्वज फहराया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए श्रीमती नमिता सिंह ने तिलक जी, विद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय डा. रामसागर सिंह तथा मां सरस्वती की मूर्ति पर

माल्यार्पण किया। जूनियर कॉलेज की प्राचार्या श्रीमती मीनू राय, अंग्रेजी माध्यम की मुख्याध्यापिका श्रीमती सबिहा कापडी, हिंदी हाई स्कूल के प्राचार्य श्रीदेवी शरण सिंह, हिंदी प्राथमिक विद्यालय के मुख्याध्यापक कैलाश श्रीवास्तव ने दीप प्रज्जवलित किया। विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट, गीत, भाषण, नृत्य व एकांकी के माध्यम से स्वतंत्रता सेनानी को याद किया। शैक्षणिक पुरस्कारों से विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

भारत जैन महामंडल ने मनाया गणतंत्र दिवस

मुंबई। मुंबई स्थित चंद्र प्रभु चौक में भारत जैन महामंडल दक्षिण मुंबई शाखा द्वारा प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी 76वां गणतंत्र दिवस बड़े धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ शाखा सचिव मंगलचंद सेठ ने कोषाध्यक्ष भरत ललवानी संस्थापक अध्यक्ष अशोक पारेख निर्वतमान अध्यक्षा दीपिका वाय. शाह वर्तमान अध्यक्ष रमेश जैन को मंच पर आंमत्रित किया। अध्यक्ष रमेश जैन ने सभी पदाधिकारीगण, पूर्व अध्यक्षों, सदस्यगणों का हार्दिक स्वागत किया और गणतंत्र दिवस की शुभकामनाए दी। संस्थापक अध्यक्ष अशोक पारेख ने गणतंत्र दिवस पर शुभेच्छा दी। पूर्व अध्यक्षा विद्या उत्तम शाह ने गणतंत्र दिवस का महत्व बताया। निर्वतमान अध्यक्षा दीपिका योगेश शाह ने वंदेमातरम का गान किया और सामूहिक नवकार मंत्र मंगलाचरण करवाया। संस्थापक अध्यक्ष अशोक पारेख वर्तमान अध्यक्ष रमेश जैन एंव पूर्व अध्यक्षो ने मिलकर तिरंगा फहराया। ध्वज को सामूहिक सलामी देकर राष्ट्र गीत का गान किया। मंच का संचालन सचिव मंगलचंद सेठ ने बखूबी से सफलतापूर्वक संपन्न किया।

उन्नति फाउंडेशन का सरस्वती पूजन दो को

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

मीरा भायंदर। उन्नति फाउंडेशन मीरा रोड ने दो फरवरी को मीरा रोड के बप्पा सीताराम मैदान में भव्य सरस्वती पूजन एवं माता की चौकी का आयोजन किया है। फाउंडेशन के आलोक सिंह ने बताया कि सुबह 11 बजे से कार्यक्रम की शुरुवात होगी और रात 10 बजे महाप्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। उन्नति फाउंडेशन विगत कई वर्षों से शहर में सरस्वती पूजन का आयोजन करते आ रहा है। फाउंडेशन के कैलाश विश्वकर्मा ने बताया कि सैकड़ों लोग इस कार्यक्रम में शिरकत करते है। इस बार संख्या और बढ़ सकती है। फाउंडेशन के अध्यक्ष संतोष सिंह ने बताया कि उन्नति फाउंडेशन सांस्कृतिक कार्यक्रम के जरिए लोगों को जोड़ने और जागरूक करने का कार्य करता है हमारा उद्देश्य सनातन धर्म को मजबूत करना है। इस अवसर पर उन लोगों को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने समाजसेवा में विशेष योगदान दिया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में अशोक शुक्ला, एडवोकेट हरेंद्र सिंह,संतोष तिवारी,अजय पांडेय,डॉ प्रणव त्रिपाठी,संजय सिंह,राजा शुक्ला,राजनाथ मिश्रा,सुजीत सिंह, सुरेंद्र पांडेय,संतोष शुक्ला,रवींद्र सिंह ,पंकज सिंह सहित अन्य सदस्य सक्रिय है।

नालासोपारा पश्चिम एसटी डिपो प्रमुख को ज्ञापन

नालासोपारा। शिवसेना प्रमुख उद्धव बालासाहेब ठाकरे (यूबीटी)के आदेश पर 28 जनवरी को पश्चिम के एस.टी.डिपो पर किराया वृद्धि के खिलाफ चक्का जाम विरोध प्रदर्शन किया गया। किराया वृद्धि को कम करने के लिए नालासोपारा पश्चिम एसटी डिपो प्रमुख नवनीत गावित को एक ज्ञापन पत्र दिया गया। इस अवसर पर, (शिवसेना-यूबीटी) के पूर्व जिला प्रमुख शिरीष दादा चव्हाण,तालुका प्रमुख स्वप्निल बांदेकर, उप जिला संघटक भारती गावडे,तालुका संघटक प्रभा सुर्वे,जिला प्रमुख शिव वाहतुक सेना आनंद चोरघे,जिला सहसचिव हरिश्चंद्र पाटील, युवती जिला अधिकारी भक्ति दांदेकर,शहरप्रमुख प्रदिप सावंत, प्रणव खामकर, उदय जाधव, शहरसंघटक रुचिता विश्वासराव,पवित्रा चंदा, शिला लष्करे, वंदना नांदविलकर, अल्पसंख्यांक सेना अजहर खान, शहर सचिव श्रीकांत सणस और पदाधिकारी शिवसैनिक, महिला आघाडी, युवासेना,आदि उपस्थित थे।

▶▶ यूबीटी का एस.टी. किराया वृद्धि के खिलाफ चक्का जाम

मंत्री जोगाराम पटेल के पास आया मैसेज

दलपत हींगड़ा बने बीजेपी जिलाध्यक्ष

▶▶ पर्ची नहीं मोबाइल से निकला जिलाध्यक्ष का नाम

जागरूक टाइम्स संवाददाता

जैसलमेर। जैसलमेर में मंगलवार को बीजेपी जिलाध्यक्ष की घोषणा हुई। इस बार पर्ची से नहीं, बल्कि मोबाइल से दलपत हींगड़ा का नाम बताकर घोषणा की गई। जैसलमेर के बीजेपी कार्यालय में विधि मंत्री जोगाराम पटेल ने निर्वाचन अधिकारी बिहारीलाल विश्नोई को मोबाइल दिखाकर नाम बताया और विश्नोई ने सबके सामने दलपत हींगड़ा को निर्विरोध जिलाध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा की।

दलपत हींगड़ा के जिलाध्यक्ष बनाए जाने के बाद सभी ने उनको माला पहनाकर और मुंह मीठा करवाकर बधाई दी।

गौरतलब है कि जिले में जिलाध्यक्ष के लिए 11 लोगों ने आवेदन किए थे। मंगलवार को निर्विरोध जिलाध्यक्ष की घोषणा की गई। प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर जिले में पहला दलित जिलाध्यक्ष बनाया गया।

'पार्टी के मूल्यों पर खरा उतरने की पूरी कोशिश'

जिलाध्यक्ष की घोषणा के बाद दलपत हींगड़ा ने बताया कि ये बहुत बड़ी जिम्मेदारी है और वो पार्टी के छोटे से कार्यकर्ता से जिलाध्यक्ष बने हैं इसलिए जिम्मेदारी और भी ज्यादा बढ़ जाती है। वे अपनी जिम्मेदारी को पूरी मेहनत के साथ निभाएंगे और पार्टी के मूल्यों पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे।

विधायक महंत प्रतापपुरी की पसंद दलपत हींगड़ा

दरअसल, दलपत हींगड़ा पोकरण के राजमथाई के रहने वाले हैं। वे एससी वोट बैंक से आते है। पोकरण विधानसभा के है। बताया जा रहा है कि वे पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी की पसंद है। पोकरण विधायक भी यही चाहते हैं कि इस बार जिलाध्यक्ष पोकरण से बने। भाजपा में हिंगड़ा को जिलाध्यक्ष बनाने के पीछे भाजपा द्वारा कांग्रेस के एससी-एसटी व मुस्लिम गठबंधन में सेंधमारी की संभावना जताई जा सकती है।

रेगिस्तान में फिर बदला मौसम

- दिन में गर्मी का एहसास
- दिन-रात का तापमान बढ़ा
- न्यूनतम पारा पहुंचा 12 डिग्री

जागरूक टाइम्स संवाददाता

बाड़मेर। रेगिस्तानी बाड़मेर में सुबह से आसमान में बादल छाए हुए है। सूरज और बादलों की बीच आंख मिचौली का खेल चल रहा है। इससे तेज धूप भी नहीं खिली है। सर्दी में लगातार उतार-चढ़ाव का दौर चल रहा है। मंगलवार को न्यूनतम तापमान बढ़कर 12 डिग्री पहुंच गया। वहीं अधिकतम तापमान 30 डिग्री के पास पहुंच गया है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में मौसम स्थिर रहने की संभावना जताई है। मौसम इन दिनों बदल रहा है। कभी तेज धूप से गर्मी तो कभी शीत लहर की वजह से सर्दी दस्तक दे रही है। ये ही वजह है कि इन दिनों रात और दिन का तापमान के पारे में 18-20 डिग्री का अंतर दर्ज किया जा रहा है। जनवरी में दूसरी बार पारा 30 डिग्री पार चला गया। सोमवार को न्यूनतम तापमान 11.2 डिग्री और अधिकतम तापमान 30.1 डिग्री दर्ज किया गया है। मंगलवार को न्यूनतम तापमान में चढ़कर 12 डिग्री पहुंच गया। दिन में तेज धूप से गर्मी का एहसास हो रहा है, वहीं रात में इन दिनों सर्दी पड़ रही है। तापमान के ऊपर-नीचे होने और बार-बार सर्द-गर्म होने से फसलों में रोग पड़ने की संभावना बढ़ जाती है। सोमवार को दिन में गर्मी का असर देखने को मिला। इस बार सर्दी देर से आई। इस वजह से किसानों ने रबी की बुवाई भी देरी से की। अभी तक फसलों का एक-डेढ़ माह तक पकने का इंतजार रहेगा। इस बीच मौसम में हो रहे बदलाव से किसानों की चिंता बढ़ा दी है। सुबह से आसमान में बादलों की आवाजाही चल रही है। सूरज और बादलों के बीच आंख मिचौली का खेल चल रहा है। हालांकि सर्दी का असर बादलों से कम हुआ है। लेकिन बार-बार बदलते मौसम से बीमारियों का प्रकोप भी बढ़ रहा है।

आदिवासियों के उत्थान को हर संभव प्रयास करेंगे : चौधरी

▶▶ आदिवासी समाज के उत्थान को लेकर राज्य सरकार संकल्पबद्ध

▶▶ ग्राम पंचायत भांडियावास के राजस्व ग्राम हेमपुरा में नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास

जागरूक टाइम्स संवाददाता

बालोतरा। आदिवासी समाज के उत्थान को लेकर राज्य सरकार संकल्पबद्ध है। हेमपुरा ढंड भीलों की ढाणी में विकास को लेकर कोई कसर नहीं रखी जाएगी। चिकित्सा सुविधा सुलभ मिल सके इसके लिए यहां 55 लाख रुपए के बजट से उप स्वास्थ्य केंद्र भवन बनाया जा रहा है। आज नींव रखी है, छह माह में इसका लोकार्पण हो जाएगा। हम जो वादा करते हैं, उसे पूरा करने का वचन भी देते हैं। यह बात पचपदरा विधायक डा. अरुण चौधरी ने ग्राम पंचायत भांडियावास के राजस्व ग्राम हेमपुरा में नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र के शिलान्यास के दौरान कही। विधायक चौधरी ने निवर्तमान सरपंच व प्रशासक सुमन कंवर चारण की मांग पर शिलान्यास कार्यक्रम में वादा किया कि विधायक कोष से शहीद बिरसा मुंडा व टांटिया मामा प्रतिमाएं लगाकर हेमपुरा में एक अच्छा पार्क बनाया जाएगा। जहां आदिवासी भाइयों के बच्चे व बुजुर्ग घूम सके, खेल सके। इससे पहले पं. अशोक श्रीमाली के मंत्रोच्चारण के साथ नींव का मुहूर्त हुआ और पट्टिका का अनावरण किया गया। पंचायत समिति सदस्य नारायणराम भील ने गांव की समस्याएं विधायक के सामने रखी, जिनका शीघ्र निराकरण करवाने का विधायक ने आश्वासन दिया। इस दौरान जितेंद्रसिंह मूंगड़ा, रामसीन निवर्तमान सरपंच व प्रशासक मालाराम बावरी, मूंगड़ा प्रशासक प्रतिनिधि पुरुषोत्तम पालीवाल, भाजपा के खेताराम प्रजापत, अमराराम सुंदेशा, हितेश पटेल, बजरंग पालीवाल, बाबूलाल नामा, खींयाराम चौधरी, जयदेव आशिया, अशोक वैष्णव, नवरतन प्रजापत आदि अतिथियों का साफा व माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक धीराराम भील ने की। इस अवसर पर बांडाराम भील, वंशाराम, पीराराम, भंवराराम, रूपाराम, माधाराम, रमेश कुमार सहित सैकड़ों महिलाएं, पुरुष व बच्चे मौजूद रहे।

नियमित रूप से योग कक्षा चलाने का संकल्प

▶▶ पतंजलि योग समिति, महिला योग समिति, युवा भारत, किसान पंचायत एवं मीडिया प्रकोष्ठ की जिला बैठक आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

बालोतरा। शहर के वंदे भारत पार्क में सोमवार को पतंजलि योग समिति, महिला योग समिति, युवा भारत, किसान पंचायत एवं मीडिया प्रकोष्ठ की जिला बैठक आयोजित हुई। इसमें सभी ने नियमित योग कक्षा को सुदृढ़ करने का संकल्प लिया। भारत स्वाभिमान जिला प्रभारी बाबूलाल भंसाली ने योग महिमा व इससे जीवन में होने वाले परिवर्तन पर जानकारी दी। बताया कि गत दो माह से उम्मेदपुरा बगेची में योगी महेंद्र कुमार व दिनेश सोलंकी के सानिध्य में चल रही निःशुल्क योग कक्षा का पोस्टर प्रदान किया गया। भारतीय शिक्षा बोर्ड का गठन, पाठ्यक्रम व शिक्षण संस्थाओं को एफिलेट करने की जानकारी प्रदान की। बाल संस्कार के लिए छोटे-छोटे समूह में एकत्रित बालकों को देश भक्ति व महान देश भक्तों की कहानियां सुनाकर जानकारी देने की बात कही। जिला स्तर पर योग प्रचार प्रसार व सक्रिय भागीदारी के लिए सम्मानित बहन शशिलता राय को अंग वस्त्र व पतंजलि जैकेट पहनाकर बहुमान किया गया। इस अवसर पर किसान प्रभारी रणवीर, सह युवा प्रभारी महावीर जसोल, वरिष्ठ योग प्रचारक दिलीप गहलोत, नरेश पंवार, अशोक कवाड़, भरत कुमार मेडिकल, विकास खारोड़िया, किशन भाटी, किशोर कुमार, महिला प्रभारी कमला चौहान, पूनम सिंधी, पार्वती गहलोत, भगवती राव, सुमन गुप्ता, पिंकी घांची, ममता, जमना, कांता, गंगा डिडवानिया, ख्वाहिश, रितिका, अंजली, याचिका, देवी, ज्योति आदि मौजूद रहे।

जैसलमेर में सर्दी से मिली राहत

▶▶ दिन-रात के तापमान में 19 डिग्री का अंतर

जागरूक टाइम्स संवाददाता

जैसलमेर। जैसलमेर का मौसम जाते हुए जनवरी के महीने में दिन और रात में अलग-अलग तरह के रंग दिखा रहा है। दिन में धूप की तेजी अभी से अखरने लगी है। वहीं रात में सर्दी का असर बदस्तूर कायम है। जिले में मंगलवार को सुबह धूप की किरणों ने वातावरण को खुशनुमा बनाया। लोगों को रात की सर्दी से सुबह धूप खिलने से राहत मिल रही है। दिन में तेज धूप के कारण लोग गरम कपड़े भी नहीं पहन रहे, मगर रात में गरम कपड़ों का सहारा लेना पड़ रहा है। मौसम विभाग की माने तो आने वाले दिनों में धूप के तेवर कड़े बने रहेंगे और रात में भी सर्दी में कमी आने की संभावना है।

27 से ज्यादा पहुंचा अधिकतम तापमान

- दिन में पड़ रही धूप में लोग धूप की बजाय छाया में बैठने को तवज्जो देने लगे हैं। आकाश पूरी तरह से साफ बना हुआ था। तेज धूप के चलते दिन में गरम कपड़ों की जरूरत लगभग खत्म हो गई है, वहीं सूर्यास्त के बाद वातावरण में धीरे-धीरे ठंडक का असर महसूस होता है और जैसे रात गहरा होती है, सर्द हवाएं सताने लगती हैं। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को अधिकतम तापमान 27.4 और न्यूनतम 8.3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो रविवार को 26.2 व 7.5 डिग्री रहा था। इस तरह से सोमवार दिन व बीती रात के तापमान में करीब 19 डिग्री का अंतर आ गया है। मौसम के पूर्वानुमान के अनुसार आगामी दिनों में धूप के तेवर कड़े बने रहेंगे और रात में भी सर्दी में कमी आने की संभावना है।

आरोपी को पुलिस से छुड़ाने वाले तीन साथी गिरफ्तार

पुलिस की गाड़ी पर हमला कर भगाया था आरोपी को

जागरूक टाइम्स संवाददाता

जैसलमेर। जैसलमेर जिले के झिनझिनयाली थाना इलाके में पुलिस द्वारा पकड़ने गए आरोपी को छुड़ाने और पुलिस की गाड़ी के कांच तोड़ने के तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। तीनों के खिलाफ राजकार्य में बाधा व सरकारी संपति को नुकसान पहुंचाने का मामला दर्ज किया गया। गौरतलब है कि गाले की बस्ती में निजी कंपनी के सामान के ट्रकों को बईया गांव में रुकवाने पर कानून व्यवस्था व अन्य मुकदमों में तलाश के लिए आरोपी रामसिंह के घर दबिश देकर रामसिंह को पकड़ने का पुलिस ने प्रयास किया। इस दौरान मोती सिंह, शैतानसिंह, जुझारसिंह, तारेंद्र सिंह, रणजीतसिंह, हठू सिंह, भगवानसिंह व मोहनसिंह सहित चार-पांच अन्य लोगों ने राजकार्य में बाधा डालकर आरोपी रामसिंह को भगा दिया। साथ ही पुलिस की गाड़ी में तोड़फोड़ कर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। तीनों के खिलाफ राजकार्य में बाधा व सरकारी संपति को नुकसान पहुंचाने का मामला झिनझिनयाली थाना में दर्ज किया गया। पुलिस द्वारा बदमाशों के खिलाफ विधि सम्मत कानूनी कार्यवाही की जा रही हैं। साथ ही गांव के मौजीज व्यक्तियों के साथ बैठक कर लीगल कार्य में अनावश्यक रूप से हस्तक्षेप एवं बाधा उत्पन्न नहीं करने को लेकर सभी को समझाया भी जा रहा है। इसके साथ ही निजी कंपनी के काम को रोकने को लेकर व ट्रक से सामान लूटने के संबंध में इनके खिलाफ लूट का अलग से मामला दर्ज किया जा रहा हैं। एसपी सुधीर चौधरी ने बताया- किसी भी काम में बाधा उत्पन्न कर कार्य को बाधित करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ जीरो टोलरेंस के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

बोलेरो कैंपर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

घरेलू सामान लेकर जा रहा था, घर से एक किलोमीटर पहले हुआ हादसा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

बाड़मेर। घरेलू सामान बाइक पर लेकर घर जा रहे युवक को बोलेरो कैंपर गाड़ी ने टक्कर मार दी। इससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने हॉस्पिटल पहुंचाया। वहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना बाड़मेर जिले के सदर थाना इलाके कगाऊ गांव में बीती रात की है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने रात को मृतक के शव को हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में शिफ्ट करवाया गया। वहीं पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार कगाऊ गांव निवासी वीरमाराम (27) पुत्र मोडाराम सोमवार रात को बाड़मेर शहर से घरेलू सामान लेकर अपने गांव की तरफ जा रहा था। घर से करीब एक किलोमीटर पहले से सामने से आ रही बोलेरो कैंपर गाड़ी ने टक्कर मार दी। इससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना देकर घायल को हॉस्पिटल पहुंचाया। वहां पर इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। हॉस्पिटल पुलिस पहुंची। शव को कब्जे में लेकर हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया। सदर थाने के एसआई ओमप्रकाश ने बताया- परिजनों ने मंगलवार को रिपोर्ट दी, मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मुंबई मेटल मार्केट

मेटल	आज का भाव	पूर्व बंद
कॉपर वायर बार	832	841
एल्युमिनियम इन्गॉट	256	257
जिंक स्लैब	270	273
लीड इन्गॉट	180	180
टिन स्लैब	2635	2658
निकल	1372	1378
मेटल स्क्रैप	आज का भाव	पूर्व बंद
सभी दरें रुपए प्रति किलो में है।		
कॉपर केबल स्क्रेप	799	803
कॉपर हैवी स्क्रेप	789	793
कॉपर आर्मेचर	780	784
कॉपर यूटेंसिल्स	732	735
कॉपर सीट	-	-
ब्रास यूटेंसिल्स	528	533
ब्रास सीट कटिंग्स	571	575
एल्युमिनियम	198	198

लंदन मेटल मार्केट
तिमाही फ्यूचर भाव (प्रति टन डालर में)

धातु	आज का भाव	स्टॉक (टन में) वृद्धि+/कमी-
कॉपर	8908	+675
टिन	29620	-70
लीड	1898	-2225
जिंक	2740	-3625
एल्युमिनियम	2576	+225
निकल	15260	-672

व्यापार जगत

सोने-चांदी के दामों में गिरावट

गोल्ड 391 रुपए कम, चांदी 549 रुपए सस्ती

जागरूक टाइम्स संवाददाता

मुंबई। सोने-चांदी के दाम में (मंगलवार, 28 जनवरी) गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 391 रुपए कम होकर 80,006 रुपए पर आ गया है। सोमवार को सोना 80,397 रुपए पर था। वहीं 24 जनवरी को सोने ने 80,430 रुपए प्रति दस ग्राम का ऑल टाइम हाई बनाया था। इधर, चांदी 549 रुपए सस्ता होकर 89,725 रुपए प्रति किलो पर आ गई है। इससे पहले चांदी 90,274 रुपए किलो थी।

चांदी ने 23 अक्टूबर 2024 को अपना ऑल टाइम हाई बनाया था, तब ये 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी।

चार महानगरों और भोपाल में सोने की कीमत

दिल्ली : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 75,250 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 82,080 रुपए है। **मुंबई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 75,100 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 81,930 रुपए है। **कोलकाता :** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 75,100 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 81,930 रुपए है। **चेन्नई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 75,100 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 81,930 रुपए है। **भोपाल :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 75,150 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 81,980 रुपए है।

चीनी एआई मॉडल की एंट्री से अमेरिकी मार्केट 3% गिरा

- एनवीडिया की वैल्यू 51.31 लाख करोड़ रुपए घटी
- अमेरिकी राष्ट्रपति ने चीनी स्टार्टअप डीपसीक को लेकर दी चेतावनी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। सोमवार की गिरावट से एनवीडिया का मार्केट कैप 593 अरब डॉलर घटकर 2.90 लाख करोड़ डॉलर पर पहुंच गया। चीन के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) मॉडल डीपसीक की एंट्री से सोमवार को अमेरिकी टेक कंपनी एनवीडिया की वैल्यू करीब 51.31 लाख करोड़ रुपए गिर गई। शेयरों में आई 17% की गिरावट के बाद एनवीडिया की वैल्यू 2.90 ट्रिलियन डॉलर (करीब 251 लाख करोड़ रुपए) रह गई है। पहले ये 302 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीनी स्टार्टअप डीपसीक को लेकर चेतावनी देते हुए कहा- ये अमेरिका की टेक्नोलॉजी इंडस्ट्री के लिए वेक अप कॉल है, यानी अलर्ट होने का समय है।

एनवीडिया के शेयर में गिरावट का दिखा असर

एनवीडिया के शेयर में गिरावट का असर अमेरिकन शेयर इंडेक्स नैस्डेक पर भी दिखा। सोमवार को इसमें 3.07% की गिरावट रही और नैस्डेक 612.47 अंक टूटकर 19,341.83 पर आ गया। दूसरे अमेरिकन इंडेक्स एसएंडपी 500 के टेक सेक्टर में 5.6% की गिरावट दर्ज की गई। सितंबर 2020 के बाद यह इंडेक्स में सबसे बड़ी गिरावट है। एनवीडिया के सीईओ की संपत्ति एक दिन में 1.79 लाख करोड़ घटी एनवीडिया के शेयर गिरने से कंपनी के सीईओ जेनसेन हुआंग को 20.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर (1.79 लाख करोड़ रुपए) का नुकसान हुआ। फोर्ब्स के अनुसार हुआंग की संपत्ति 124.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर (10.76 लाख करोड़ रुपए) से घटकर 103.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर (8.97 लाख करोड़ रुपए) रह गई। वे रियल टाइम अरबपतियों की सूची में 10वें स्थान से 17वें स्थान पर आ गए।

चीनी एआई मॉडल से सावधान रहें कंपनिया : ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि कंपनियां चीनी एआई मॉडल से सावधान रहें। अमेरिकन मार्केट में सोमवार को हुए घटनाक्रम के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फ्लोरिडा में रिपब्लिकन कांग्रेस के कार्यक्रम में कहा कि डीपसीक एआई हमारी इंडस्ट्री के लिए चेतावनी है। यह लड़ाई जीतने के लिए इस तरफ पूरा फोकस करना होगा। हालांकि ट्रंप ने यह भी कहा कि यह झटका सिलिकॉन वैली के लिए पॉजिटिव भी हो सकता है क्योंकि इससे उसे कम कीमत में इनोवेशन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

चीनी एआई अमेरिकी कंपनियों से बेहद सस्ता

चीनी एआई मॉडल अमेरिकी कंपनियों से बेहद सस्ता डीपसीक पूरी तरह फ्री और ओपन सोर्स एआई मॉडल है। इसके अलावा चीन का मॉडल बेहद कम लागत में तैयार हुआ है, जबकि अमेरिका की एनवीडिया, माइक्रोसॉफ्ट और मेटा जैसी कंपनियों ने बहुत बड़ा इन्वेस्टमेंट करके एआई मॉडल तैयार किए हैं। कुछ रिपोर्ट्स में दावा है कि डीपसीक कंपनी ने अपना एआई मॉडल सिर्फ 48.45 करोड़ रुपए में डेवलप किया था। डीपसीक ने एप स्टोर पर चैटजीपीटी को पीछे छोड़ा चीन के डीपसीक एप को कंपनी की वेबसाइट से और एपल के एप स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है।

आपका राशिफल 29 जनवरी

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अभी आश्वासनों से संतोष करना पड़ेगा। शुभांक 2 6 8

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-6-8

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा): यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-5-7-8

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। धीरे-धीरे लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा उचित समय का इन्तजार करें। मेहमानों का आगमन होगा। छात्रों को लाभ। शुभांक-4-6-7

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। इच्छित स्थान की यात्रा का योग है। शुभांक-2-5-8

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): "आगे-आगे गोरख जागे" वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल व समन्वय बनाय। मीठे बोलने वालों से संभल कर रहें। शुभांक-4-5-7

तुला (रा री रू रे रो ता ती तू ते): जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-3-5-7

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू): लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय समान रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी। शुभांक-2-4-6

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-4-6-7

मकर (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-1-3-5

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। शुभांक-3-4-6

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। मनोग्य सिद्धि का योग है। शुभांक-2-4-6

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को जोरदार मुनाफा

▶▶ नेट प्रॉफिट में 28% की उछाल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

मुंबई। सार्वजनिक क्षेत्र के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने तीसरी तिमाही में शानदार प्रदर्शन किया है। सरकारी बैंक ने दिसंबर 2024 को खत्म तीसरी तिमाही में नेट प्रॉफिट (शुद्ध लाभ) में 28 प्रतिशत की शानदार बढ़ोतरी दर्ज की है। नेट प्रॉफिट में 4,604 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई। इसमें बेहतर कोर आय का योगदान रहा। खबर के मुताबिक, बैंक ने इससे एक साल पहले की समान तिमाही में 3,590 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था।

कुल इनकम बढ़कर 31,375 करोड़ रुपए

खबर के मुताबिक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने एक नियामक फाइलिंग में कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में कुल इनकम बढ़कर 31,375 करोड़ रुपए हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 29,137 करोड़ रुपए थी। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान ब्याज आय भी बढ़कर 26,958 करोड़ रुपए हो गई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 25,163 करोड़ रुपए थी। पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 7,278 करोड़ रुपए की तुलना में ऑपरेशनल बेनिफिट बढ़कर 7,492 करोड़ रुपए हो गया।

शुद्ध एनपीए भी घटा

एसेट क्वालिटी के मोर्चे पर, बैंक का सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति अनुपात एक साल पहले 4.8 प्रतिशत के मुकाबले घटकर 3.8 प्रतिशत रह गया। इसी तरह, शुद्ध एनपीए या खराब ऋण पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के आखिर में 1.08 प्रतिशत से घटकर 0.8 प्रतिशत हो गया। हालांकि, टैक्स को छोड़कर कुल प्रावधान एक साल पहले की तिमाही के 1,748 करोड़ रुपए से बढ़कर 1,599 करोड़ रुपए हो गए। गैर-निष्पादित ऋणों पर प्रावधान कवरेज अनुपात 31 दिसंबर, 2024 को 93.42 प्रतिशत सुधर कर 31 दिसंबर, 2023 के आखिर में 92.54 प्रतिशत था। पूंजी पर्याप्तता अनुपात पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के अंत में 15.03 प्रतिशत से बढ़कर 16.7 प्रतिशत हो गया। दिसंबर 2024 को समाप्त नौ महीनों के दौरान, बैंक ने विवेकपूर्ण आधार पर मानक अग्रिमों पर 545.70 करोड़ रुपए का अतिरिक्त प्रावधान किया है।

सेंसेक्स 535 और निफ्टी भी 128 अंक चढ़ा

▶▶ बैंकिंग और ऑटो शेयर्स में रही बढ़त

जागरूक टाइम्स संवाददाता

मुंबई। 28 जनवरी को सेंसेक्स 535 अंक की बढ़त के साथ 75,901 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 128 अंक की तेजी रही, ये 22,957 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 में तेजी और 12 में गिरावट देखने को मिली है। मंगलवार को बैंकिंग और ऑटो शेयर्स में बढ़त रही। वहीं एफएमसीजी और आईटी शेयर्स में मंगलवार को गिरावट रही।

जापान के निक्केई में 0.65% की गिरावट

एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 1.39% की गिरावट देखने को मिली। वहीं चीन का शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स और कोरिया का कोस्पी मंगलवार को बंद है। एनएसई के डेटा के अनुसार, 27 जनवरी को विदेशी निवेशकों ने 5,015 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों ने 6,642 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। 27 जनवरी को अमेरिका का डाओ जोंस 0.65% की बढ़कर 44,713 पर बंद हुआ। एसएंडपी 500 इंडेक्स 1.46% गिरकर 6,012 पर बंद हुआ। नैस्डैक इंडेक्स में 3.07% की गिरावट रही।

भीनमाल में पकड़ा 1.25 करोड़ का गांजा

▶▶ मिर्च की बोरियों में रखा था छिपाकर
▶▶ पुलिस को देख भाग निकला ट्रक ड्राइवर

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

भीनमाल। जालौर के भीनमाल पुलिस ने मंगलवार को 1.25 करोड़ रुपए कीमत का गांजा पकड़ा। मिर्ची की बोरियों में छिपाकर ले जाया जा रहा 239 किलो 370 ग्राम गांजा एक ट्रक से बरामद किया गया। पुलिस के रुकने का इशारा मिलते ही ट्रक चालक बबूल की झाड़ियों में भाग निकला। फरार आरोपी की पहचान थाना झाब, जोधावास निवासी लादूराम के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

प्लास्टिक के बैग में बंद था पैकेट

एएसपी मोटाराम गोदारा ने बताया कि थाना रामसिंह पुलिस की गश्त के दौरान एक संदिग्ध ट्रक दिखाई दिया। पुलिस द्वारा रोकने का प्रयास किया गया, परंतु ट्रक चालक भागने लगा। पुलिस ने तत्काल नाकाबंदी का आदेश दिया और ट्रक का पीछा किया। मेड़ता सड़क पर पहुंचते ही चालक ट्रक को छोड़कर फरार हो गया। जब पुलिस ने ट्रक की तलाशी ली तो पाया कि वह मिर्ची की बोरियों से भरा हुआ था। पुलिस ने जब ट्रक की तलाशी ली तो उसमें 240 मिर्च की बोरियों के बीच 104 पैकेट में छिपाकर रखा गया गांजा मिला। प्रत्येक पैकेट प्लास्टिक के बैग में बंद था। पुलिस ने ट्रक और मिर्च की बोरियों को भी जब्त कर लिया है। मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर फरार आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस की टीमें संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञान चंद्र यादव के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई।

▶▶ शक न हो इसलिए मिर्च की बोरियां भर दीं

पुलिस के मुताबिक तस्कर ने इस बार तस्करी का नया तरीका अपनाया है। उसने ट्रक में लाल मिर्च की बोरियां भरकर उसमें गांजे के पैकेट छिपा दिए ताकि किसी को शक न हो। भारी मात्रा में बरामद गांजे पर कार्रवाई करने के लिए पुलिस को कई घंटों की मशक्कत करनी पड़ी।

रानीवाडा : सरकारी अस्पताल में नि:शुल्क परामर्श शिविर

▶▶ जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी एवं हड्डी रोग के मरीज पहुंचे

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

रानीवाडा। रानीवाड़ा ब्रह्माकुमारीज संस्थान,राजकीय अस्प्ताल रानीवाड़ा एवं ग्लोबल हॉस्पिटल, माउंटआबू के तत्वाधान में निशुल्क घुटनों और कूल्हे की बीमारी और अन्य हड्डी रोग से पीड़ित मरीजों के लिए परामर्श शिविर का आयोजन राजकीय अस्प्ताल रानीवाड़ा में किया गया। इस शिविर में लगभग 81 हड्डी रोग से पीड़ित मरीजो की जाँच ग्लोबल हॉस्पिटल के जॉइंट रीप्लेसमेंट सर्जन डॉ.केलाश कडेल, हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा की गई। इस शिविर में ऑपरेशन के लिए चिन्हित किये गये लगभग 15 मरीजों को ग्लोबल हॉस्पिटल घुटने एवं

कूल्हे बदलने का ऑपरेशन के लिए रेफर किया गया। ब्रह्माकुमारी आश्रम के प्रभारी बी.के. सुनीता बहन, बी. के. मालती बहन ने शिविर में आये मरीजों को जीवन में मेडिटेशन का महत्व भी समझाया। इस शिविर में ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ.गणपत लाल चोधरी और उनकी टीम जेपी सिंह एवं हंसाराम राणा के सहयोग से यह शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

धोखाधड़ी मामले में आरोपी महिला गिरफ्तार

- 10 साल से चल रहा थी फरार
- जालोर पुलिस ने गुजरात से पकड़ा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

सांचौर। जालोर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में सर्वोदय क्रेडिट कॉपरेटिव सोसायटी की पूर्व चेयरमैन और कुख्यात धोखाधड़ी की आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी रामकंवर (55) जो पिछले 10 वर्षों से फरार थी और जिस पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित था, को गुजरात के बनासकांठा जिले के धानेरा से गिरफ्तार किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद यादव के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना सांचौर और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय की संयुक्त टीम ने 28 जनवरी 2025 को यह कार्रवाई की। आरोपी रामकंवर के खिलाफ थाना सांचौर में धारा 420, 406, 409, 120बी के तहत कई मामले दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार,

आरोपी महिला जालोर जिले के विभिन्न थानों में कुल 21 मामलों में वांछित थी। सोसायटी की चेयरमैन के रूप में उसने बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी की। थाना सांचौर के थानाधिकारी देवेंद्र सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने आरोपी को उसके निवास स्थान जाड़ी से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी पुलिस के लिए एक बड़ी सफलता मानी जा रही है, क्योंकि आरोपी लंबे समय से कानून से बचती आ रही थी। पुलिस अब अन्य मामलों में भी उससे पूछताछ कर रही है। इस कार्रवाई के दौरान अमृतलाल, जगराम, हडमानाराम, अशोक कुमार, किशनलाल, पृथ्वीसिंह राजेन्द्र व डोडी मौजूद रही।

भीनमाल में बच्ची से रेप, आरोपी गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

भीनमाल। घर के बाहर खेल रही 6 साल बच्ची को 19 साल का युवक आधा किलोमीटर दूर खेत ले गया, इसके बाद रेप किया। घटना के समय मां घर पर ही थी। जब खून से सने कपड़ों में रोती हुई मासूम घर पहुंची तो मां के होश उड़ गए। घटना के तुरंत बाद मासूम को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। फिलहाल बच्ची हालत स्थिर है। पुलिस ने शिकायत पर 12 घंटे के अंदर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। घटना जालोर के भीनमाल थाना क्षेत्र में 26 जनवरी की दोपहर को हुई। एएसपी मोटाराम गोदारा ने बताया-27 जनवरी को बच्ची की मां ने भीनमाल थाने में पहुंचकर रिपोर्ट दी। मामले की जांच के लिए एसपी ज्ञानचंद्र यादव के निर्देश पर ASP मोटाराम गोदारा, डीएसपी अन्नराजसिंह राजपुरोहित और भीनमाल एसएचओ रामेश्वर भाटी के नेतृत्व में पांच सदस्यीय टीम का गठन किया गया। पोक्सो एक्ट में मामला दर्ज कर आरोपी मैसाराम (19) पुत्र चम्पाराम मेघवाल को गिरफ्तार किया गया है। बच्ची की

मेडिकल बोर्ड से जांच करवाई गई है। चिकित्सकों की टीम लगातार बच्ची के स्वास्थ्य की निगरानी कर रही है और उसकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। मामले को लेकर आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

दुदेश्वर महादेव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

▶▶ मुख्यमंत्री को निमंत्रण दिया

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

भीनमाल। नरसाणा में श्री दुदेश्वर महादेव मंदिर में 5 से 7 फरवरी 2025 तक प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। माघ शुक्ल अष्टमी से प्रारंभ होने वाले इस महोत्सव में पहले दिन मंडप पूजन और जल शोभायात्रा होगी। दूसरे दिन 108 कलशों से अभिषेक सहित विभिन्न धार्मिक विधियां संपन्न होंगी। अंतिम दिन लक्ष्मी हवन और महाआरती के साथ समापन होगा। ग्रामीणों ने जयपुर में मुख्यमंत्री को कार्यक्रम का निमंत्रण दिया।

महाकुंभ से लौटने पर सुंधामाता के व्यापारियों का स्वागत

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

जसवंतपुरा। प्रयागराज महाकुम्भ से मंगलवार को सुंधामाता पहुंचने पर व्यापारियों स्वागत सत्कार किया गया। ज्ञात हो कि सुंधामाता से 40 व्यापारीयों का एक दल बस से 21 जनवरी को महाकुंभ के लिए रवाना हुआ था जो 28 जनवरी तक विभिन्न तीर्थ स्थलों पर देव दर्शन किए। दल के सदस्य सोहनगिरी गोस्वामी ने बताया की सुंधामाता से देव दर्शन यात्रा प्रयागराज महाकुम्भ के लिए सुंधामाता से बस द्वारा 40 लोगों का दल रवाना हुआ था जो पुष्कर, गोकुल, वन्दावन, मथुरा, राम मंदिर अयोध्या, प्रयागराज महाकुम्भ, काशी विश्वनाथ, महेंदीपुर बालाजी, खाटूश्याम मंदिर दर्शन कर पुनः सुंधामाता पहुंचने पर दल का जगह-जगह स्वागत किया गया। इस दौरान सुंधामाता तलहटी पर पहुंचने पर व्यापार मंडल की और से सभी सदस्यों का अबीर, गुलाल व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस दौरान राजपुरा से सुंधामाता तक डीजे की धुन पर नाचते गाते हुए सुंधामाता तलहटी पहुंचने पर स्वागत सत्कार किया गया। इस अवसर भंवरसिंह राजपुरा, सोहनगिरी गोस्वामी, अवतारसिंह, श्रवणसिंह, बाबुलाल, शिवसिंह, दुदवरसिंह, बाबराराम, जैसाराम, रूपपुरी बगदसिंह, ओटसिंह, कालूराम किर, प्रतापराम, दलाराम, बाबूराम किर, बाबूजी मीणा, मोहनलाल सेन, कांतिनाथ डाडोकी, भैरनाथ, दिलीपनाथ अमृतगिरी, बगदाराम प्रजापत, बगदाराम देवासी, मालपुरी, जेताराम, तोलाराम, कांतिलाल, कपूरलाल, घेवाभारती, धुखाराम देवासी, सवाराम, रतनसिह भीमाराम, नारायणलाल माली, चंदनपुरी, नारायण भारती, भंवरसिंह, छगनगिरी, विरका राम, दीपाराम आदि मौजूद थे।

राजकीय विद्यालय सेवाडिया में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

रानीवाड़ा। रानीवाडा के निकटवर्ती सेवाड़िया में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शा. शि. आसुराम सेन ने बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर राउमावि सेवाड़िया के प्रांगण में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा स्काउट ड्रेस, तिरंगी पोशाक व विद्यालय ड्रेसेज में अलग अलग ग्रुपो में परेड द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को सलामी दी गई। छोटे छोटे बच्चों द्वारा व्यायाम प्रदर्शन व छात्र और छात्राओं द्वारा अलग अलग पिरामिड प्रदर्शन करके ग्रामवासियों से वाहवाही लूटी। गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रधानाचार्य लखमाराम चैधरी एवं एसएमसी अध्यक्ष मसराराम पुरोहित द्वारा विद्यालय में स्टेज के भामाशाहों कैलाशकुमार पुत्र रणछोड़ाराम पुरोहित एवं भमराराम पुत्र पीराराम पुरोहित तथा होनहार विद्यार्थियों का प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो भैंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर भामाशाह

दीपककुमार पुत्र जुहाराराम पुरोहित द्वारा विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं को शानदार पारितोषिक वितरण करके सभी प्रतिभावानों,सांस्कृतिक कार्यक्रम के छात्रों का हौसला बढ़ाया एवं वालाराम पुत्र चमनाजी पुरोहित एवं बगदाराम पुत्र जूहाराजी पुरोहित द्वारा समस्त विद्यार्थियों एवं ग्रामवासियों के लिए सुरुचि भोजन व्यवस्था की और स्वतंत्रता दिवस की सभी को मिठाई भी वितरण की गई । इस अवसर पर गांव के गणमान्य नागरिक, अभिभावक, माताएं, बहनों ने दोपहर तक कार्यक्रम का आनन्द लिया। इस शुभ अवसर पर विद्यालय स्टाफ नेहा चोहान, लिखमाराम बिशौर, सीमा मीणा, रेखा मीणा, दलपत चोधरी, प्रागाराम पुरोहित रमेशचंद्र पुरोहित, हरजीराम मेघवाल सहित बहुत बड़ी संख्या में अभिभावक एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

रामसीन में भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज पुरोहित का स्वागत

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

रामसीन। कस्बे के बस स्टेण्ड पर मंगलवार को जिलाध्यक्ष जसराज पुरोहित के पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं व ग्रामवासियों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष जसराज पुरोहित ने कहा कि इस पद पर रहते हुए समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं व हर ग्रामवासियों के कार्य के लिए हमेशा तत्पर रहुंगा। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता शांतिलाल सुथार सहित समस्त कार्यकर्ताओं ने माला, साफा व गुलाल लगाकर मुंह मीठा करवाकर स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष छगनलाल भाटी, पूर्व मंडल अध्यक्ष रमेश रावल, मगाराम चौधरी सीकवाड़ा, रमेश सेन, रमेश प्रजापत, शंकरलाल पुरोहित, विजय प्रजापत बुगांव, विजय प्रजापत, तुलसाराम चौधरी सीकवाड़ा, वरदाराम, दिनेश, मंछाराम छोगाराम, घांची प्रकाशकुमार रावल, कानसिंह, वचनाराम देवासी, पियुष, युवराज सहित समस्त भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामवासी उपस्थित थे।

देर रात बस स्टैंड पर लगी आग

▶▶ सब्जियां, फ्रूट और कपड़े जलकर खाक, 20 मिनट में पाया काबू

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

जालोर। जालोर के नए बस स्टैंड पर देर रात अचानक तीन कैबिन में आग लग गई। इससे तीन कैबिन में रखा सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची दमकल ने करीब 25 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फायर बिग्रेड टीम के इंचार्ज द्वारका प्रसाद ने बताया- जालोर के रोडवेज बस स्टैंड के पास लगे पोकाराम माली के सब्जियां व फ्रूट के दो कैबिन और रसिद खान के कपड़ों पर प्रेस

करने के कैबिन में देर रात करीब 12 बजे के आसपास अचानक आग लग गई। आग की लपटें उठता देख कर आसपास के लोगों ने उसे बुझाने का प्रयास किया। साथ ही कंट्रोल रूम को आग लगने की सूचना दी। सूचना मिलने पर 15 मिनट में फायर बिग्रेड की टीम स्टाफ सुरेश, भरत और राजेन्द्र मौके पर पहुंचे। करीब 20 से 25 मिनट में आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक पोकाराम के कैबिन में रखे फ्रुट व सब्जियां और रसीद खान के कैबिन में रखे प्रेस के लिए कपड़े जलकर राख हो चुके थे। आसपास के व्यापारियों ने बताया कि कैबिन पर नये शेड लगाने के लिए देर शाम वैल्डिंग का कार्य किया जा रहा था। इससे देर रात आग लगने की संभावना हो सकती है।

सायला एसडीएम सूरजभान बिश्नोई ने संभाला कार्यभार

सायला। नवगठित नगरपालिका सायला में मंगलवार को उपखण्ड अधिकारी सूरजभान बिश्नोई ने प्रशासक पद पर कार्यभार ग्रहण किया। बता दें कि मुख्यमंत्री के बजट प्रस्ताव 2024-25 के अंतर्गत ग्राम पंचायत सायला को नगरपालिका में क्रमोन्नत करने की घोषणा की गई थी। जिसकी अधिसूचना जारी कर नवगठित नगरपालिका सायला में ग्राम पंचायत सायला व राजस्व ग्राम वीराना को शामिल किया था तथा सरपंच, उपसरपंच एवं वार्डपंचों को नगरपालिका में क्रमशः अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं वार्ड सदस्य घोषित किया था। जिनका कार्यकाल पूर्ण होने पर प्रशासन की जिम्मेदारी उपखण्ड अधिकारी को सौंपी थी। जिस पर प्रशासक पद पर उपखण्ड अधिकारी सूरजभान बिश्नोई द्वारा कार्यभार ग्रहण किया गया।

पीएम श्री विद्यालय में स्वास्थ्य प्रशिक्षण शिविर आयोजित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

जसवंतपुरा। उपखंड क्षेत्र के पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पीएम श्री गतिविधि के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया उक्त गतिविधि के द्वितीय दिवस स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसवंतपुरा के स्वास्थ्य अधिकारी एवं उनकी टीम द्वारा विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसके तहत वजन रक्त की जांच आंख एवं अन्य लक्षणों संबंधित विद्यार्थियों का चिन्हीकरण किया गया। विद्यालय प्रवक्ता कंचन ने बताया कि उक्त शिविर में विद्यालय समस्त विद्यार्थियों का परीक्षण किया गया जिनमें से चिन्हित बालकों का कल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अतिरिक्त परीक्षण किया जाएगा इस अवसर पर उपप्राचार्य जयंतीराम, बुधाराम, पृथ्वीराज, केसाराम, श्रीमती पूर्णा, नारायण लाल, बाबूलाल, पंकज कुमार, पंकज शर्मा, ईश्वरलाल, शिवचरण, फतेह कुमार, सुश्री प्रियंका, श्रीमती सुनीता, श्रीमती लता, हरीबाबू खंडेलवाल समेत समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।

सांचौर के युवक की मुंबई में हत्या

▶▶ पचास रुपए बनी मौत का कारण

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

सांचौर। सांचौर निवासी एक युवक की मुंबई में 50 रुपए के विवाद पर कुछ लोगों ने चाकू से वार कर हत्या कर दी। युवक के शव का मुंबई के अस्पताल में पोस्टमार्टम कर सोमवार को सांचौर लाया गया। सांचौर निवासी विपुल (19) पुत्र अमृत पुरी तीन माह पहने ही नौकरी करने के लिए मुंबई गया था। वह वहां सांगली क्षेत्र में विजय गोस्वामी की मोबाइल एसेसरीज की दुकान पर काम करता था। रविवार सुबह 8 बजे उसने व एक अन्य युवक ने दुकान खोली। उस दौरान तीन-चार युवक अपने मोबाइल पर ग्लास लगवाने दुकान पर आए। विपुल ने ग्लास लगाने के 100 रुपए मांगे, लेकिन उन युवकों ने 50 रुपए ही दिए। इस पर उनके बीच विवाद हो गया। ग्लास लगवाने आए युवकों ने विपुल पर चाकू से वार कर दिया। रविवार शाम उसके शव का पोस्टमार्टम कर राजस्थान के लिए रवाना किया, जो कि सोमवार को सांचौर पहुंचा। बता दें कि विपुल पहली बार ही नौकरी के लिए मुंबई गया था। उसके पिता किसान है।

महाकुंभ के लिए सौ श्रद्धालु रवाना

रानीवाड़ा। रानीवाड़ा शहर के नट बस्ती से पांच बसो मे रानीवाडा से महाकुंभ दर्शन के लिए एक सौ के करीब नट समुदाय के लोग रवाना हुए है। प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में भाग लेने के लिए मंगलवार को रवाना हुए है। पटुराम नट ने बताया कि 7 दिवसीय यात्रा में चित्रकुट, सिरडी, प्रयागराज,काशी, वाराणसी की यात्रा कर पुनः रानीवाड़ा लौटेंगे। रानीवाडा से जत्था के रवाना होने पर शहरवासीयो ने स्वागत भी किया।

पश्चिम रेलवे

ट्रैक से बेकार सामग्री का निष्कासन एवं निपटान

वरि. डीईएन (दक्षिण) मुंबई सेंट्रल द्वारा ई-**निविदा सूचना क्र. बीसीटी/24-25/273 दि. 24.01. 2025** आमंत्रित है। **कार्य तथा स्थान: चर्चगेट-विरार खंड:** एडीईएन (टी/एन) बोरीवली खंड अंतर्गत ट्रैक से मिट्टी, कचरा, प्लास्टीक, प्लास्टीक बैग्स, कागज तथा अन्य बेकार सामग्री का निष्कासन एवं निपटान। **कार्य की अनु. लागतः** रु. 1,28,85,897.40, **ईएमडीः** रु. 2,14,400/-, **जमा करने की दिनांक व समय:** 18.02.2025 को 15.00 बजे तक। **निविदा खुलने की दिनांक व समय::** 18.02.2025 को 15.30 बजे। आगामी जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। 1014

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

मध्य रेल

इलेक्ट्रिकल इंटर वेहिकल कप्लर्स

निविदा नोटिस संख्या : CWE/MTN/85246895/2025

निविदा संख्या : 85246895 **विवरण** : इलेक्ट्रिकल इंटर वेहिकल कप्लर्स के लिए 12 बीएचईएल वातानुकूलित ईएमयू रेक बीएचईएल विनिर्देश दस्तावेज के अनुसार नंबर – टीएसजी–एसी ईएमयू–स्पेक/026 रेव नं. 02 दिनांक – 04.01.2013 मैसर्स सीकेम केबल्स के साथ और मैसर्स हार्टिंग संलग्नक के अनुसार। (नोट : परेषिती – सीनियर डीईई/टीआरएस/कुर्ला) **मात्रा** : 01 सेट **खोलने के लिए नियत तारीख** : 20.02.2025 **निविदा मूल्य** : रु. 12331271.40 मध्य रेलवे की अधिकारिक वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निविदा का पूरा विवरण उपलब्ध है, वेबसाइट से सम्पूर्ण दस्तावेज डाउनलोड किए जा सकते हैं। 732

असुरक्षित तथा अनाधिकृत रूप से रेल लाइन के पास कार्य करना दंडनीय अपराध है

पश्चिम रेलवे

ट्रैक मेन हेतु टूल रूम कम रेस्ट रूम का प्रावधान

मंडल रेलवे प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, 6 ठा तल, इंजी. विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400008 द्वारा **ई-निविदा सूचना क्र. बीसीटी/24-25/274 दि. 24.01.2025** आमंत्रित है। **कार्य तथा स्थानः विरार-जोरावासन खंडः** ट्रैकमेन हेतु टूल रूम कम रेस्ट रूम तथा टीएफआर 22.138 किमी के संबंध में वरि. डीईएन/उत्तर के कार्यक्षेत्र में टूल रूम कम रेस्ट रूम का प्रावधान। इलेक (पी) भाग सहित संयुक्त निविदा। **कार्य की अनु. लागतः** रु. 4,46,69,821.29, **ईएमडीः** रु. 3,73,400/-, **जमा करने की दिनांक व समय:** 21.02.2025 को 15.00 बजे तक। **खुलने की दिनांक व समयः** 21.02.2025 को 15.30 बजे, आगामी जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। 1015

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे

वरिष्ठ मंडल कमर्शियल प्रबंधक, मुंबई सेंट्रल, पश्चिम रेलवे
मंडल रेलवे प्रबंधक, कमर्शियल विभाग, एनएफआर सेक्शन, मुंबई सेंट्रल मंडल, मुंबई 400008

कार्यः मुंबई मंडल में विविध एनएफआर मीडिया माध्यम से विज्ञापनों का प्रदर्शन।

नीलामी पुस्तिका क्र.	नीलामी प्रारंभ (सभी लॉट्स)
MMCT-ADVTM24-29	05-02-25 14:00:00

क्र. सं.	लॉट नं.	स्थान/एरिया	दिन	ई-नीलामी समाप्ती की अंतिम दिनांक व समय
1	MSS-BCT-VAPI-PrKiosk- 51-25-1 (Misc-Static-Services - Promotional Kiosk)	3 वर्ष की अवधि हेतु वापी स्टेशन पर प्रमोशनल कियोस्क/प्रोडक्ट डिस्प्ले माध्यम से कमर्शियल विज्ञापन के अनुबंध हेतु ई-नीलामी।	1096	05-02-25 14:30:00
2	MSS-BCT-BL-PrKiosk-49-25-1 (Misc-Static-Services-Promotional Kiosk)	3 वर्ष की अवधि हेतु वलसाड (बीएल) स्टेशन पर प्रमोशनल कियोस्क/प्रोडक्ट डिस्प्ले माध्यम से कमर्शियल विज्ञापन के अनुबंध हेतु ई-नीलामी।	1096	05-02-25 14:40:00
3	MSS-BCT-NSP-MedStn-46-24-1 (Misc-Static-Services-Medical facilities at station)	5 वर्ष की अवधि हेतु नालासोपारा रेलवे स्टेशन पर आकस्मिक चिकित्सा कक्ष के माध्यम से 24 घंटे चिकित्सा सुविधाओं का प्रावधान।	1826	05-02-25 14:50:00

नीलामी पुस्तिका क्र.	नीलामी प्रारंभ (सभी लॉट्स)
MMCT-ADVT-24-68	05-02-25 15:00:00

1	ADVT-BCT-CCG-OH-394-25-1 (Advertising - Out of Home)	सडक की ओर सामने चर्चगेट स्टेशन के पश्चिम दिशा में प्लेटफॉर्म नं. 1 की पिलर वॉल्स पर वॉल पेंटींग के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शन हेतु वृहद विज्ञापन अधिकार।	730	05-02-25 15:30:00
2	ADVT-BCT-MMCT-OSD-395-25-1 (Advertising-On Station Premise (Digital))	5 वर्ष की अवधि हेतु मुंबई सेंट्रल (मेन) स्टेशन के सरक्यूलेटींग एरिया के वृहद विज्ञापन अधिकार।	1826	05-02-25 15:40:00
3	ADVT-BCT-GMN-OSD-360-24-1 (Advertising-On Station Premise (Digital))	5 वर्ष की अवधि हेतु गोरेगांव (जीएमएन) में विडियोवॉल की स्थापना एवं संचालन हेतु वृहद विज्ञापन अधिकार।	1826	05-02-25 15:50:00
4	ADVT-BCT-MEL-OSD-355-24-1 (Advertising-On Station Premise (Digital))	5 वर्ष की अवधि हेतु मरीन लाइन्स (एमईएल) के स्टेशन बिल्डींग में एलईडी स्क्रीन हेतु वृहद विज्ञापन अधिकार।	1826	05-02-25 16:00:00
5	ADVT-BCT-ADH-OSN-392-24-1 (Advertising-On Station Premise (Digital))	3 वर्ष की अवधि हेतु अंधेरी (एडीएच) स्टेशन के प्लेटफॉर्मस के वृहद विज्ञापन अधिकार।	1096	05-02-25 16:10:00
6	ADVT-BCT-ADH-OSN-393-24-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital))	3 वर्ष की अवधि हेतु अंधेरी (एडीएच) स्टेशन के फुट ओवर ब्रिजेस एवं सीढीयों के उतार के वृहद विज्ञापन अधिकार।	1096	05-02-25 16:20:00

नीलामी पुस्तिका क्र.	नीलामी प्रारंभ (सभी लॉट्स)
MMCT-ADVTM24-30	07-02-25 14:00:00

1	MSS-BCT-MMCT-PrKiosk-47-24-1 (Misc-Static-Services - Promotional Kiosk)	3 वर्ष की अवधि हेतु चर्चगेट से विरार (29 स्टेशन्स) पर स्टेशन्स/स्थानों पर प्रमोशनल कियोस्क/प्रोडक्ट डिस्प्ले माध्यम से कमर्शियल विज्ञापन के अनुबंध हेतु ई-नीलामी।	1096	07-02-25 14:30:00
2	MSS-BCT-MRU-MedStn- 45-24-1 (Misc-Static-Services - Medical facilities at station)	5 वर्ष की अवधि हेतु माटुंगा रोड रेलवे स्टेशन पर आकस्मिक चिकित्सा कक्ष के माध्यम से 24 घंटे चिकित्सा सुविधाओं का प्रावधान।	1826	07-02-25 14:40:00
3	MSS-BCT-CCG-SS-42-24-1 (Misc-Static-Services - Salon Services)	चर्चगेट स्टेशन पर युनिसेक्स सलून के प्रावधान हेतु एयर कंडिशन्ड सलून कियोस्क का विकास, संचालन एवं रखरखाव हेतु ई-नीलामी।	1096	07-02-25 14:50:00
4	MSS-BCT-ADH-SS-43-24-1 (Misc-Static-Services - Salon Services)	अंधेरी स्टेशन के उत्तर पश्चिम दिशा में पश्चिम अपर डेक के बीच 32' X 32' = 320 वर्ग फीट साइज के कॉलम नं. 28 तथा 29 के बीच युनिसेक्स सलून के प्रावधान हेतु एयर कंडिशन्ड सलून कियोस्क का विकास, संचालन एवं रखरखाव हेतु ई-नीलामी।	1096	07-02-25 15:00:00

नीलामी पुस्तिका क्र.	नीलामी प्रारंभ (सभी लॉट्स)
MMCT-ADVT-24-69	07-02-25 15:00:00

1	ADVT-BCT-BVI-OH-364-24-1 (Advertising-Out of Home)	07 वर्ष की अवधि हेतु 30' X 30' (1)= 900 वर्ग फीट के दक्षिण छोर पर वर्तमान होर्डिंग संरचना के पूर्व दिशा में बोरीवली स्टेशन के उत्तर पूर्व सरक्यूलेटींग एरिया में नए होर्डिंग संरचना की स्थापना से विज्ञापन प्रदर्शन हेतु वृहद विज्ञापन अधिकार।	2557	07-02-25 15:30:00
2	ADVT-BCT-NIG-OH-366-24-1 (Advertising-Out of Home)	07 वर्ष की अवधि हेतु कुल 1600 वर्ग फीट क्षेत्रफल के वी शेप एरिया हेतु 20' X 20' (2) नायगांव आरओबी - 02 होर्डिंग संरचना पर नए होर्डिंग संरचना की स्थापना से विज्ञापन प्रदर्शन हेतु वृहद विज्ञापन अधिकार।	2557	07-02-25 15:40:00
3	ADVT-BCT-BVI-OH-365-24-1 (Advertising-Out of Home)	07 वर्ष की अवधि हेतु 20' X 20' (1) 400 वर्ग फीट के गांजावाला लेन से आने वाले यातायात तथा पश्चिम की ओर एसएसई (पी.वे) बीवीआई के परिसर में बोरीवली पश्चिम स्टेशन पर नए होर्डिंग संरचना की स्थापना से विज्ञापन प्रदर्शन हेतु वृहद विज्ञापन अधिकार।	2557	07-02-25 15:50:00
4	ADVT-BCT-GMN-OSN-362-24-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital))	3 वर्ष की अवधि हेतु स्टेशन बिल्डींग के सामने बस स्टॉप के पृष्ठ भाग पर ग्लासाइन हेतु गोरेगांव (जीएमएन) स्टेशन पश्चिम दिशा में वृहद विज्ञापन अधिकार।	1096	07-02-25 16:00:00
5	ADVT-BCT-BVI-OSN-359-24-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital))	3 वर्ष की अवधि हेतु बोरीवली (बीवीआई) स्टेशन के प्लेटफॉर्मस के वृहद विज्ञापन अधिकार।	1096	07-02-25 16:10:00
6	ADVT-BCT-PBH D-OSN-299-24-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital))	तीन वर्ष की अवधि हेतु प्रभादेवी (पीबीएचडी) स्टेशन के वृहद विज्ञापन अधिकार।	1096	07-02-25 16:20:00
7	ADVT-BCT-MDD-OSN-301-23-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital))	डिस्प्ले बोर्डस के माध्यम से तीन वर्ष की अवधि हेतु मालाड (एमडीडी) स्टेशन के एस्केलेटर्स एवं सीढीयों के पिलर्स के वृहद विज्ञापन अधिकार।	1096	07-02-25 16:30:00

नोट: भावी निविदाकारों से निवेदन है कि आईआरईपीएस वेबसाइट (**www.ireps.gov.in**) पर ई-नीलामी लीजिंग माड्यूल देखें। लॉटवार विवरण अंकित कैटलॉग अंतर्गत वहां उपलब्ध है। 1012

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly. हमें फॉलो करें : twitter.com/WesternRly

सुविचार

जीवन में अगर ये समझ गये हैं कि क्या याद रखना है और क्या भूलना है; तो आप बहुत आगे निकल गये हैं।

- अज्ञात

जागरूक संपादकीय

महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर श्रद्धा व आस्था का 'महास्नान'

महाकुंभ मेला भारतीय संस्कृति और अध्यात्म का अद्वितीय संगम है। इस प्रयागनगरी में चल रहे महाकुंभ मेले में श्रद्धालुओं की विशेष आस्था देखने को मिल रही है। इसके बीच सबसे बड़ा कारण है 144 वर्षों बाद ग्रहों का अद्भुत संयोग। न केवल भारत के सभी हिस्से के लोग बल्कि दुनिया के कोने कोने से लोग महाकुंभनगरी पहुंच आस्था की डुबकी लगा अपने आपको धन्य समझ रहे हैं। ऐसे में मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर आस्था का सैलाब उमड़ने की संभावना जताई जा रही है। अब तक के सांख्यिकी पर नज़र डाले तो यह माना जा रहा है कि बुधवार, 29 जनवरी को 10 करोड़ के आस-पास लोग संगम में डुबकी लगाएंगे। महाकुंभ में मौनी अमावस्या के धार्मिक पहलू की बात करें तो मौनी अमावस्या मौन धारण करने और आत्मनिरीक्षण करने का दिन। अमावस्या चंद्रमा की ऊर्जा के शांत होने का प्रतीक माना जाता है। इस दिन को ध्यान, साधना और अपने भीतर के ईश्वर को अनुभव करने के लिए उत्तम माना गया है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन देवता भी गंगा में स्नान करने के लिए पृथ्वी पर आते हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार, समुद्र मंथन के दौरान अमृत कलश से छलके हुए अमृत की बूंदें प्रयागराज सहित चार स्थानों पर गिरी थीं। इन स्थानों पर कुंभ मेले का आयोजन किया जाता है। मौनी अमावस्या पर स्नान करना मानो अमृत की उन बूंदों से लाभान्वित होने जैसा है। यह परंपरा न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्त्वपूर्ण है, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक धरोहर को भी जीवंत बनाती है। वहीं यदि मौनी अमावस्या पर कुंभ में स्नान के सामाजिक पहलू की करें तो यह सामाजिक समरसता का भी प्रतीक है। देश के कोने-कोने से लोग यहां आकर एक साथ स्नान करते हैं, जो भारतीय समाज की एकता और अखंडता को दर्शाता है। यह आयोजन जाति, धर्म और भाषा की सीमाओं को पार करके लोगों को एक मंच पर लाता है। यही कारण है कि धर्म, जाति एवं भौगोलिक सीमाओं से परे जा चुके इस पावन स्नान पर महाकुंभ में होने अमृत स्नान के प्रति विशेष आकर्षण देखने को मिलता है। ऊपर से ग्रहों के दुर्लभ संयोग ने इसकी महत्ता को और बढ़ा दिया है। इसके चलते अनुमान से कहीं अधिक श्रद्धालुओं के डुबकी लगाने की संभावना है। इस बात को ध्यान में रखते हुए सरकार ने भी पूरी तैयारी कर ली है। मेला क्षेत्र के चप्पे चप्पे पर सुरक्षा के उपाय किए गए हैं। एआई से युक्त सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन से लोगों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। मेला क्षेत्र को कुछ दिनों के लिए नो व्हीकल जोन घोषित कर दिया गया है। प्रशासन ने लोगों से चार पहिया वाहनों के उपयोग से बचने और वरिष्ठ नागरिकों को संगम पर ले जाने के लिए केवल दोपहिया वाहनों का इस्तेमाल करने की अपील की है।

यूसीसी लागू होने के बाद

लिविंग रिलेशनशिप को मिली वैधता

डॉ. अनिता राठौर

उत्तराखंड में 27 जनवरी 2025 से लागू हुआ यूनिफॉर्म सिविल कोड कानूनन से ज्यादा एक राजनीति फैसला है, लेकिन इस फैसले से अब लिविंग रिलेशनशिप जैसे संबंधों का दुरुपयोग नहीं होगा; क्योंकि उत्तराखंड में अब हर लिविंग में रहने वाले जोड़े को एक माह के भीतर अपने आपका अनिवार्य पंजीकरण एक रजिस्टर्ड वेब पोर्टल पर कराना होगा। लिविंग में आने के एक महीने के भीतर अगर यह पंजीकरण नहीं कराया गया तो न्यायिक मजिस्ट्रेट दोषी को तीन माह के कारावास की सजा या 10 हजार रुपये का जुर्माना या फिर दोनो सजा सुना सकते हैं। क्योंकि यूसीसी (यूनिफॉर्म सिविल कोड) लागू होने के बाद लिविंग रिलेशनशिप की व्याख्या पूरी तरह से बदल गई है।

इमेज

इस बदली हुई व्याख्या के अनुसार लिविंग के दोनों साथियों में से कोई भी इस रिश्ते को जब चाहे खत्म कर सकता है, लेकिन उसे इसकी सूचना भी सबरजिस्ट्रार को देनी होगी। कुल मिलाकर अगर देखें तो यूसीसी लागू होने के बाद उत्तराखंड में लिविंग रिलेशनशिप पूरी तरह से परिभाषित हो चुका है। लिविंग रिलेशनशिप को लंबे समय से एक कानूनी दायरे की जरूरत थी। हालांकि अभी तक वैधानिक रूप से यह सिर्फ उत्तराखंड की भौगोलिक सीमाओं के भीतर ही कानूनी रूप में आया है, लेकिन जल्द ही यह देश के दूसरे हिस्सों में भी वैधता हासिल करेगा। इसकी लंबे समय से जरूरत भी महसूस की जा रही थी, क्योंकि लिविंग रिलेशनशिप एक सामाजिक व्यवस्था और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के बीच संतुलन बनाने का प्रयास है। भारतीय समाज में विवाह की संस्था को बहुत महत्व दिया जाता है। लेकिन बदलते समय के साथ ऐसे रिश्तों की संख्या बढ़ी है, जिनमें लोग विवाह के बंधन में बंधे बिना यानी लिविंग रिलेशनशिप में रहना पसंद कर रहे हैं। हालांकि भावनात्मक रूप से ऐसे लोग हमेशा शुरुआत में यही दलील देते हैं कि उन्हें आपस में एक दूसरे पर अटूट भरोसा है, लेकिन अब तक एक दो नहीं बल्कि सैकड़ों मर्तबा ऐसी स्थितियां सामने आयी हैं, जब इस रिश्ते को कानूनी दायरे में लाने की बार बार जरूरत महसूस हुई है। मसलन सुप्रीम कोर्ट ने साल 2010 में डी. वेलुसामी बनाम डी. पद्मालथी के मामले में कहा था कि लंबे समय तक साथ रहने वाले जोड़ों को पारिवारिक संबंध की श्रेणी में रखा जा सकता है। इसका उद्देश्य दरअसल लिविंग रिलेशनशिप में रह रही महिलाओं को घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत सुरक्षा देना था। लेकिन स्पष्ट रूप से इस संबंध में कानूनन व्यवस्था न होने के कारण यह स्थिति स्पष्ट नहीं थी। अब जबकि उत्तराखंड में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू हो चुकी है, तो महिलाओं को इसके चलते लिविंग में रहते हुए घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत सुरक्षा मिलेगी।

ऐसा ही एक मामला वित्तीय सुरक्षा से भी जुड़ा है। इस संबंध में भी साल 2013 में सुप्रीम कोर्ट के सामने लिविंग रिलेशनशिप का एक मामला आया था, जब इंदिरा सरमा बनाम वीकेवी सरमा का मामला सुनवाई के लिए कोर्ट पहुंचा था और इस पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि लिविंग रिलेशनशिप में रहने वाली महिलाओं को घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 के तहत सुरक्षा का अधिकार है। यह घरेलू हिंसा के साथ साथ वित्तीय सुरक्षा का भी मामला था। ऐसे ही एक तीसरे मामले में तुगराम बनाम सीताराम (2011) का मामला राजस्थान हाईकोर्ट के सामने आया था, जब राजस्थान हाईकोर्ट ने यह फैसला दिया था कि लिविंग रिलेशनशिप से पैदा हुए बच्चों को संपत्ति पर हक दिया जा सकता है। इस मामले में राजस्थान हाईकोर्ट ने यह स्पष्ट किया था कि लिविंग रिलेशनशिप में रहने वाले जोड़ों के बच्चों को अवैध नहीं माना जा सकता। अतः इन बच्चों को अपने माता-पिता की संपत्ति पर अधिकार होगा बशर्ते यह साबित हो सके कि उनके माता पिता लंबे समय तक लिविंग रिलेशनशिप में रहे, जो कि विवाह जैसा ही एक संबंध माना जा सकता है। वास्तव में यह फैसला संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीने के अधिकार और गरिमा को सुनिश्चित करता है। यह बच्चों के हितों को प्राथमिकता देने पर भी जोर देता है, क्योंकि वे किसी भी प्रकार के सामाजिक या कानूनी भेदभाव के लिए जिम्मेदार नहीं हो सकते। इस तरह देखा जाए तो अलग अलग अदालतें दशकों से लिविंग रिलेशनशिप को कानूनी दायरे में लाने या बांधने की कोशिश करती रही हैं, मगर इसके लिए कोई व्यवस्थित कानूनी जामा नहीं था। उत्तराखंड में लागू हुई यूनिफॉर्म सिविल कोड अब ऐसे मामलों में लिए व्यवस्थित कवच है। जिस तरह से हाल के दशकों में बार बार लिविंग रिलेशनशिप संबंधी विवाद पुलिस और अदालतों के सामने आते रहे हैं, उसे देखते हुए उत्तराखंड में लागू समान नागरिकता संहिता में इस मामले को बहुत व्यवस्थित ढंग से डील किया गया है। 27 जनवरी 2025 को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड में इसके लागू होने घोषणा करने के साथ ही अब लिविंग रिलेशनशिप जैसा मामला पूरे देश के लिए एक व्यवस्थित कानूनी दायरे में आ गया है। क्योंकि उत्तराखंड में लागू हुई यूसीसी के तहत कई तरह के ऐसे प्रावधान किये गये हैं, जिसमें लिविंग रिलेशनशिप में रह रहे युवाओं के लिए एक व्यवस्थित आचार संहिता निर्मित की गई है। इस आचार संहिता में लिविंग में रहे यहे युवाओं के लिए स्पष्ट नियम इसलिए बनाये गये हैं ताकि इस आजादी का वह दुरुपयोग न कर सकें। इसीलिए अब लिविंग रिलेशनशिप के तहत एक साथ रहना शुरु करने के एक माह के भीतर ऐसे कपल्स को अपनी फोटो व जरूरी डॉक्यूमेंट देकर इसका रजिस्ट्रेशन करवाना होगा और रजिस्ट्रेशन कराकर सर्टिफिकेट हासिल करना होगा। इसका उद्देश्य यही है कि लिविंग में रहने वाले कपल एक दूसरे को आसानी से धोखा देने की कोशिश न करें। लेकिन एक सवाल ये है कि अगर कोई कपल लिविंग में रह रहा है और कुछ दिनों बाद उनके ब्रेकअप हो जाता है, तो क्या उन्हें इसकी भी जानकारी देनी होगी? उत्तराखंड में लागू हुई यूसीसी के प्रावधान के तहत कपल को अपने बीच ब्रेकअप होने की जानकारी भी रजिस्ट्रार को देनी होगी ताकि अगर रिलेशनशिप में रहते हुए उस कपल को कोई बच्चा पैदा होता है तो उस बच्चे की मां अपने लिविंग पार्टनर से महिला गुजाराभत्ते की मांग कर सके।

कुल मिलाकर उत्तराखंड में लागू हुई यूनिफॉर्म सिविल कोड के तहत जिस तरह से लिविंग रिलेशनशिप को रखा गया है, उसका हर तरफ स्वागत हुआ है। लिविंग रिलेशनशिप को यूसीसी के तहत कानूनी दायरे में लाया जाना इस बात का संकेत भी है कि भारतीय न्यायपालिका और विधायिका सामाजिक बदलावों के साथ खुद को ढालने का प्रयास कर रही हैं। पिछले कुछ सालों में जिस तेजी से लिविंग रिलेशनशिप के दौरान आपराधिक घटनाएं बढ़ी थीं, उसके कारण इस लिविंग रिलेशनशिप को कानूनी दायरे में लाना जरूरी था। मगर समाज का एक ऐसा वर्ग है जो इस रिश्ते को कानूनी जामा पहनाने का विरोध कर रहा है। शायद इस विरोध की वजह यह है कि इस वर्ग को लगता है कि अब उसे इस रिश्ते के चलते मनमानी करने के मौके कम मिलेंगे।

पंचांग

29 जनवरी 2025

विक्रम संवत्	-	2081
शक संवत्	-	1946
ऋतु	-	शिशिर
माह	-	माघ
पक्ष	-	कृष्ण
तिथि	-	अमावस्या 18.07 तक
वार	-	बुधवार
नक्षत्र	-	उत्तराषाढ़ा 08.21 तक
योग	-	सिद्धि 21.22 तक
करण	-	किंस्तुघ्न 29.12 तक
सूर्योदय	-	07.15 (मुंबई)
सूर्यास्त	-	06.28 (मुंबई)
सूर्योदय	-	07.25 (भीनमाल)
सूर्यास्त	-	06.22 (भीनमाल)
चंद्र राशि	-	मकर
अभिजित् मुहूर्त	-	नहीं
राहु काल	-	12.51 से 14.16
व्रत, त्यौहार	-	दर्श अमावस्या, अन्वाधान, कुमारयोग 18.07 से सूर्योदय, श्री कुंभ महापर्व प्रयागराज त्रिवेणी संगम स्नान
दिशा शूल	-	उत्तर

शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल

डिप्रेशन के मरीजों के लिए मौनी अमावस्या का स्नान रामबाण औषधि

मौनी अमावस्या का दिन भारतीय संस्कृति में विशेष धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व रखता है। इसे आत्मशुद्धि और पितृ शांति का दिन माना जाता है। इस बार महाकुंभ के दौरान मौनी अमावस्या के दिन शाही स्नान को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

मौनी अमावस्या का महत्व : मौनी अमावस्या पर मौन व्रत, स्नान, दान, जप और तप का विशेष महत्व होता है। पवित्र नदी, सरोवर या किसी तीर्थस्थल पर स्नान करना इस दिन को और पवित्र बना देता है। यह दिन पितृ तर्पण और शांति के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है।

ज्योतिष विजय रावल, जो ईशा ज्योतिष संस्था के संस्थापक हैं, का कहना है कि मौनी अमावस्या डिप्रेशन से जूझ रहे मरीजों के लिए रामबाण औषधि साबित हो सकती है। इस दिन पवित्र जल में स्नान करने से चंद्रमा के शांत प्रभाव के कारण मानसिक तनाव कम होता है। यह दिन नकारात्मक ऊर्जा को समाप्त कर नई और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है।

कुंभ में स्नान का विशेष महत्व : इस वर्ष मौनी अमावस्या का महत्व और भी बढ़ गया है क्योंकि महाकुंभ का आयोजन चल रहा है। कुंभ में त्रिवेणी संगम, जहां गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम होता है, में स्नान का विशेष महत्व है। महाकुंभ के इस अद्वितीय अवसर पर लाखों श्रद्धालु संगम में स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। त्रिवेणी संगम को सूर्य, चंद्र और तीन पवित्र नदियों का संगम माना जाता है। मौनी अमावस्या और महाकुंभ का यह संयोग इसे ऐतिहासिक बना रहा है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन त्रिवेणी में स्नान से सभी प्रकार के पापों का नाश होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

मानसिक और आध्यात्मिक शांति : मौनी अमावस्या केवल धार्मिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक शांति के लिए भी महत्वपूर्ण है। इस दिन किए गए दान, जप, तप और यज्ञ से मन को शांति मिलती है। चंद्रमा को शांति और ठंडक का प्रतीक माना जाता है, और इस दिन उसका प्रभाव अधिक होता है। डिप्रेशन के मरीजों को विशेष रूप से इस दिन स्नान करने की सलाह दी जाती है। जल में स्नान से न केवल शरीर शुद्ध होता है, बल्कि नकारात्मक विचार और ऊर्जा भी समाप्त हो जाती है। विजय रावल का मानना है कि इस दिन का सही उपयोग करने से मानसिक और आत्मिक लाभ मिल सकता है।

कैसे करें इस दिन का सही उपयोग : यदि आप महाकुंभ में नहीं जा पा रहे हैं, तो अपने नजदीकी पवित्र नदी, सरोवर या तीर्थस्थल पर स्नान करें। स्नान के बाद मौन व्रत धारण करें और पितरों की शांति के लिए तर्पण करें। इस दिन दान का विशेष महत्व है, इसलिए यथासंभव दान करें।

तारीख विशेष

स्वतंत्रता संग्राम के महानायक 'लाला लाजपत राय'

लाला लाजपत राय, जिन्हें "पंजाब केसरी" और "शेर-ए-पंजाब" के नाम से जाना जाता है, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के एक प्रमुख नेता थे। उनका जन्म 28 जनवरी 1865 को पंजाब के मोगा जिले में हुआ था। वे भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के उन प्रमुख नेताओं में से एक थे, जिन्होंने स्वतंत्रता की अलख जगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लाजपत राय ने लाहौर के गवर्नमेंट कॉलेज से कानून की पढ़ाई पूरी की और वकालत के पेशे से जुड़ गए। लेकिन उनका दिल हमेशा देश की स्वतंत्रता के लिए धड़कता था। वे बाल गंगाधर तिलक और बिपिन चंद्र पाल के साथ भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के "लाल-बाल-पाल" त्रिमूर्ति का हिस्सा बने। उनका मानना था कि आत्मनिर्भरता और शिक्षा के माध्यम से भारतीय समाज को जागरूक किया जा सकता है। लाला लाजपत राय ने कई सामाजिक और शैक्षणिक संस्थाओं की स्थापना की। उन्होंने 1920 में लाहौर में नेशनल कॉलेज की स्थापना की, जहाँ भगत सिंह जैसे क्रांतिकारियों ने शिक्षा प्राप्त की। वे आर्य समाज के विचारों से भी प्रेरित थे और भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रचार-प्रसार में सक्रिय रहे। उनकी दृढ़ता और साहस का सबसे बड़ा उदाहरण 1928 का वह आंदोलन है, जब साइमन कमीशन के विरोध में लाहौर में प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने उन पर बर्बर लाठीचार्ज किया। इस घटना में वे गंभीर रूप से घायल हो गए और 17 नवंबर 1928 को उनका निधन हो गया। उनका बलिदान भारत के स्वतंत्रता संग्राम में एक नई ऊर्जा लेकर आया। लाजपत राय ने "यंग इंडिया" और "अनहैप्पी इंडिया" जैसी पुस्तकों के माध्यम से अपने विचार प्रकट किए। उनका जीवन संघर्ष, साहस और निष्ठा का प्रतीक है। उन्होंने अपने विचारों और कार्यों से स्वतंत्र भारत के निर्माण की नींव रखी। लाला लाजपत राय का नाम भारतीय इतिहास में सदैव सम्मान और प्रेरणा के साथ लिया जाएगा। उनका अदम्य साहस और बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला-2025

कायम है अब भी किताबों का जादू

लोकमित्र गौतम

'विश्व पुस्तक मेला' महज किताबों का मेला नहीं होता बल्कि यह कला,साहित्य और संस्कृति का संपूर्णता में होने वाला संवाद होता है। मसलन इस किताबों के इस मेले में पिछले कई सालों से यहां आने वाले आम और खास लोगों के बीच यह बहस जारी है कि क्या सूचना क्रांति के मौजूदा दौर में जब पढने की आदत और प्रवृत्ति किताबों के बजाय स्क्रीन की तरफ शिफ्ट हो गयी हो, क्या तब भी हमें यह उम्मीद रखनी चाहिए कि किताबों का भविष्य सुरक्षित है ?

- इमेज

देश की राजधानी दिल्ली में आयोजित होने वाले बहुप्रतीक्षित विश्व पुस्तक मेला-2025 के इंतजार की घड़ियां खत्म हुईं। आगामी 1 फरवरी से 9 फरवरी 2025 तक प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में किताबों का यह मेला सजने जा रहा है। इस मेले के आयोजक नेशनल बुक ट्रस्ट, इंडियन ट्रेड प्रमोशन ऑर्गनाइजेशन और भारत सरकार का शिक्षा मंत्रालय हैं। पांच दशकों की समृद्ध साहित्य व सांस्कृतिक विरासत के साथ यह पुस्तक मेला इस बार रिपब्लिक/75 की थीम के साथ आयोजित हो रहा है। पुस्तक मेला जिस मंडपम में आयोजित किया जा रहा है, उसकी डिजाइन नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन द्वारा तैयार की गयी है। इस बार मेले की थीम यानी रिपब्लिक/75 को जीवंत करने के लिए क्रिएटिव ग्राफिक्स, इंस्टॉलेशन और कलाकृतियों का उपयोग होगा। यह मेला ऐसे समय आयोजित हो रहा है, जब दिल्ली प्रदेश में विधानसभा चुनाव भी (5 फरवरी 2025) को सम्पन्न होंगे और मेले के रहते ही चुनाव नतीजे भी आयेंगे। वास्तव में रिपब्लिक/75 की थीम, भारतीय संविधान के 75 वर्षों के सफ़र तथा विकसित भारत की कल्पना में ज्ञान और किताबों की उपयोगिता के साथ संबद्ध है। बहरहाल दिल्ली में आयोजित होने वाला 'विश्व पुस्तक मेला' महज किताबों का मेला नहीं होता बल्कि यह कला,साहित्य और संस्कृति का संपूर्णता में होने वाला संवाद होता है। मसलन इस किताबों के इस मेले में पिछले कई सालों से यहां आने वाले आम और खास लोगों के बीच यह बहस जारी है कि क्या सूचना क्रांति के मौजूदा दौर में जब पढ़ने की आदत और प्रवृत्ति किताबों के बजाय स्क्रीन की तरफ शिफ्ट हो गयी हो, क्या तब भी हमें यह उम्मीद रखनी चाहिए कि किताबों का भविष्य सुरक्षित है ? यह सवाल इसलिए भी क्योंकि इस संबंध में स्थिति बड़ी विरोधाभासी है। आमतौर पर अगर आप सार्वजनिक स्थलों पर किताबों के भविष्य को लेकर लोगों से बातें करेंगे तो शायद 100 में 80 फीसदी या उससे भी ज्यादा लोग यही कहेंगे, अब किताबें कौन पढ़ता है। आमतौर पर प्रकाशक भी किताबों की बिक्री को लेकर यही बात कहते हैं। लेकिन अगर किताबों की बिक्री के वास्तविक आंकड़ों को देखें या बड़े बड़े लेखकों से बात करें तो या तेजी से लोकप्रिय हो रहे साहित्य उत्सवों में जुटने वाले लोगों के विचार सुनें तो यही लगता है कि किताबों का महत्व कभी कम नहीं होगा। यह यूं भी विरोधाभासी लगता है क्योंकि एक तरफ ज्यादातर भारतीय भाषाओं के दैनिक अखबारों में साहित्य छपना या तो बहुत कम हो गया है या बिल्कुल ही बंद हो गया है। दूसरी तरफ पूरे देश में साहित्यिक आयोजनों या जिन्हें आजकल 'लिट फेस्ट' कहते हैं, उनकी बाढ़ आ गई है। अकेले हिंदी में ही पूरे देश में हर साल 500 से ज्यादा बड़े और इससे दुगना बेहद स्थानीय लिटरेरी फेस्टिवल हो रहे हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि साहित्य के बारे में लोगों को पढ़ने या जानने की रूचियां कम तो नहीं हुईं, लेकिन किताबों के बारे में जरूर अलग अलग बातें पढ़ने और सुनने को मिलती हैं। लेकिन जिस तरह से किताबों के मेलों का लोग बेसब्री से इंतजार करते हैं और किताबों के मेलों में जिस तरह भीड़ उमड़ती है तो सवाल तो यही उभरता है कि आखिर किताबों का जादू क्यों बरकरार है? यह जादू इसलिए भी माना जायेगा, क्योंकि इस 1 फरवरी 2025 से शुरू हो रहे मेले को ही लें, इसके बारे में जो जानकारियां आयी हैं, वो ये हैं कि जितने प्रकाशकों ने इसमें हिस्सा लेने के लिए इच्छा जतायी थी, उन सबको स्टॉल नहीं मिल सके। अगर किताबें बिकती नहीं हैं, किताबों में लोगों की रूचि नहीं है, तो फिर प्रकाशक पुस्तक मेले में स्टॉल लेने के लिए इस कदर इच्छुक क्यों होंगे, वह भी तब जबकि अब स्टॉल काफी महंगे हो चुके हैं? लब्बोलुआब यह कि किताबों का जादू कायम है और इसकी कई वजहें हैं। पहली महत्वपूर्ण वजह तो यही है कि आज भी पुस्तकों का सांस्कृतिक और बौद्धिक महत्व स्वीकार किया जाता है। दरअसल किताबें किसी भी समाज की संस्कृति, इतिहास और ज्ञान का महत्वपूर्ण स्रोत होती हैं। वे समय के साथ विचारधाराओं और परंपराओं को संरक्षित रखती हैं, जो डिजिटल माध्यमों के मुकाबले कहीं ज्यादा टिकाऊ होता है। विश्व पुस्तक मेला जैसे आयोजन तो इसलिए भी महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि यहां सिर्फ किताबें ही नहीं बिकती बल्कि लेखकों, पाठकों और प्रकाशकों के बीच एक सरस और सुविधाजनक मेलजोल होता है, साहित्य, संस्कृति और विविध विचारो का, विविध भाषाओं के संदर्भों से आदान प्रदान होता है। किताबों का जादू शायद इसलिए भी कायम है, क्योंकि किताबों को पढ़ना जहां मानसिक शांति पाना है, वहीं लगातार स्क्रीन का उपयोग आंखों और दिमाग को थकाता है। लेकिन कागजों की पुस्तकें पढ़ने का अनुभव हमेशा स्क्रीन के मुकाबले शांतिपूर्ण और बिना किसी तनाव या कम से कम तनाव वाला होता है। हाल के सालों में हुए ऐसे कई शोधों से यह भी स्पष्ट हुआ है कि किताबें पढ़ने से गहरी समझ बनती है और याद्दाश्त बढ़ती है, जबकि स्क्रीन में पढ़ने से चीजें याद नहीं रहतीं।

गीता सार

अजोऽपि सन्नव्ययात्मा भूतानामीश्वरोऽपि सन्।
प्रकृतिं स्वामधिष्ठाय
संभवाम्यात्ममायया॥४-६॥

-: हिंदी भावार्थ :-

अजन्मा, अविनाशी और सभी प्राणियों का ईश्वर होते हुए भी मैं, अपनी प्रकृति को अधीन करके अपनी योगमाया से प्रकट होता हूँ॥6॥

बोले तो...

समाजवादी पार्टी के पीडीए में गरीब, नौजवान, युवाओं, महिलाओं, दलितों, पिछड़ों और समाज के किसी भी तबके की भलाई नहीं है। सपा के पीडीए ने अपराधियों, माफियाओं, भ्रष्टाचारियों और दंगाइयों को बढ़ावा दिया है। समाजवादी पार्टी समाप्तवादी पार्टी बनती जा रही है।

-केशव प्रसाद मौर्य

"कांग्रेस ने हमेशा एक विशेष समुदाय को खुश करने के लिए हिंदू बहुसंख्यक की मान्यताओं का उपहास किया है। लोकसभा में 99 सीटों के बावजूद, वे हिंदू भावनाओं का सम्मान करने में असफल रहे हैं। यदि वे लोगों के विश्वास का सम्मान नहीं कर सकते, तो उनका अपमान करने से बचें।"

-चंद्रशेखर बावनकुले

मल्लिकार्जुन खड़गे का बयान, जो ढकोसला कर रहे हैं उसका विरोध है। सनातन का कोई विरोध नहीं है। अगर आप पाप करते हैं और डुबकी लगाते हैं, तो इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि आपके पाप धुल जाएंगे। अगर मन शुद्ध है, तो मां गंगा आशीर्वाद देती हैं।'

-भूपेश बघेल

कुछ अलग | अजब गजब

सवा 2 किलो सोना, लग्जरी गाड़ियां और हाईवे पर जमीन, दहेज में लड़के को मिले करोड़ों

दहेज को अभिशाप माना जाता है। इसकी वजह से कई लड़कियों की जिंदगियां शादी के बाद खराब हो जाती हैं। किसी को उसके ससुराल से निकाल दिया जाता है, तो किसी को घर में मार दिया जाता है। सरकार ने दहेज को लेकर कई सख्त कदम उठाए, बावजूद इसके ये कुप्रथा बंद नहीं हुई। सोशल मीडिया पर कई बार दहेज से जुड़े वीडियो वायरल होते हैं। आज हम आपको एक ऐसा ही वीडियो दिखाने जा रहे हैं। इस वीडियो में लड़का अपने ससुराल पक्ष के सामने बैठा हुआ है। उसके हाथों में ढेर सारे सामान रखे हुए हैं। पीछे से दहेज में दी जाने वाली चीजों के बारे में बतलाया जा रहा है, जिसमें सवा दो किलो सोने से लेकर लग्जरी गाड़ी और हाईवे पर जमीन देने की बात भी की जा रही है। इंस्टाग्राम पर इस वीडियो को @abhi lon99 नाम के अकाउंट से शेयर किया गया है। हालांकि, यह वीडियो कहां का है, इसकी जानकारी तो उपलब्ध नहीं है, लेकिन आप देख सकते हैं कि शादी से पहले लड़के का रोका (इंगेजमेंट) हो रहा है। उसके हाथ में कपड़ा, नारियल, सेब और पांच सौ की गड्डी रखी हुई है। पीछे एक शख्स शादी में किए गए वादों के बारे में बतला रहा है। वो शख्स कह रहा है कि लड़के के लिए 650 मीटर का एक प्लॉट, 120 मीटर का हाईवे पर प्लॉट है। लड़के के लिए एक राडो की घड़ी, एक रेंज रोवर

गाड़ी, एक टोयोटा की इनोवा है। सवा दो किलो सोना भी लड़के को देने की बात हो रही है। साथ ही 5 किलो चांदी भी दहेज में देने का वादा किया जा रहा है। इसके अलावा 2026 में पूरी हो रही 1 करोड़ की एफडी भी है। साथ में कन्यादान में 51 लाख रुपए भी दिए जाएंगे। शख्स की बातों को सुनने के बाद लोग बहुत बढ़िया कहते हुए तालियां बजाते हैं। हालांकि, वीडियो को देखने से पता चलता है कि वहां खड़े लोग ताली नहीं बजा रहे हैं। ऐसे में हो सकता है कि यह वीडियो कहीं और का और इसमें आ रही आवाज किसी और शादी की डिमांड से जुड़ी है। ऐसा लगता है कि दो अलग-अलग मामलों को मिला दिया गया है। सोशल मीडिया पर यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। अब तक इस वीडियो को 4 करोड़ से भी ज्यादा बार देखा जा चुका है। वहीं, 14 लाख से ज्यादा लोगों ने इसे लाइक किया है, जबकि 17 लाख से ज्यादा बार ये शेयर किया गया है। इसके अलावा लगभग 21 हजार कमेंट्स आए हैं।

पाठक पाती

विदेश में बसने का आकर्षण

विदेश जाकर बसने एवं जॉब करने का आकर्षण हम भारतीयों को बहुत लुभाता है। पंजाब गुजरात एवं हरियाणा में यह चलन बहुत ज्यादा है। इसमें कोई बुराई भी नहीं है। लेकिन वेध तरीके से समस्त औपचारिकताएं पूर्ण करके ही विदेश जाना श्रेयस्कर है। अवेध तरीके से डंकी रूट से ब्रिटेन कनाडा एवं अमेरिका जाने वाले भारतीय नागरिकों को बहुत फजीहत झेलना पड़ती है। यह बहुत खतरनाक रूट होता है। इसमें व्यक्ति की जान भी जा सकती है। किसी तरह विदेश पहुंच भी गए तो वहां भी छुपकर एवं दहशत में ही जीना होता है। अवैध रूप से विदेश जाने वाले अपनी जमा पूंजी एवं कई बार तो जमीन जायजाद भी गंवा बैठते हैं। कई एजेंसियां लोगों को विदेश में अच्छे जॉब का झांसा देकर उन्हें अपनी गिरफ्त में लेकर उनका सब कुछ लूट लेती हैं। ऐसी फर्जी संस्थाओं से लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। जितना पैसा लोग अवैध रूप से विदेश जाने पर खर्च करते हैं उसमें अपने देश में ही रहकर कोई काम धंधा खोलकर आसानी से जीविका चलाई जा सकती है।

-ललित महालकरी, इंदौर

पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक-हेमल पुरोहित द्वारा एआईएस प्रिंटिंग सोल्यूशंस, प्लॉट नं. ए-544, टीटीसी इंडस्ट्रीयल एरिया, ठाणे-बेलापुर रोड, महापे, नवी मुंबई 400709 से मुद्रित एवं प्रिमाइसेस नं. 1303/चेंबर्स, 13वां माला, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे मेट्रो स्टेशन के पास, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400 099 से प्रकाशित, पोस्टल रजि. MCN/325/2023-24, (चकाला MIDC पी.ओ.) रजि. नं. MAHHIN/2004/13755, संपादक-हेमल पुरोहित, स्थानीय संपादक-नीरज दवे, फोन : 022-46024646, ईमेल : jagruktimes@gmail.com

महाकुंभ 2025 की परिवर्तनकारी यात्रा

तीर्थयात्रा अनुभव को सुगम बनाती भारतीय रेल

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

मुंबई। महाकुम्भ 2025 में लाखों तीर्थयात्रियों को पवित्र नगरी प्रयागराज पहुंचाने में भारतीय रेल ने अपनी भूमिका नए सिरे से परिभाषित की है। परिवहन प्रदान करने के साथ ही रेलवे विश्वस्तरीय आतिथ्य सेवा भी सफलता पूर्वक संचालित कर रही है। महत्वपूर्ण उन्नयन, अभिनव समाधान और समावेशिता की प्रतिबद्धता के साथ रेलवे, इस व्यापक धार्मिक आयोजन में प्रचालन तंत्र के नये मानक स्थापित कर रही है।

आधुनिक बुनियादी ढांचे से आध्यात्मिक उद्देश्य की पूर्ति

भारतीय रेल ने पवित्र संगम के यात्रा अनुभव और इसे आध्यात्मिक रूप से भी समृद्ध बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पिछले एक दशक में भारत सरकार ने प्रयागराज में रेलवे के बुनियादी ढांचे के वित्त पोषण में उल्लेखनीय तौर पर वृद्धि की है। भारतीय रेल द्वारा महाकुम्भ की तैयारियों में 2 वर्षों में 5000 करोड़ रुपये से अधिक राशि से यहाँ मौजूद रेलवे स्टेशनों को आरामदायक, सुविधाजनक और आध्यात्मिकता के जीवंत केंद्र में बदल दिया गया है। रेलवे स्टेशन जो केवल यात्रा एवं रेलगाड़ियों के ठहराव और आने-जाने का स्थान थे, अब तीर्थयात्रियों के स्वागत के प्रवेश द्वार में बदल गए हैं। स्लीपिंग पॉड्स, एग्जीक्यूटिव लाउंज और रिटायरिंग रूम की सुविधा आरंभ किए जाने से यह स्थान अब यात्रियों की सुगमता पूर्ण स्थानों में तबदील हो गए हैं। कलर कोडेड यात्री आश्रय गृह, दिशा-निर्देशक रंगीन टिकटें और दिशा संकेतकों जैसी सुविधाओं ने यात्रियों के लिए रास्ता समझना सरल बना दिया है। इससे तीर्थयात्रियों को मार्ग खोजने में सुगमता हो रही है। इन उन्नत सुविधाओं ने रेलवे स्टेशन पर तीर्थयात्रा के अनुभव को और अधिक सुखद बनाया हैं। जैसे ही कोई श्रद्धालु रेलगाड़ी से उतरता है तो उसे अपनी आवश्यकताओं के अनुसार सभी सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हो जाती हैं।

आम जनता के लिए नए आश्रय स्थल और बेहतर सेवाएं

लगभग एक करोड़ तीर्थयात्रियों के प्रतिदिन आने की उम्मीद को देखते हुए, इतनी बड़ी संख्या में लोगों को आश्रय और सेवाएँ प्रदान करना एक बहुत बड़ा काम है। भारतीय रेल ने इस चुनौती को अपनाते हुए, 17 नए यात्री आश्रय गृहों के निर्माण एवं स्टेशनों को 1,10,000 से अधिक यात्री क्षमता वाला बनाया गया है, जो पहले केवल 21,000 थी। इसके अतिरिक्त, नए प्लेटफ़ॉर्म के निर्माण से कुल 48 प्लेटफॉर्म हो गए हैं, और तीर्थयात्रियों के लिए बेहतर पहुंच सुनिश्चित हुई है। शौचालय, पेयजल सुविधा, बेबी फीडिंग पॉड्स और चिकित्सा जांच कक्ष जैसी उन्नत सुविधाएं भी यात्रियों के लिए उपलब्ध कराई गई हैं। इसके अलावा, निर्बाध बिजली आपूर्ति और बैकअप सिस्टम से उच्च माँग के बावजूद सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित हुई हैं।

समावेशी एवं सुलभ अनुभव

भारतीय रेल ने सभी के लिए महाकुम्भ 2025 के अनुभव को अधिक आरामदायक बनाने में भी महत्वपूर्ण प्रगति की है। यात्री सुविधा केंद्र, व्हीलचेयर सेवाओं के साथ "May I Help You" बूथ और लॉजिस्टिक ट्रॉलियों की शुरूआत एक महत्वपूर्ण पहल है। प्रयागराज जंक्शन और छिवकी जैसे प्रमुख स्टेशनों को यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष रूप से सुसज्जित किया गया है, जिससे उन्हें सुगम और आरामदायक आवागमन का अनुभव मिल रहा हैं। सरकार के 'सुगम्य भारत मिशन' के अनुरूप, भारतीय रेल ने लिफ्ट और एस्केलेटर सहित दिव्यांगजनों के अनुकूल सुविधाओं की संख्या बढाई हैं। यह प्रयास समावेशिता के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं और सुनिश्चित करते हैं कि हर कोई (बुजुर्गों से लेकर दिव्यांगजन तक) इस पवित्र आयोजन में सुगमता से भाग ले सके।

महाकुम्भ भविष्य के लिए एक मानक बना है

परंपरा को आधुनिकता के साथ जोड़ने के भारतीय रेल के प्रयासों ने एक ऐसा माहौल बना दिया है, जो उन्नत और आरामदायक होने के साथ ही मॉर्डन सुविधाओं से युक्त है। रेलवे, तीर्थयात्रियों की यात्रा को सुविधाजनक बनाने के साथ ही, उनके अनुभव को अभूतपूर्व बनाने में अहम भूमिका निभा रही है। भारतीय रेल, महाकुम्भ के दौरान सुविधाओं के उन्नयन से आतिथ्य के नए मानक स्थापित कर रही है।

रवीन्दर गोयल,
पूर्व सदस्य- परिचालन और व्यवसाय विकास (रेलवे बोर्ड)

वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही

जेएसडब्ल्यू इंफ्रास्ट्रक्चर ने घोषित किए नतीजे

मुंबई। जेएसडब्ल्यू इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ("कंपनी"), जो जेएसडब्ल्यू समूह का एक हिस्सा है और भारत की दूसरी सबसे बड़ी निजी वाणिज्यिक बंदरगाह ऑपरेटर है, ने आज तीसरी तिमाही और 31 दिसंबर 2024 को समाप्त अवधि के लिए अपने परिणामों की घोषणा की।

ईबीआईटीडीए सालाना आधार पर 20% बढ़कर 670 करोड़ रहा

पीएटी सालाना आधार पर 32% बढ़कर 336 करोड़ रुपए रहा

मुख्य विशेषताएं

1,265 करोड़ रुपये का राजस्व, जो पिछले वर्ष की तुलना में 24% अधिक है। 670 करोड़ रुपये का ईबीआईटीडीए , जो पिछले वर्ष की तुलना में 20% अधिक है। 336 करोड़ रुपये का PAT, जो पिछले वर्ष की तुलना में 32% अधिक है। मजबूत बैलेंस शीट, विकास को आगे बढ़ाने के लिए अच्छी स्थिति में। शुद्ध ऋण से ईबीआईटीडीए (TTM*) 0.4x। 4,845 करोड़ रुपये की नकदी और नकदी समकक्ष।

समेकित वित्तीय प्रदर्शन

तिमाही के दौरान, कंपनी ने 29.4 मिलियन टन कार्गो वॉल्यूम संभाला, जो पिछले वर्ष की तुलना में 5% अधिक है। पारादीप में कोयला टर्मिनल में बढ़ी हुई क्षमता उपयोग, पीएनपी पोर्ट और लिक्विड स्टोरेज टर्मिनल, यूएई के योगदान से वॉल्यूम में वृद्धि हुई। पारादीप में लौह अयस्क टर्मिनल में कम कार्गो वॉल्यूम से वृद्धि आंशिक रूप से ऑफसेट हुई। तीसरे पक्ष की मात्रा में वृद्धि वर्ष-दर-वर्ष 31% के साथ अधिक मजबूत रही तथा समग्र मात्रा में तृतीय-पक्ष की हिस्सेदारी एक वर्ष पूर्व के 39% की तुलना में 49% रही।

हाल ही में अधिग्रहित नवकार कॉरपोरेशन के उच्च वॉल्यूम और एकीकरण ने कुल राजस्व में 24% की साल-दर-साल वृद्धि दर्ज की, जो 1,265 करोड़ रही। EBITDA बढ़कर 670 करोड़ (+20% yoy) हो गया, जिसमें 52.9% का मजबूत मार्जिन रहा। नतीजतन, PAT 336 करोड़ रहा, जो 32% की वृद्धि दर्शाता है।

न्यूज ब्रीफ

सीओ सिटी सुनील कुमार झाझड़िया ने फोटोग्राफर पंकज सोनी को किया सम्मानित

जागरुक टाइम्स संवाददाता

चूरू। सीओ सिटी सुनील कुमार झाझड़िया ने फोटोग्राफर पंकज सोनी को उनकी सराहनीय सेवा के लिए सम्मानित किया। पंकज सोनी ने पुलिस विभाग के विभिन्न आयोजनों में विशेष फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी के माध्यम से सक्रिय सहयोग दिया है, जिसके लिए उनकी प्रशंसा की गई। पंकज सोनी का फोटोग्राफी के क्षेत्र में तीन पीढ़ियों से गहरा नाता है। उनके दादा जसकरण सोनी फोटोग्राफर ने आजादी से पहले से ही पुलिस विभाग के साथ जुड़कर अपनी सेवाएं दीं। इसके बाद उनके पिता राजेंद्र सोनी ने इस परंपरा को जारी रखते हुए वर्तमान समय में भी विभाग को अपना योगदान दे रहे हैं। पंकज सोनी ने अपने दादा और पिता की विरासत को आगे बढ़ाते हुए पुलिस विभाग के हर छोटे-बड़े आयोजन में अपनी बेहतरीन फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी के जरिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस मौके पर सीओ सिटी सुनील कुमार झाझड़िया ने उनकी कड़ी मेहनत और निष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सेवाएं विभाग के लिए उत्कृष्ट हैं और सोनी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

जिला स्तर पर सिंगर संगीता सोनी सम्मानित

जागरुक टाइम्स संवाददाता

चूरू। राजकीय खेल स्टेडियम डीडवाना में गणतंत्र दिवस पर जिला स्तर पर संगीता सोनी सिंगर सम्मानित हुई। जिला स्तरीय पर डीडवाना कुचामन के जिला कलेक्टर पुखराज सैन व पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद मीणा द्वारा जिले संगीत के क्षेत्र में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर महेंद्र कुमार मीणा, एडिशनल एसपी हिमांशु शर्मा, डिप्टी एसपी धर्म पूनिया, थाना अधिकारी राजेंद्र कमांडो, एसडीएम विकास मोहन भाटी, तहसीलदार सुमेर सिंह शेखावत सहित विद्यालय के स्टाफ व शहर के गणमान्य लोगों ने दी बधाइयां । इस अवसर पर संगीता सोनी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

सड़क सुरक्षा जन जागरूकता के लिए छात्रों ने रैली निकाली

जागरुक टाइम्स संवाददाता

सादुलपुर। तारानगर में राज्य सरकार द्वारा घोषित सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत चौधरी लादूराम गोदारा मेमोरियल पब्लिक माध्यमिक विद्यालय तारानगर द्वारा सडक़ सुरक्षा जन जागरूकता हेतु विद्यालय प्रबन्धन एवं छात्रों द्वारा रैली का आयोजन किया गया। रैली में सडक़ सुरक्षा से सम्बन्धित जानकारी झांकी व विभिन्न पोस्टरो के माध्यम से दी गई । रैली को उपखण्ड अधिकारी राजेन्द्र कुमार, डीवाईएसपी रोहित सांखला व सीबीईओ डॉ सुमन जाखड़ ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया । रैली न्यायालय परिसर से रवाना होकर तहसील कार्यालय गढ परिसर तक गई जहां तहसीलदार शुभम शर्मा ने छात्रो का उत्साहवर्धन किया । इस अवसर पर संस्थान प्रधान डूंगरराम गोदार सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा ।

प्रयागराज परम धर्म संसद शिविर

पहली बार तीनों पीठ के शंकराचार्य एक मंच पर

प्रयागराज। द्वारका शारदा पीठ एवं ज्योतिष पीठ के ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद जी ने कहा हमे बहुत प्रसन्नता है की तीन पीठ के शंकराचार्य त्रिवेणी गंगा के तट पर एक साथ उपस्थित है। लोग एक शंकराचार्य के दर्शन के लिए तरसते है। और आज यहाँ परमधर्मसंसद में समुपस्थित लोगों का परम सौभाग्य है कि एक साथ तीन शंकराचार्यों के दर्शन लाभ ले पा रहे है। हमे पूर्ण विश्वास है गौ हत्या अवश्य बंद होगी।

द्वारका के शंकराचार्य स्वामी सदानंद जी ने कहा कि हम सब सनातन धर्मावलंबी है हम आत्मा को अजर-अमर मानते हैं।पूरे विश्व में जो भी दिखायी दे रहा है वो परमब्रह्म परमात्मा का विलास मात्र दिखायी पड़ता है। वेद संस्कृत भाषा में ही है इसलिए हमारी मूल भाषा संस्कृत है। जितना भी हमारा धार्मिक साहित्य है सब संस्कृत में है इस लिए संस्कृत भाषा का बहुत महत्व है । परमधर्मसंसद किसी भी परिसर में नहीं हो सकता वहीं हो सकता है जहाँ विद्वान विद्यमान हो। ज्योतिष्पीठाधीश्वर शंकराचार्य महाराज द्वारा चलाया जा रहा धर्मसंसद सनातनियों के धार्मिक हित के लिए अतन्यंत आवश्यक है । जैसे दूध में पानी की मिलावट की जाति है वैसे ही नकली धर्माचार्य बनाये जा रहे है रही है इसलिए हमे बहुत सचेत रहने की और अपने वास्तविक धर्माचार्य को पहचानने की आवश्यकता है। अगर हम धर्म की

रक्षा करेंगे तो धर्म स्वयं हमारी रक्षा करेगा।

श्रृंगेरी के शंकराचार्य विदुशेखर भारती जी ने कहा कि परमेश्वर के अवतार सनातन वैदिक धर्म के धारक परमपूज्य आदि गुरु शंकराचार्य जी ने लोकउद्धार के लिए एक विशिष्ट ग्रंथ प्रश्नुत्तरमल्लिका लिखी जिसमे उन्होंने स्वयं प्रश्न करके उत्तर दिया। इस ग्रंथ में एक प्रश्न है माता कौन है इसका जवाब आदि शंकराचार्य जी ने लिखा धेनुः अर्थात् गौ माता। आदि शंकराचार्य जी ने अपनी मल्लिका में दिखाया है की गौ माता की क्या महिमा है ? इसलिए गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करना चाहिए और गौ माता का विशेष रूप से रक्षा हो। जब तक गौ हत्या होती रहेगी हम इस देश में सुख - शांति से नहीं रह सकते। लोग पूछते है हमे गौ हत्या बंद करने का प्रयास कब तक करना है?? इसका जवाब है हमे गौ हत्या को पूर्तः प्रतिबंधित करने का प्रयास तब तक करना है जब तक गौ हत्या पूरी तरह बंद हो जाए और गौ माता राष्ट्र माता घोषित हो जाये। गाय के हर अंग में एक देवता है। गोमय में स्वयं लक्ष्मी माता विराजमान होती है। लोग अब संस्कृत भाषा को भूल गए है इसलिए हमे इस स्थिति को बदलना है सभी हिंदुओं को संस्कृत भाषा सीखनी चाहिए, प्रयोग में लानी चाहिए और इस भाषा के प्रति विशेष रूप से श्रद्धा रखनी चाहिए । ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी ने कहा कि शंकराचार्य जी की परंपरा अलौकिक है जो कभी समाप्त नहीं हो सकती। यहाँ तीन शंकराचार्य ब्रह्म, विष्णु,महेश के रूप में दिख रहें है और चौथे शंकराचार्य भी यहाँ विद्यमान है लेकिन जैसे परमब्रह्म दिखता नहीं वैसे वो दिखायी नहीं दे रहे है। देवताओं की भाषा संस्कृत है इसलिए देवताओं से संवाद करने के लिए हमे संस्कृत भाषा आनी चाहिए। हमेशा से संस्कृत हमारी भाषा रही है।इस बार जब भाषा की जनगड़ना हो तो ८० करोड़ लोग बताए हमारी भाषा संस्कृत है इससे सरकार को संस्कृत भाषा के लिए बजट देना होगा और संस्कृत भाषा के लिए महाविद्यालय बनाने होंगे जिससे रोजगार भी बढ़ेगा और हम फिर से अपनी भाषा की ओर जाएँगे। अंत में तीनो शंकराचार्य द्वारा संयुक्त रूप से धर्मादेश जारी किया गया।

विद्यार्थियों को कैप व जुराब का वितरण

जागरुक टाइम्स संवाददाता

सादुलपुर। राजगढ़ तहसील के शहीद हरफूल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जसवंतपुरा में विद्यार्थियों को ऊनी कैप व जुराब वितरण की गई। कार्यक्रम की अध्यक्ष प्रधानाचार्य सीताराम सिंघल ने शिक्षा हित के प्रयासों की सराहना करते हुए भामाशाहों का आभार जताया। वहीं भामाशाह प्रेरक अध्यापक सुनिल बैरासर ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से गांव वालो को वॉट्सग्रुप से अवगत करवाया गया, जिसमें चंद ही पलों में गांव जसवंतपुरा से ओमप्रकाश शर्मा, रामनिवास श्योराण व केरसिंह पूनिया की तरफ से कैप भेंट की गई, वही जुराब कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों को रामकिशन पूनिया व कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को प्रधानाचार्य सुनिता भार्गव की तरफ से भेंट की गई।कैप व जुराब पाकर सभी विद्यार्थी उत्साहित नजर आये द्य इस अवसर पर ग्रामवासी हवलदार पन्नेसिंह शेखावत, पूर्व सरपंच कृष्णसिंह राठौड़,महावीर नाई, रामेश्वर पूनिया, सांवरमल जांगिड़, दलीप जांगिड़, विनोद जांगिड़, धर्मपाल पूनिया, महेन्द्र श्योराण, भगवती प्रसाद जांगिड़, रोहताश गोठवाल, धर्मवीर व समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित था।

मौनी अमावस्या के पूर्व उमड़ा जन सैलाब

प्रयागराज। 28 जनवरी को महाकुम्भ के महा अमृत स्नान पर्व मौनी अमावस्या के एक दिन पूर्व से ही संगम की त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाने के लिए स्नानार्थियों/श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा है। तीर्थराज प्रयागराज की पावन धरती पर महाकुम्भ के सबसे प्रमुख अमृत स्नान पर्व मौनी अमावस्या पर करोड़ों श्रद्धालु पावन संगम त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाने के लिए तीर्थराज प्रयाग की नगरी संगम में लगातार आ रहे हैं । इस महापर्व पर आस्था का जनसैलाब उमड पड़ा हैं जिधर भी नजर जा रही है अपार जनसमूह{श्रद्धालु/स्नानार्थी} दिखाई पड़ रहे हैं। अमृत स्नान मौनी अमावस्या पर्व पर महाकुम्भ मेला क्षेत्र में दिन की शुरुआत के साथ-साथ श्रद्धालुओ/स्नानार्थियों की भीड़ निरंतर बढ़ती जा रही है । श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन व सुरक्षित स्नान हेतु सभी प्रवेश द्वारों/चौराहों/पार्किंग स्थलों/स्नान घाटों पर व्यापक पुलिस प्रबन्ध किए गए है ।जिसके तहत सम्पूर्ण महाकुम्भ मेला क्षेत्र मे नागरिक पुलिस,यातायात पुलिस,महिला पुलिस,अग्निशमक दल, पीएसी के जवान, बाढ़ राहत दल, एस0डी0आर0एफ0,

एन0डी0आर0एफ0, घुड़सवार पुलिस, आरएएफ, एटीएस के कमाण्डो, अर्धसैनिक बल के जवान व बम निरोधक दस्ता की टीमें व्यवस्थापित की गई हैं । संगम घाट सहित महाकुम्भ के अन्य सभी घाटों पर जल पुलिस के साथ-साथ मोटर-बोट नियुक्त कर स्नानार्थियों/श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु कड़े प्रबन्ध किये गये हैं एवं गोताखोर/डीप डाइवर के भी समुचित प्रबन्ध किये गये हैं। स्टीमर के माध्यम से लगातार संगम घाट एवं अन्य सभी घाटों की निगरानी की जा रही है। सुरक्षा के दृष्टिगत घाटों/जल में लगे फ्लड कम्पनी के जवानों द्वारा सतर्कता बरती जा रही है एवं सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों, ड्रोन के माध्यम से चप्पे-चप्पे पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है ।

मेला क्षेत्र में 'पब्लिक एड्रेस सिस्टम'

- मेला क्षेत्र में आने-जाने वाले सभी श्रद्धालुओं/स्नानार्थियों से 'पब्लिक एड्रेस सिस्टम' के माध्यम से लगातार अनुरोध किया जा रहा है कि
- 1- सभी श्रद्धालु/स्नानार्थी मेला क्षेत्र में आने के लिए निर्धारित मार्गो का ही उपयोग करें एवं सावधानी पूर्वक स्नान कर अपने गंतव्य को सकुशल वापस जाये।
- 2- परेड क्षेत्र से मेला क्षेत्र की ओर आने वाले श्रद्धालुओं/स्नानार्थियों से अनुरोध हैं निर्धारित स्नान घाट पर ही स्नान करें ।
- 3- झूंसी क्षेत्र से मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं/स्नानार्थियों से अनुरोध है कि झूंसी की तरफ बने स्नान घाटों पर स्नान करें ।
- 4- शहर वासियों से अनुरोध है कि हाशिमपुर फ्लाईओवर के माध्यम से बक्शी बाँध होकर नागवासुकी इंटरलॉकिंग के रास्ते निर्धारित स्नान घाटों पर पहुँचकर कुशलता पूर्वक स्नान करें ।
- 5- अरैल क्षेत्र से मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं/स्नानार्थियों से अनुरोध है कि अरैल की तरफ बने स्नान घाटों पर स्नान करें ।

उत्तर मध्य रेलवे

ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या : 25/06 दिनांक : 24.01.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **प्रधान मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उ0म0रे0, प्रयागराज (आई.एस.ओ.9001:2015 प्रमाणित इकाई)** निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं-

क्र. सं.	निविदा संख्या	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	निविदा खुलने की तिथि
1	63245470	इलास्टिक रेल क्लिप्स एमके-3 एज पर आरडीएसओ ड्राइंग न. T-3701.	1,97,350 नं	03-MAR-25
2	6324RC22	दिस इज टेंडर टू इंटर इनटू रेट कॉन्टैक्ट फॉर सप्लाई ऑफ अनकोटेड स्ट्रैस रिलीव्ड हाई टेन्साइल स्टील वायर स्ट्रैन्ड्स ऑफ 3 एमएम एक्स प्लाई एज पर आईएसः 6006-1983.	350 एमटी.	05-MAR-25
3	64255002	क्युमिन्स इंजन	01 नग	24.02.2025

नोट : उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण IREPS वेबसाईट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाओं में किसी भी बदलाव/शुद्धि-पत्र के लिए कृपया इस वेबसाईट को नियमित रूप से देखें। समाचार-पत्र में कोई अलग से शुद्धि-पत्र/परिवर्तन प्रकाशित नहीं किया जाएगा। **170/25 (D)**

North central railways @ CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

स्व. आईआर जांगिड़ ने विकट परिस्थितियों में शिक्षा की अलख जगाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया : जिला कलेक्टर सुराणा

जागरुक टाइम्स संवाददाता

चूरू। अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा जिला सभा चूरू व श्री विश्वकर्मा मंदिर प्रबंध समिति चूरू द्वारा स्थानीय विश्वकर्मा मंदिर में विख्यात शिक्षाविद प्राचार्य स्व श्री ईश्वर राम जांगिड व उनकी धर्म पत्नी स्व. विमला जांगिड की पुण्य तिथि पर उनकी याद में उनके सुपुत्र दीपक जांगिड़ के सौजन्य से मोतियाबिंद जांच व लैंस प्रत्यारोपण आपरेशन शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम ईश्वर राम जांगिड़ व विमला देवी जांगिड़ की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई उसके बाद सभी मचस्थ अतिथिओ का शॉल, प्रतीकचिन्ह, डायरी, पुस्तक, पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। जिला अध्यक्ष नीरज जांगिड़ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा विशिष्ठ अतिथि बसंत शर्मा जिला अध्यक्ष भाजपा चूरु, संत सानिध्य नवरत्न गिरी जी महाराज,मन्दिर अध्यक्ष झूमर मल राजोतिया समाजसेवी मूलाराम धामू विमला गढ़वाल सभी

अतिथिओ ने फीता काट कर शिविर का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि चूरू में प्रतिभा कि कोई कमी नहीं है यहां के लोग दूर दराज तक शिक्षा की अलख जगाई है जिसके परिणाम स्वरूप उच्च पदों पर आसीन हैं उन्होनें इस अवसर पर शिक्षाविद् स्व ईश्वर राम जांगिड व उनकी धर्म पत्नी स्व श्री मती विमला जांगिड को श्रद्धांजली अर्पित करते हुए उनके चित्र पर पुष्प चढ़ाएं और कहा कि उनके पुत्र दीपक जांगिड द्वारा आयोजित मोतियाबिंद जांच शिविर को दिवंगत आत्मा के लिए सार्थकता व उनको सच्ची श्रद्धांजलि ह। जिला कलेक्टर ने स्व श्री जांगिड जी के बारे में बताते हुए कहा कि उन्होंने विकट परिस्थितियों में भी खुद पढ़कर शिक्षा की अलख जगाई है जो आज के युवकों के लिए प्रेरणा दायक है जो नई पीढ़ी को आदर्श मानना चाहिए। कार्यक्रम में बसंत शर्मा ने अपने उद्बोधन देते हुए कहा कि प्रो. ईश्वर राम जांगिड़ व श्रीमति विमला देवी की पुण्य तिथि पर आयोजित इस शिविर में जन कल्याण की भावना से नर को नारायण मानते हुए उनके सुपुत्र दीपक जांगिड़ ने ये शिविर आयोजित कर प्रो.साहब को सच्ची श्रद्धांजली दी है। कार्यक्रम अध्यक्ष महासभा जिला अध्यक्ष नीरज जांगिड़ ने कहा कि आज आयोजिय शिविर में 221 बंधुओ की जांच की गई तथा 45 बंधुओ का ऑपरेशन होगा तथा सभी नि:शुल किया जाएगा जो के प्रो साहब को सच्ची श्रद्धांजली अर्पित होगे और मानव की सेवा होगी। कार्यक्रम के अंत में प्रो.ईश्वर राम जांगिड़ के पुत्र दीपक जांगिड पुत्रवधु पूजा जांगिड पौत्र दक्ष जांगिड़ यशविन जांगिड़ ने सभी का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया।

राजगढ़ पुलिस ने चोरी की बाइक बरामद करने के साथ चोरों को भी दबोचा

सादुलपुर। राजगढ़ पुलिस ने तीन रोज पूर्व चोरी हुई एक मोटरसाइकिल को बरामद करते हुए दो चोरों को भी गिरफ्तार कर लिया है। चोरी के आरोपी हरियाणा के प्रताप नगर (फतेहाबाद) निवासी और वर्तमान में राजगढ़ के माता मंदिर के पास रहने वाला सतीश बाल्मीकि तथा राजगढ़ के वार्ड 36 का निवासी दिनेश सोढ़ी राजपूत हैं। राजगढ़ पुलिस थानाधिकारी सीआई राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि 25 जनवरी को दिन दहाड़े वार्ड नंबर 3 में भगत सिंह चौक के पास रहने वाले राधेश्याम भार्गव के घर के आगे खड़ी मोटरसाइकिल को दो लोग चुरा कर ले गए। चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। पुलिस ने एएसआई प्रदीप कुमार के नेतृत्व में टीम गठित करते हुए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तकनीकी जांच पूरी की।

उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना सं. 2025-जनवरी-04 **दिनांकः 23.01.2025**

ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेल आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये **''खुली निविदा''** ई-टेण्डरिंग केवल ऑनलाइन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

क्र.सं.: 1- निविदा सं.: 2025-जनवरी-04-01 **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 30323342.74
कार्य का विवरण: बाद तथा मथुरा यार्ड में यार्ड लाइनों की गहरी छनाई तथा मलबा हटाने का कार्य। (शेष कार्य)

क्र.सं.: 2- निविदा सं.: 2025-जनवरी-04-02 **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 19689856.34
कार्य का विवरण: व. मंडल इंजीनियर द्वितीय आगरा के अधीन वेल्डिंग पोर्शन की आपूर्ति, पर्यवेक्षण, टूल व प्लान्ट तथा उपभोग्य सामग्री सहित ऐलुमिनो थर्मिट एस. के. वी. पद्धति से रेल जोड़ों की वेल्डिंग का कार्य।

क्र.सं.: 3- निविदा सं.: 2025-जनवरी-04-03 **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 3934656.50
कार्य का विवरण: व. मंडल इंजीनियर द्वितीय आगरा के क्षेत्राधिकार में मानव रहित वाहन (यू.ए.वी. ड्रोन) के द्वारा विभिन्न खंड़ों की एरियल वीडियोग्राफी तथा ईदगाह-बाँदीकुई खंड में बिचपुरी, रायभा, अछनेरा, चिकसाना, इकरन, हेलक, पपरेरा नदबई, खेड़ली घोसराना, मण्डावर, करणपुरा, बिवाई, तथा श्री घासीनगर,ईदगाह-बयाना खंड में पथौली, मिढ़ाकुर, किरावली, फतेहपुर सीकरी, रूपबास, बंशी पहाड़पुर व बंध बारेठा तथा भांडई-इटावा खंड में शमशाबाद, फतेहाबाद, बाह व उदी मोड (कुल 29 स्टेशन) पर ड्रोन/मानव रहित एरियल पद्धति तथा स्टीरियो फोटोग्रामेट्री तक्नीक से नक्शों का विकास कार्य।

क्र.सं.: 4- निविदा सं.: 2025-जनवरी-04-04 **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 537237.75
कार्य का विवरण: किराबली तथा मिढ़ाकुर-स्टेशन तथा कालोनी में 15 माह के लिये पेय जल की आपूर्ति का कार्य ।

निविदा को प्रस्तुत करने एवं निविदा के बारे में पूरी जानकारी के लिए भारतीय रेल की बेवसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। निविदायें केवल बेव पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से दिनांक **14.02.25** को **15:00** बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। **176/25 (MG)**

North central railways @ CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

बौद्धिक कौशल विकास को लेकर विभिन्न सृजनात्मक प्रतियोगिताएं आयोजित

पांच ब्लॉक के करीब पचास प्रतिभागियों ने लिया भाग

जागरूक टाइम्स संवाददाता

सिरोही। विवेकानंद राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सर केएम में मंगलवार को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर की ओर से विद्यार्थियों के बौद्धिक कौशल विकास को लेकर जिलास्तरीय विविध सृजनात्मक प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। आयोजक प्रधानाचार्य श्रीमती चन्द्रा खत्री ने बताया कि प्रतियोगिता में जिले की पांच ब्लॉक सिरोही, पिण्डवाड़ा, आबूरोड, रेवदर एवं शिवगंज के पचास विद्यार्थियों ने निबंध, आशुभाषण, एकलगीत, क्विज एवं चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया। पर्यवेक्षक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पाड़ीव के प्रधानाचार्य हितेश लोहार रहे। उप प्रधानाचार्य प्रमिला सिंघल, स्वदेशसिंह देवड़ा, सत्यप्रकाश आर्य, दिनेश कुमार व्यास, भरतसिंह देवल, सविता शर्मा राजेश कोटवानी, छगनलाल कुम्हार, कालूराम भील रेखा सोनीए संगीता डाबी, अजयपालसिंह, शैलेन्द्रसिंह, उषा कंवर, संतोष बालिया आदि मौजूद थे।

›› प्रतियोगिता के यह रहे परिणाम

आशुभाषण प्रतियोगिता में साक्षी खण्डेलवाल, खुशी देवासी तथा उषा राठौड़। एकल गीत में परवेश कलावंत, दीपक कुमार तथा अभिषेक मेघवाल। निबंध प्रतियोगिता में शीतल मामोडिया, शिल्पा मीणा तथा तनवीर बानो। चित्रकला में नितेश कुमार, सुमित कुमार तथा विक्रमसिंह इसी प्रकार क्विज प्रतियोगिता में प्रकाश कुमार, हिमांशी छीपा तथा गरिता कुमारी क्रमशः पहले, दूसरे तथा तीसरे स्थान पर रहे।

400 केवी बिजली घर की मांग

जागरूक टाइम्स संवाददाता

सिरोही। भारतीय किसान संघ की ओर से राज्यमंत्री ओटाराम देवासी को ज्ञापन देकर 400 केवी बिजली घर के स्वीकृति की मांग की। भाकिस के जिलामंत्री उत्तमसिंह, तहसील अध्यक्ष हरिसिंह दहिया, संरक्षक शंकर राजपुरोहित, युवा प्रमुख मगन प्रजापत, दिलीपसिंह राठौड़, पीरसिंह मौजूद थे।

मुख्यमंत्री सदभावना केन्द्र की स्थापना

जागरूक टाइम्स संवाददाता

जावाल। कबूतर चौक स्थित पुराने यात्री प्रतिक्षालय भवन में मंगलवार को मुख्यमंत्री सदभावना केन्द्र की स्थापना की गई है। जिसका मुख्य उद्देश्य नागरिकों द्वारा घरों में रखी अनुपयोगी वस्तुओं को मुख्यमंत्री सदभावना केन्द्र में जमा करवाना एवं उन चीजों को किसी जरूरतमंद तक पहुंचाना है। इओ सुरेश कुमार जीनगर ने बताया कि मुख्यमंत्री सदभावना केन्द्र में नागरिक अपनी अनुपयोगी वस्तुओं जैसे पुरानी किताबें, खिलौने, कपड़े, बर्तन, प्लास्टिक आईटम्स, जूते चप्पल ई-वेस्ट आदि को जमा करवा सकते हैं एवं वहां से कोई भी जरूरतमंद अपनी जरूरत की चीज प्राप्त कर सकता है। इस योजना के क्रियान्वयन से अनुपयोगी चीजें कचरा संग्रहण स्थान पर न जाकर किसी जरूरतमंद के काम आ सकेगी जो कि कचरा संग्रहण प्रबंधन और उपयोग की दिशा में एक उपयोगी एवं सकारात्मक कदम है। केन्द्र में जमा पुराने कपड़ों से कपड़े के थैले, तकिया कवर आदि जरूरत की चीजें बनाने के लिए शहर में संचालित स्वयं सहायता समूहों की महिला सदस्यों को सदभावना केन्द्र के सुचारू संचालन में सहयोग का आह्वान किया है। सदभावना केन्द्र सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक संचालित रहेगा।

सांसद मद से विद्यालय के लिए कम्प्यूटर व प्रिंटर की घोषणा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

कालन्द्री। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सांसद मद से करीब 3 लाख कर लागत के 10 कंप्यूटर सेट मय प्रिंटर क्रय करने की स्वीकृति दी गई। इस पर प्रधानाचार्य अमृतलाल माली समेत ग्रामीण एवं विद्यालय परिवार के लोगों ने सांसद चौधरी का स्वागत किया। प्राचार्य उमेश कुमार, व्याख्याता सनत आढा, दुर्गाराम मकवाना, नरेश कुमार, केवलराम, जितेंद्र कुमार बाबूलाल, श्रवण कुमार, जतिन कुमार, दिनेश कुमार, किशन कुमार, सुरेश कुमार, छगनलाल कुंडला, तेजराज, छैलसिंह, वीसाराम, नरेश खत्री, लता, ऊकाराम, मुकेश कुमावत, गजेंद सोलंकी एवं गिरिराजसिंह मौजूद रहे।

अभियान के तहत 150 लोगों को वितरित किए हेलमेट

जागरूक टाइम्स संवाददाता

पिण्डवाड़ा। राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह 2025 के तहत वोलकेम इण्डिया लिमिटेड सिरोहीरोड के ओर से सामाजिक उत्तरदायित्व निर्वहन निति के तहत आमजन को करीब 150 हेलमेट वितरित किए गए। वोलकेम इण्डिया लिमिटेड की ओर से जगदीश तिवारी (उपाध्यक्ष) एनआर. भटनागर, हितेश सनाड्ढय व पुनमाराम उपस्थित रहे। थानाधिकारी भवानीसिंह राजावत, यातायात प्रभारी चौपाराम, रतनाराम व कालुराम मौजूद थे।

शिविर में 300 मरीजों की जांच

जागरूक टाइम्स संवाददाता

गोयली। खाम्बल में मंगलवार को सरपंच मनोहर कंवर के सनिध्य, एसबीआई फाउण्डेशन व आंचल चेरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से हड्डी रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 300 मरीजों की जांच कर परामर्श देकर सभी को मुफ्त में दवा वितरित की। परियोजना संवयक गजेंद्रसिंह ने बताया की शिविर में डॉ सौरभ राठौर फिजिशियन, डॉ यश परमार ने निःशुल्क जांच की गई । ग्राम विकास अधिकारी योगेश दवे, समाजसेवी शैतानसिंह सोनगरा, जीतेन्द्र गर्ग, लकसिंह एवं जीतेन्द्र रावल मौजूद थे।

खन्दरा बाबा रामदेव मंदिर का वार्षिकोत्सव 31 को

जागरूक टाइम्स संवाददाता

पोसालिया। खन्दरा में बाबा रामदेव मंदिर का वार्षिकोत्सव शुक्रवार को रामनाथ महाराज के सानिध्य में आयोजित किया जाएगा। सवेरे दिनभर धार्मिक कार्यक्रम होंगे। दोपहर को महाआरती एवं प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। महाप्रसादी के लाभार्थी उम्मेदराम, मोहनलाल पुत्र शंकरलाल रहेंगे।

डाटा एनालिटिक्स विद पाइथन पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

पिण्डवाड़ा। माधव विश्वविद्यालय में डाटा एनालिटिक्स विद पाइथन पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी विभाग तथा ट्रेनिंग प्लेसमेंट विभाग के संयुक्त तत्वाधान में संपन्न हुई। कार्यशाला का शुभारंभ विश्वविद्यालय के प्रेसिडेंट डॉ. राजीव माथुर ने किया। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. भावेश कुमावत ने कहा कि यह पहल विद्यार्थियों के लिए डेटा-संचालित करियर तैयार करने के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यशाला के मुख्य वक्ता रेगेक्स सॉफ्टवेयर कंपनी के तुषार गोयल ने विद्यार्थियों को लाइव कोडिंग सत्र और केस स्टडी के माध्यम से व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। गोयल ने डाटा एनालिटिक्स के वास्तविक अनुप्रयोगों को समझाने पर जोर दिया, जिससे विद्यार्थियों को भविष्य में बेहतर निर्णय लेने में मदद मिल सके। समन्वयक डॉ. अतुल मिश्रा ने बताया कि यह कार्यशाला प्रतिभागियों में तकनीकी उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई है। कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग की विभागाध्यक्ष संगीतासिंह ने विद्यार्थियों को डाटा एनालिटिक्स के माध्यम से भविष्य में नए अवसरों के बारे में मार्गदर्शन दिया। इस कार्यक्रम में डॉ. प्रीनॉन बागची , डॉ. अमरजीत, केतन राजपुरोहित, प्रणय शर्मा, कौशल बारोट, नारायण सिंह सोलंकी और वि' म सुथार भी उपस्थित रहे।

सिद्धिविनायक के दो दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की धूम

शहर के अलग अलग मोहल्ले से महिलाएं ला रही है सांजी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

सिरोही। सदर बाजार स्थित खारी बावड़ी के पास अतिप्राचीन सिद्धिविनायक गणपति भगवान के जीर्णोद्धार मंदिर के दो दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आगाज गुरुवार से होगा। प्रतिष्ठा महोत्सव के पूर्व सिरोही शहर के विभिन्न गली मोहल्लों की महिला भक्तों की ओर से गजानंद भगवान के मंदिर प्रांगण में सर पर मेहंदी एवं गुड़ की प्रसादी के साथ गीत गाती महिलाएं भक्तिरस से आनंदित हो रही है। दो दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के पहले दिन गुरुवार को सवेरे हवन पूजा एवं शोभायात्रा निकाली जाएगी। रात को अंकुश गहलोत एण्ड पार्टी भजनों की प्रस्तुतियां देंगी। दूसरे दिन सवेरे प्रतिष्ठा एवं महाआरती तथा पूर्णाहुति होगी। इसके बाद राजमहल में फले चुंदड़ी का आयोजन किया जाएगा। प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर सदर बाजार को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया है। गजानंद भगवान मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा शहर के सनातन धर्म प्रेमी भक्तों को दो दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को सफल बनाने में लगे हुए है।

न्यूज ब्रीफ

निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

जागरूक टाइम्स संवाददाता

पोसालिया। पालड़ी एम में आरकेसीएल से मान्यता प्राप्त आइटी ज्ञान केन्द्र की और से संचालित संस्थान आरजेपीटी कम्प्यूटर सेंटर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को निः शुल्क आरएससीआइटी कम्प्यूटर कोर्स का शुभारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि उथमण उपसरपंच लक्ष्मण सुथार ने छात्राओं को पाठयपुस्तकें वितरण की। ताराराम कुमावत व संचालक रूपाराम बोराणा के अनुसार सरकारी भर्ती प्रतियोगिता परीक्षाओं में आरएससीआइटी कम्प्यूटर कोर्स आवश्यक है। दिनेश कुम्हार, मुकेश पटेल, हर्षित देवासी सगालिया, चीकू कंवर, हिना कुमारी, डिंपल मीणा, साबूरी कुमारी सहित महिलाएं व छात्राएं उपस्थित रही।

आबादी क्षेत्र की नहर में मिला आठ फीट लंबा मृत मगरमच्छ

जागरूक टाइम्स संवाददाता

सरुपगंज। नई धनारी में मंगलवार को सवेरे एक मगरमच्छ को नहर में आबादी क्षेत्र में दिखने से सनसनी फैल गई। सवेरे करीब आठ बजे नई धनारी नहर के पास खेल रहे बच्चों को करीब आठ फीट लंबा मगरमच्छ दिखाई दिया। जिसे देखकर वे चिल्लाते हुए घर की ओर भागे। बच्चों की आवाज सुनकर वहां पर लोगों ने पहुंच कर देखा तो मगरमच्छ मृत अवस्था में था। ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग एवं सरूपगंज पुलिस को सूचित किया। इस दौरान नहर के पानी में बहते मगरमच्छ के शव को ग्रामीणों ने सूझबूझ दिखाते हुए किनारे पर सुरक्षित निकाल लिया एवं वन विभाग के कर्मचारियों को सुपर्द किया।

क्षेत्र के लिए चिंता का विषय

बांधों से मगरमच्छ निकलकर नहर के रास्ते आबादी वाले इलाकों तक पहुंच रहे हैं। क्षेत्र के लिए यह चिंता का विषय है। आसपास के स्थानीय निवासी विशेषकर बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता सता रही है।

विद्यार्थियों ने की नवोदय विद्यालय की विजिट

जागरूक टाइम्स संवाददाता

सिरोही/कालन्द्री। पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वीरवाड़ा के विद्यार्थियों ने पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय कालन्द्री का विजिट किया। प्राचार्य पी सेल्वम द्वारा स्टाफ को पुष्प-गुच्छ भेंट कर स्वागत तथा स्काउट विद्यार्थियों द्वारा विद्यार्थियों के तिलक लगाया गया। इसके बाद प्राचार्य ने नवोदय विद्यालय की कार्य प्रणाली को और उपलब्धियां को सविस्तार बताया। जगदीश प्रसाद, श्रीमती ममता शर्मा, राकेश पालीवाल एवं राजाराम वैष्णव का सहयोग रहा।

इबादत से मनाई शब-ए-मेराज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

मंडार। मुस्लिम समाज की ओर से सोमवार को शब ए मेराज की को रात भर इबादत करके अपने गुनाहों से तोबा करके गुजारी। मौलाना सदिक अकबरी ने कहा कि इस्लामी महीने रजब महीने की 27 तारीख यानी 27वीं रात को शब ए मे राज कहा जाता है। इस रात में इबादत करने का फायदा जरूर मिलता है। रात भर इबादत करने के बाद अनेक लोग रात को ही कब्रिस्तान पहुंचे जहा पूर्वजों के लिए भी दुआएं मांगी गई। मस्जिद को बेहतरीन रोशनी से सजाया गया। मास्टर अशरफ अशगरी, निसार मोहम्मद, डॉ इब्राहिम पठान, सिकंदर खान पठान,अकरम भाटी, सलीम मकरानी, सुल्तान भाई मेवाती, शरीफ शेख, तनवीर भाटी सहित मौजूद रहे।

गोद भराई और अन्न प्राशन की रस्म की अदा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

कालन्द्री। आंगनबाड़ी केन्द्र में मंगलवार को गोद भराई एवं अन्न प्राशन की रस्म अदा की गई। पंचायत समिति सदस्य गीता देवी, कौश्लया शर्मा, बसंत मेघवाल, नीमा आदि मौजूद थे।

स्वच्छ भारत मिशन के प्रति अत्यंत गंभीरता रखें अन्यथा दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध न्यायालय को संज्ञान लेने एवं कार्रवाई की सिफारिश की जाएगी : गुप्ता

जागरुक टाइम्स संवाददाता

झुंझुनूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बार-बार स्वच्छता को लेकर संदेश दे रहे हैं। सभी कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों का राजनीतिक और नैतिक दायित्व बनता है कि स्वच्छता के संकल्प को हर हाल में साकार करना होगा। स्वच्छता के दम पर ही हम एक विकसित

भारत और विकसित राजस्थान की संकल्पना देख सकते हैं जो धरातल पर लागू करनी होगी। यह वक्तव्य स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण राजस्थान सरकार में प्रदेश समन्वयक और शेखावाटी अंचल की नगर परिषद झुंझुनूं तथा नगर पालिका नवलगढ़ और मंडावा के न्याय मित्र केके गुप्ता ने व्यक्त किया है। गुप्ता ने कहा कि पीएम और सीएम के बहुत बड़े विजन स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों के प्रति लापरवाही रखने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा संज्ञान लेने एवं अनुशासनात्मक कार्यवाही करने संबंधी अनुशंसा माननीय न्यायालय को की जाएगी। उन्होंने कहा कि अधिकारियों और कर्मचारियों को इस मिशन को हल्के में लेने की गलतफहमी में नहीं रहना चाहिए बल्कि उन्हें समय-समय पर मिलने वाले निर्देश अनुसार स्वच्छता कार्यों को प्राथमिकता में सबसे ऊपर रखते हुए कार्य करने होंगे। स्वच्छता कार्य सिर्फ निरीक्षण के दौरान अच्छा दिखाने के लिए नहीं बल्कि सभी 365 दिन स्वच्छ भारत मिशन के सभी मापदंड और घटक पर कार्य होना सुनिश्चित किया जाए। उल्लेखनीय है कि गुप्ता को निकायों झुंझुनूं, नवलगढ़ और मंडावा के लिए न्याय मित्र की जिम्मेदारी माननीय जिला एवं लोक अदालत झुंझुनूं द्वारा प्रदान की गई है। निकाय झुंझुनूं, नवलगढ़ और मंडावा को लिखा पत्र : न्याय मित्र गुप्ता द्वारा आयुक्त नगर परिषद झुंझुनूं और अधिशासी अधिकारी नगर पालिका नवलगढ़ तथा मंडावा को पत्र लिखकर निर्देश देते हुए बताया गया है कि प्राय: देखा गया है कि जब-जब मेरा निरीक्षण होता है, संबंधित निकाय सफाई की अच्छी व्यवस्था कर देती है तत्पश्चात उसे पर ध्यान नहीं दिया जाता है। आपको सूचित किया जाता है कि निम्न कार्यों पर कठोरता से ध्यान देने की आवश्यकता है।

ये 12 बिंदू बताए अधिकारियों को, कहा—अक्षरशः पालना हो

न्याय मित्र गुप्ता ने 12 बिंदू अधिकारियों को बताए है। जिसके तहत घर-घर कचरा संग्रहण के तहत 100 प्रतिशत रूप से घरों से कचरा संग्रहण, कचरा 365 दिन उठे, कचरा टाइम बाउंड उठे, गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग उठे। साथ ही उपरोक्त कार्य की जीपीएस से मॉनिटरिंग की जानी चाहिए तथा प्रतिदिन उसकी सीट निकालना आवश्यक है। इसके अलावा अतिक्रमण से मुक्त शहर के तहत व्यापारी अपनी दुकान का सामान सड़क पर रखकर ट्रैफिक को बाधित कर रहे हैं तथा बड़ी दुर्घटना होने की संभावनाओं को आमंत्रित कर रहे हैं जिस पर सख्त कार्रवाई नियमित करने की आवश्यकता है। जिसमें फोटोग्राफी करवा चालान बनाकर न्यायालय में पेश करना जैसी मुख्य कार्रवाई की जावे। सड़क एवं नालियों की सफाई सुचारू करवाना, सड़कों पर किसी भी प्रकार के जानवर घूमते हुए नहीं पाए जाने चाहिए, प्लास्टिक में सिंगल यूज प्लास्टिक को रोकने के लिए जुर्माना एवम चालान बनाने जैसी कार्यवाही प्रमुखता से की जानी चाहिए, कमर्शियल एरिया की सफाई व्यवस्था रात्रि को होनी चाहिए कर्मचारियों की संख्या सुनिश्चित कर जिम्मेदारी से निर्वहन करवाना है केवल खानापूर्ति न हो उसकी रिपोर्ट नियमित ली जावे, सड़कों पर पोलो की लाईट नियमित जलनी चाहिए अगर कोई लाइट बंद है तो उसे तुरंत मरमत की जावे, सार्वजनिक टॉयलेटों की सफाई दिन में तीन बार कम से कम करवाई जावे उनकी स्थिति सुदृढ़ हो, पानी की पर्याप्त व्यवस्था की जावे, सार्वजनिक दीवारों पर किसी भी प्रकार के पोस्ट इत्यादि लगाने वाले के विरुद्ध दण्डनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जावे, शिकायत कक्ष का नंबर सार्वजनिक किया जावे तथा उसमें की जा रही शिकायतों के निस्तारण का उचित लेखा जोखा होना चाहिए, पुराने कचरा (लैगैसी वेस्ट) का निस्तारण की प्रक्रिया को शीघ्र संपादन कर कचरा यार्ड साफ करवाया जावे एवं हवेलियों का जिर्णोद्धार करवाने में आवश्यक कार्यवाही एवं उनको क्षति पहुंचाने वालो के विरुद्ध उचित कार्यवाही संपादित करे। उपरोक्त सभी कार्यों का निष्पादन ईमानदारी से करते हुए हर माह की 7 तारीख तक अपनी-अपनी रिपोर्ट मुझे मेल पर भेजे तथा निरीक्षण के दौरान अगर किसी भी प्रकार की अनियमितता पाई गई तो आपके विरुद्ध माननीय न्यायालय को संज्ञान लेने के लिए लिखते हुए उच्च अधिकारियों को लिखा जाएगा।

न्याय मित्र ने ये भी निर्देश दिए

न्याय मित्र गुप्ता ने यह भी निर्देश दिए हैं कि वर्तमान में चल रहे स्वच्छ भारत मिशन के अभियान में अपनी रैंकिंग सुधारने हेतु उचित कार्य संपादित कर अपनी निकाय को श्रेष्ठ बनाने का प्रयास करें। गुप्ता ने बताया कि यदि किसी भी व्यक्ति को स्वच्छता से संबंधित कोई भी शिकायत हो तो अपनी शिकायत मय फोटोग्राफ के व्हाट्सएप नंबर 9783306607 पर प्रेषित करें, जिससे संबंधित अधिकारी को पाबंद किया जा सके।

बाबा साहेब की प्रतिमा खंडित करने पर राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

जागरुक टाइम्स संवाददाता

झुंझुनूं। मेघवाल समाज संघ जिला शाखा झुंझुनूं के जिलाध्यक्ष पवन आलड़िया के नेतृत्व में राष्टपति को जिला कलेक्टर रामावतार मीणा के माध्यम से ज्ञापन देकर मांग की गई है कि पंजाब राज्य में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को खंडित करने वाले ऐसे असामाजिक तत्वों ने देशद्रोह का काम किया है। पवन आलड़िया ने कहा कि भारत सरकार का शासन-प्रशासन भारत गणराज्य के संविधान से चलता है और गणतंत्र दिवस के मौके पर इस घटना से देश के आत्म सम्मान एवं स्वाभिमान को गहरा आघात पहुंचा है। यह भी मांग की गई है कि भारत सरकार एक उच्च स्तरीय न्यायिक जांच आयोग का गठन करके पता लगाए कि इस प्रतिमा खंडित घटना के पीछे किन देशद्रोही शक्तियों का हाथ है और असामाजिक तत्वों को तुरंत गिरफ्तारी करें, कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। संगठन महासचिव डॉ. विकास काला ने कहा कि इस प्रकार की घटनाओं की भविष्य में कभी पुनरावृत्ति ना हो इसके लिए कठोर कानून बनाकर तुरंत सजा का प्रावधान किया जाए। प्रतिनिधिमंडल में कोषाध्यक्ष डॉ. अशोक गर्वा, महासचिव अजय काला, डॉ. दिनेश बड़जात्या, अनुराग बड़जात्या, सचिन कांटीवाल, मनोज चंदानी, विकास आल्हा जिलाध्यक्ष भीम आर्मी, अनिल बाडेटिया, एडवोकेट सुनिल सेवदा, शारदा जिनोलिया व मुकेश महरिया उपस्थित थे।

रवि इंडियन पब्लिक स्कूल के 54 छात्र-छात्राओं का राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल में चयन

जागरुक टाइम्स संवाददाता

झुंझुनूं। राष्ट्रीय स्तर की श्रेष्ठतम शिक्षण संस्थान रवि इंडियन पब्लिक सैकंडरी स्कूल में मंगलवार को राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल की ओर से घोषित प्रवेश परीक्षा परिणाम में अपनी श्रेष्ठता राष्ट्रीय स्तर पर इस बार भी साबित की है। संस्था के 54 होनहार छात्र-छात्राओं ने इस परीक्षा को उतीर्ण कर संस्थान का परचम राष्ट्रीय स्तर पर फहराया है। इस अवसर पर संस्था निदेशक रवि कुमार ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत व कुशल अनुभवी टीम के अथक प्रयास से संभव हो सकी। उन्होंने सभी सफल छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। प्रबंध निदेशिका अनामिका पूनियां ने सभी सफल छात्र-छात्राओं का तिलक व माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक सुभाषचंद्र झाझड़िया, सुरेंद्र मान, राजेंद्रसिंह हर्षवाल, रामनिवास भड़िया, विकास ढ़ेवा एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

उत्तर मेट्रिक छात्रवृत्ति योजना के आवेदन पत्रों के आक्षेप पूर्ति की अंतिम तिथियां की गई निर्धारित

जागरुक टाइम्स संवाददाता

झुंझुनूं। शैक्षणिक सत्र 2023-24 में उत्तर मेट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं यथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग, आर्थिक पिछड़ा वर्ग, मुख्यमंत्री सर्वजन उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति योजना में ऑनलाइन प्राप्त आवेदन पत्रों में से कुछ आवेदन पत्रों में आंशिक कमियां, आक्षेप व रेड फ्लेग में होने के कारण विभाग द्वारा आक्षेपित किया है। ऐसे आवेदन पत्रों में संबंधित विद्यार्थी व शिक्षण संस्थाओं द्वारा आक्षेप पूर्ति करने के लिए अवसर दिए जाने के उपरांत भी कतिपय विद्यार्थियों व शिक्षण संस्थाओं द्वारा आक्षेप पूर्ति कर ऑनलाइन फॉरवर्ड नहीं किया गया है। जिसकी वजह से ऐसे छात्रवृत्ति आवेदन पत्रों की स्वीकृति एवं भुगतान संबधी कार्यवाही किया जाना संभव नहीं हो पा रहा है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक डॉ. पवन पूनियां ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 के विद्यार्थियों के स्तर पर आक्षेप व अन्य कारणों से लंबित आवेदन पत्रों की आक्षेप पूर्ति कर शिक्षण संस्थान को ऑनलाइन फॉरवर्ड करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2025 निर्धारित की गई है। शिक्षण संस्थान द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्रों की जांच कर पात्र आवेदन पत्रों को स्वीकृतकर्ता अधिकारी तक ऑनलाइन फॉरवर्ड करने की अंतिम तिथि 10 फरवरी 2025 निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि उपरांत समस्त आवेदन पत्रों को निरस्त कर दिया जाएगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी छात्र—छात्राओं एवं शिक्षण संस्थान की होगी।

श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था की चतुर्थ श्री श्याम निशान पदयात्रा 10 मार्च को

जागरुक टाइम्स संवाददाता

झुंझुनूं। श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के तत्वावधान में श्री श्याम भक्त झूमते, गाते, गुलाल लगाते बाबा श्याम के जयकारे के साथ 10 मार्च सोमवार को चतुर्थ श्री श्याम निशान पदयात्रा खेतानों का मोहल्ला स्थित श्री श्याम मंदिर झुंझुनूं धाम बाबा के दरबार में पहुंचकर बाबा के चरणों में निशान अर्पण करेंगे। रंग बिरंगे सजे—धजे निशान और साथ में फूलों की बारिश के बीच निशान पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए संस्था के मुख्य ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान ने बताया कि चतुर्थ श्री श्याम निशान पदयात्रा में 31 निशान होंगे। जिसमें एक निशान बालाजी का एवं कुछ छोटे निशान बच्चों के भी बाबा श्याम को चढाए जाएंगे। इससे पहले चूणा चौक राणी सती रोड आशीर्वाद पैलेस स्थित आशीर्वाद बालाजी मंदिर में 10 मार्च सोमवार एकादशी सुबह 9:15 बजे निशानों की पूजा अर्चना एवं बाबा श्याम की ज्योत श्याम भक्त रामाकांत हलवाई के सानिध्य में ली जाएगी। उन्होंने बताया कि पूर्व की भांति श्री श्याम मंदिर झुंझुनूं धाम खेतान मोहल्ला में बाबा श्याम के दरबार में छप्पन भोग एवं फलों का प्रसाद भी लगाया जाएगा। श्री श्याम निशान पदयात्रा को गरिमामय रूप से संपन्न करवाने में श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान, श्रवण केजड़ीवाल, परमेश्वर हलवाई, सीए पवन केडिया, रोहिताश्व बंसल, आशीर्वाद पैलेस के परिवारजनों में केशरदेव तुलस्यान, सीए प्रशांत तुलस्यान, केशव पंसारी, अरुण ढंढारिया, सुशील रिंगसिया, सौरभ रिंगसिया, अशोक अनुज गाडिया, रोहित भगत, नवीन जालान, कालूराम तुलस्यान, इंद्रचंद तुलस्यान, स्मित जालान, दिलीप हंसासरिया, राकेश एवं मुकेश टेकड़ीवाल गणमान्य जन में विजय कुमार तुलस्यान, माधव तुलस्यान, कैलाशचंद्र सिंघानिया, रघुनाथ पोद्दार, अशोक तुलस्यान, शिवचरण पुरोहित, योगेश खंडेलिया, हरीश खंडेलिया, आशीष जालान एवं आशीष श्रीमोहन तुलस्यान सहित अन्य गणमान्य जन का सपरिवार प्रतिवर्ष सराहनीय योगदान रहता है। विदित है कि श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था न केवल धार्मिक कार्यक्रमों में अपितु सामाजिक सरोकारों में भी अपनी अग्रणी भूमिका पिछले पांच वर्षों से लगातार निभा रहा है। जिसमें दानदाताओ के सौजन्य से जरूरतमंद लोगों को कंबल एवं भोजन की थाली वितरण, सड़क सुरक्षा के अंतर्गत हेलमेट वितरण, सरकारी स्कूल के बच्चों को स्वेटर, जूते, जुराब एवं पाठ्य सामग्री का वितरण प्रमुखता से किया जा रहा है। कोराना काल में दानदाताओं के सौजन्य से संस्था की ओर से मास्क, सेनेटाइजर, सेनेटाइजर स्टैंड एवं खाद्य सामग्री का वितरण बड़ी संख्या में किया गया। जिसके लिए संस्था के ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान को झुंझुनूं एकेडमी में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में केबिनेट मिनिस्टर द्वारा सम्मानित भी किया गया।

शिव गौशाला में लगे निशुल्क चिकित्सा शिविर में 472 रोगी लाभान्वित

जागरुक टाइम्स संवाददाता

गुढ़ागौड़जी। रघुनाथपुरा के स्व. मुकेश रेपस्वाल की याद में शिव गौशाला में विशाल निशुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर लगाया गया। जिसमें 472 रोगी लाभान्वित हुए। सुमेर सिंह रेपस्वाल ने बताया कि शिविर में 113 लोगों ने जांच करवाई। वीरेंद्र रेपस्वाल ने बताया कि शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जोगेंद्र गढ़वाल, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. शर्मिला, नशा मुक्ति एवं मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. नवीन कुलहरि, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपक झाझड़िया, जनरल फिजीशियन डॉ. विकास चौधरी, मुख एवं दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप चौधरी, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक ने सेवा दी। रेपस्वाल ने बताया कि शिविर में मरीजों के लिए एम्बुलेंस सेवा भी उपलब्ध रही। साथ ही आंखों की फेको मशीन द्वारा एवं पेशाब, खून, बीपी, शुगर और ईसीजी की जांचे निशुल्क हुई। इससे पहले शिव गौशाला में गायों के लिए सवामणी की गई। रघुनाथपुरा मुख्य बस स्टैंड पर यात्रियों के लिए बैठने के लिए पांच कुर्सी रखी गई। रघुनाथपुरा गांव के नवयुवक मंडल द्वारा घोषणा की गई कि कभी भी किसी को रक्तदान को आवश्यता होती तो मंडल की टीम रक्तदान करेगी। इस मौके पर पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, जिप सदस्य अजय भालोठिया, पंस सदस्य बसंत चौधरी, पूर्व जिप सदस्य राजेंद्र केड, पूर्व जिप सदस्य राजीव गौरा, पूर्व सरपंच फोरम जिलाध्यक्ष विजयपाल भाटीवाड़, रघुनाथपुरा सरपंच सजंय नेहरा, पोसाना सरपंच प्रतिनिधि अमित ढेवा, गुढ़ागौड़जी थानाधिकारी राममनोहर ठोलिया, उदयपुरवाटी तहसीलदार रजनी यादव, उदयपुरवाटी थानाधिकारी कस्तूर वर्मा, भाजपा नेता वीरपाल सिंह शेखावत, सुशील मलसरिया, सुरेंद्र रसगनिया, प्रोफेसर रामकुमार सिंह रेपस्वाल, डॉ. शिवताज सिंह रेपस्वाल, शिक्षाविद हवासिंह भूरिया आदि मौजूद थे।

वित्तीय साक्षरता जागरूकता विषय पर एक दिवसीय वेबीनार का आयोजन

झुंझुनूं। मंगलवार को श्री राधेश्याम आर मोरारका राजकीय महाविद्यालय झुंझुनूं में बौद्धिक सम्पदा अधिकार प्रकोष्ठ एवं भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में वित्तीय साक्षरता जागरूकता विषय पर एक दिवसीय वेबिनार का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. सुरेन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों को अभी से बचत की प्रवृत्ति विकसित करने के लिए प्रेरित किया तथा बचत को सही जगह निवेश कर जीवन को खुशहाल बनाने का मंत्र दिया। बौद्धिक संपदा अधिकार प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. कविता चौधरी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। तत्पश्चात मुख्य वक्ता हिमांशु शर्मा ने वित्तीय प्रबंधन, निवेश के जोखिम व सावधानियां, निवेश के विभिन्न क्षेत्रों आदि को रोचक उदाहरण द्वारा समझाया और अपनी आय का बजट बनाकर बचत को सही जगह निवेश और इसके फायदे के बारे में विस्तार से बताया तथा उपस्थित प्रतिभागियों ने मुख्य वक्ता से निवेश के तरीके तथा बचत के विकल्प आदि के बारे में प्रश्न पूछ कर अपनी जिज्ञासाओं को शांत किया। आईक्यूएसी प्रभारी प्रोफेसर मंजू चौधरी ने बताया कि यह वेबीनार विद्यार्थियों तथा सभी संकाय सदस्यों के लिए बहुत ही उपयोगी रहेगी। कार्यक्रम में मंच संचालन एवं आभार डॉ. आकांक्षा डूडी ने व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे, साथ ही कई प्रतिभागी ऑनलाइन माध्यम से भी जुड़े।

न्यूज ब्रीफ

झुंझुनूं विप्र समाज का प्रतिनिधि मंडल ने घनश्याम तिवाड़ी से की शिष्टाचार भेंट

जागरुक टाइम्स संवाददाता

झुंझुनूं। गौड़ ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष पवन शर्मा के नेतृत्व में झुंझुनूं विप्र समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यसभा सांसद व भाजपा के वरिष्ठ नेता घनश्याम तिवारी से जयपुर स्थित पार्टी मुख्यालय में जाकर शिष्टाचार भेंट की। जानकारी देते हुए भाजपा नेता महेश बसावतिया ने बताया समाज का प्रतिनिधिमंडल तिवारी का माला व दुपट्टा पहन कर फूल का गुलदस्ता भेंट किया। विप्र समाज के प्रबुद्धजनों ने घनश्याम तिवाड़ी से विप्र समाज को राजनीतिक पटल पर उचित प्रतिनिधित्व देने के साथ ही सामाजिक उत्थान के बारे में विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर राजस्थान गौड़ ब्राह्मण महासभा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष विजय कुमार बासोतिया, उमाशंकर महमिया, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष कमलकांत शर्मा, समाज के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, भाजपा जिला महामंत्री योगेंद्र मिश्रा, पार्षद चंद्रप्रकाश शुक्ला, समाज के जिला मंत्री सुरेंद्र शर्मा आदि मौजूद थे।

सेवा भारती सर्व समाज का सामूहिक विवाह समारोह आयोजित करेगी

जागरुक टाइम्स संवाददाता

चिड़ावा। सेवा भारती समिति चिड़ावा की जिला बैठक समिति के जिलाध्यक्ष विष्णुकांत अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई। संघ कार्यालय में आयोजित बैठक में सेवा भारती के प्रांत संगठन मंत्री द्वारकाप्रसाद का मार्गदर्शन मिला। बैठक में आगामी अक्षय तृतीया को सर्व समाज का सामूहिक विवाह समारोह आयोजित करने का निर्णय किया गया। जिसमें आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बेटियों का विवाह सेवा भारती करवाएगी। बैठक में जिला मंत्री महेंद्र कुमार सैनी, जिला सह मंत्री नरेश कुमार वर्मा, जिला उपाध्यक्ष डॉ. अनिता मोदी, ओमप्रकाश टेलर, स्वास्थ्य आयाम प्रमुख डॉ. अशोक शर्मा, सेवाराम गुप्ता, डॉ. शंभू पंवार, प्रोफेसर केएम मोदी, सुरेश जलिंद्रा, शालिनी गुप्ता, स्वाति गुप्ता, संदीप शास्त्री, संजय गोयल, सुभाष व्यास, संदीप शर्मा, सुरेंद्र कौशिक, डॉ. बीएल वर्मा, हरीश सोलंकी, रामनिवास वर्मा, प्रवीण वर्मा, रामकिशन सैनी सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

लाइब्रेरी का प्रथम स्थापना दिवस मनाया

जागरुक टाइम्स संवाददाता

झुंझुनूं। मंगलवार को डॉ. बाबा साहब अंबेडकर भवन झुंझुनूं में मास ग्रुप द्वारा संचालित लाइब्रेरी का प्रथम स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अंबेडकर भवन के संचालक महावीर सानेल, डॉ. महेंद्र सानेल, पवन, डॉ. नीतेश गर्वा, विकास के द्वारा संबोधित किया गया। इस कार्यक्रम में लाइब्रेरी के छात्र—छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक प्रोग्राम व बाबा साहब के बारे में विचार व्यक्त किए गए। कार्यक्रम में लाइब्रेरी के लगभग 150 लड़कों एवं लड़कियों ने भाग लिया। यह लाइब्रेरी अनुसूचित जाति के बच्चों के लिए मास ग्रुप द्वारा संचालित की जा रही है। कार्यक्रम का संचालन अशोक एवं हरिश मालसर द्वारा किया गया। संचालन में अविनाश, जितेंद्र, आशीष, योगेश, निशांत, सचिन आदि द्वारा सहयोग किया गया।

जिला संघर्ष समिति ने राष्ट्रपति के नाम दिया कलेक्टर को ज्ञापन

जागरुक टाइम्स संवाददाता

झुंझुनूं। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अत्याचार विरोधी संघर्ष समिति झुंझुनूं जिलाध्यक्ष रामानंद आर्य नेतृत्व में महामहिम राष्ट्रपति नई दिल्ली को जिला कलेक्टर रामावतार मीणा द्वारा ज्ञापन देकर मांग की गई है कि पंजाब राज्य में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को खंडित करने वाले ऐसे असामाजिक तत्व ने देश देशद्रोह का काम किया है। भारत सरकार का शासन प्रशासन भारत गणराज्य के संविधान से चलता है इस घटना से देश के ज्यादा सम्मान है स्वाभिमान वगैरह आजाद पहुंचा है। यह भी मांग की गई है कि भारत सरकार एक उच्च स्तरीय न्यायिक जांच आयोग का गठन करके पता लगाए कि इस प्रतिमा खंडित घटना के पीछे किन देशद्रोही शक्तियों का हाथ है और सामाजिक तत्वों को तुरंत गिरफ्तारी करें। कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। इस अवसर पर संरक्षण प्रोफेसर जयलाल सिरोवा, बलबीरसिंह काला, सेवानिवृत डिप्टी निरंजनप्रसाद आल्हा, जिला महासचिव विकास आल्हा, कोषाध्यक्ष देवकरणसिंह महरिया, विधि सलाहकार एडवोकेट सीताराम सेवदा, मीडिया प्रभारी अभिषेक, एडवोकेट सुनील सेवदा, सुभाषचंद्र मारिगसर, एडवोकेट मंजू बरवड़, रामप्रताप बरवड़, सवाईसिंह सर्वा, रामकरण नारनौलिया, सतवीर बरवड़, अशोक, जगदीश बेरवाल, संजय शास्त्री, वीरेंद्र मीणा, महेंद्रसिंह चारावास, सरदारसिंह बलान,, बीएल बौद्ध, धर्मपाल शीला, अम्मीलाल गोठवाल, लीलाधर चौहान, नाहरसिंह आदि उपस्थित रहे।

सांडेराव : युवक को घर बुलाकर बंधक बनाया

लाठी डंडों से पीट-पीट कर किया अधमरा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

सांडेराव। सांडेराव पुलिस थाना क्षेत्र के अकदड़ा सरहद में नेशनल हाईवे 62 नमस्ते होटल के सामने एक घायल अवस्था में युवक मिला। मोटरसाइकिल उसके पास खड़ी थी तथा उसका एक साथी भी उनके साथ में था, घायल अवस्था में होने के कारण वहां से गुजर रहे राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सांडेराव पुलिस मौके पर पहुंची। घायल से जानकारी पूछी तो उसने बताया कि उसका नाम मनीष है, पाली का निवासी हैं तथा उनका सिन्दरू गांव के पास एक बेर पर उनके एक रिश्तेदार रहते है जिसने फोन करके मिलने के बहाने बुलाया था।

उसके बाद मनीष को चार लोग बंधक बनाकर रात भर लाठी डंडो से पीटते रहे तथा उसके दोस्त विक्रम को डरा धमकाकर कर रात भर बैठा कर रखा।

सुबह हुई तो विक्रम अपने दोस्त मनीष को घायल अवस्था में बाइक पर बैठाकर कर नेशनल हाईवे 62 आकदडा सरहद नमस्ते होटल तक पहुंचा, लेकिन मनीष कि स्थिति गंभीर होने के कारण वो बेहोश होकर गिर गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर घायल अवस्था में मनीष को बिरामी टोल की एम्बुलेंस की सहायता से सांडेराव राजकीय अस्पताल पहुंचाया जहां गंभीर स्थिति होने पर पाली रैफर किया गया। अभी भी मनीष कि स्थिति नाजुक बनी हुई है।

टैक्सी यूनियन के चालकों ने हीराराम को बनाया अध्यक्ष

सांडेराव। मामाधणी जीप-टैक्सी यूनियन की एक दिवसीय आम बैठक मामाजी मंदिर परिसर में रमेश जोशी की अध्यक्षता में समस्त जीप-टैक्सी चालकों व मालिकों की मौजूदगी में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित टैक्सी चालकों से रमेश जोशी ने आह्वान किया कि वे इधर-उधर स्थित प्राचीन तीर्थ स्थलों पर दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं के साथ किसी तरह का कोई भी अभद्र व्यवहार नहीं किया जाएगा। टैक्सी चालक अपने वाहन को निर्धारित स्टैंड पर ही अपने वाहनों को खड़े करें, बीच सड़क पर खड़ा कर यातायात को बाधित नहीं करेंगे। लंबी दूरी पर सवारियों को किराए पर लेकर जाने वाले टैक्सी चालक पहले यूनियन के रजिस्ट्रर में जों व्यक्ति जीप- टैक्सी किराए पर लेकर जा रहा है, उसके मोबाइल नंबर, आधार कार्ड दर्ज करवा कर किराए पर जाएं। एक निश्चित निर्धारित किराया के अलावा अगर अधिक राशि वसूल की जाती है तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान बैठक में उपस्थित सभी जीप-टैक्सी यूनियन के चालकों ने सर्वसम्मति से हीराराम हिरागर कों मामाधणी टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया तथा धर्माराम कुमावत को उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। बैठक में उपस्थित केवाराम, रमेश जोशी, पिंटू भाई, पप्पू जोशी, वकता राम मेघवाल, सवाराम देवासी, उदाराम मीणा, चौथाराम देवासी, चुन्नीलाल देवासी, कानाराम, नारायण लाल हिरागर, मदन लाल, हिरागर सहित उपस्थित सभी सदस्यों ने अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया।

खेल सप्ताह का आगाज

100 मीटर भाला फेंक में छात्र-छात्राओं ने दिखाया दम

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

बाली। राजकीय महाविद्यालय बाली में खेल सप्ताह का भव्य शुभारंभ हुआ। महाविद्यालय प्राचार्य डा. आईदान सिंह राजपुरोहित ने कहा कि विद्यार्थियों के समग्र विकास में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक स्वास्थ्य के लिए खेल आवश्यक हैं। प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। छात्रा वर्ग में लीला कुमारी ने 100 मीटर और 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान हासिल किया। गोला फेंक में कसक कुमारी और तश्तरी फेंक में हैन्सी कुमारी विजेता रहीं। छात्र वर्ग में भी प्रतिभागियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया।

100 मीटर दौड़ में छगनलाल और 200 मीटर में रोहित लखारा ने बाजी मारी। गोला फेंक में सचिन भन्देशा, तश्तरी फेंक में अजय सोलंकी और भाला फेंक में सुरेश चौधरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

खेल संयोजक डा. उम्मेद कुमार चौधरी के अनुसार, विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डा. सोनल सीरवी, डा. तृप्ति असावा, डा. महेश, डा. मुकेश, डा. नरेश, प्रवीण गोयल, विष्णु कांत, महेंद्र गहलोत, कांतिलाल शर्मा, इमरान टांक, बालूराम, केवल चंद, भंवर सिंह राव सहित अन्य शिक्षकगण मौजूद रहे।

परमार को मुख्यमंत्री तांबा सम्मान पत्र से किया सम्मानित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

बाली। पाली जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस पर जिला मुख्यालय पर लोकतंत्र सेनानी अमृतलाल परमार का राजस्थान मुख्यमंत्री भजनलाललाल शर्मा के तांबा पत्र से कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत, पाली जिलाधीश लक्ष्मीनारायण मंत्री, ज्ञानचंद पारख द्वारा अमृतलाल परमार जिन्होंने आपातकाल 1975 में पाली, जालोर, सिरोही का नेतृत्व करते हुए सत्याग्रह करते हुए 16 महीने जेल में रहकर लोकतंत्र हित देश के लिए अपना समर्पण किया। जिस पर उनके सुपुत्र नरेंद्र परमार को प्रतिनिधि तौर पर सम्मानित किया । इस कड़ी में वंचित अन्य लोकतंत्र सेनानियों को भी मुख्य मंत्री तांबा पत्र द्वारा सम्मानित किया गया।

एक शाम आईमाता के नाम कल

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

खिंवाड़ा। स्थानीय कस्बे सहित समूचे अरावल क्षेत्र में माही बीज का पर्व 31 जनवरी शुक्रवार को पूर्ण उल्लास व उमंग के साथ मनाया जाएगा। वहीं डांयलाना कंला स्थित जीजीवड़ आईमाता मंदिर प्रांगण में माही बीज की पूर्व संध्या पर 30 जनवरी गुरुवार को एक शाम आईमाता के नाम भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। डायलाना कलां सरपंच राजाराम चौधरी व खिंवाड़ा व्यापार संघ के पूर्व अध्यक्ष तेजाराम चौधरी ने बताया कि माही बीज की पूर्व संध्या के मौके पर 30 जनवरी को डांयलाना कंला स्थित जीजीवड़ आईमाता मंदिर प्रांगण में एक शाम आईमाता के नाम भजन संध्या में एक दर्जन भजन कलाकार आईमाता मंडित भजनों की प्रस्तुति देंगे। वहीं कस्बे सहित आस-पास के गांवों में स्थित आईमाता की वडेर प्रांगण में माही बीज के मौके पर कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

मनमाने किराया वसूली व यात्रियों से अभद्र व्यवहार पर ज्ञापन सौंपा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

सुमेरपुर। जवाई बांध रेलवे स्टेशन से सुमेरपुर आने के लिए ऑटो चालकों द्वारा रेल यात्रियों से मनमाना किराया, राशि वसूलने को लेकर मंगलवार को सुमेरपुर रेल विकास सेवा संस्थान के प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस निरीक्षक रविंद्र सिंह खींची को ज्ञापन दिया। संस्थान अध्यक्ष पोपट लाल जैन ने बताया कि सुमेरपुर से जवाई बांध एवं अन्य गंतव्य स्थान पर रेल यात्रियों को आने जाने से ऑटो चालकों द्वारा मनमाना किराया वसूला जा रहा हैं। उनके साथ ऑटो चालक अभद्र व्यवहार भी कर रहें हैं। संस्था उपाध्यक्ष अनिल शाह ने बताया कि ऑटो चालकों के इस रवैये से यात्रियों को रात्रि व दिन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। कई बार यात्री शिकायत कर रहें हैं। जिसको लेकर संस्थान द्वारा कैबिनेट मंत्री से भी पूर्व में इस संबंध में चर्चा की गई थी। प्रतिनिधि मंडल ने सीआई से समस्या को गंभीरता से लेते हुए तुरंत प्रभाव से ऑटो चालकों को नियमानुसार किराया राशि लेने, यात्रियों को सुरक्षित गंतव्य स्थान तक पहुंचाने में कोई कोताही नहीं बरतने व व्यवहार में सुधार करवाने की मांग की हैं। इस मौके पर कोषाध्यक्ष राजेश जोशी, नेनमल सोनी, प्रकाश अग्रवाल, रमेश बोराणा आदि सदस्य मौजूद रहे।

खिंवाड़ा बालाजी मेले को लेकर बैठक कल

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

खिंवाड़ा। स्थानीय कस्बे के आराध्य देव बालाजी महाराज के आगामी 10 अप्रैल को आयोजित होने वाले दो दिवसीय बालाजी मेले की तैयारियों को लेकर बालाजी ट्रस्ट, खिंवाड़ा व्यापार संघ, मेला आयोजक परिवार व ग्रामीणों की संयुक्त बैठक 30 जनवरी गुरुवार को ट्रस्ट अध्यक्ष घीसूलाल जैन की अध्यक्षता में बालाजी महाप्रसादी स्थल पर आयोजित होगी। बैठक में मेले की व्यवस्था संबंधी चर्चा कर अलग-अलग कमेटियों का गठन किया जाएगा। यह जानकारी खिंवाड़ा बालाजी ट्रस्ट सचिव एडवोकेट निर्मल आचार्य ने दी।

आमंत्रण पत्रिका कल मंदिरों पर चढ़ाई जाएगी

स्थानीय कस्बे के आराध्य देव गोड़वाड़ का मुख्य खिंवाड़ा बालाजी महाराज के मेले को लेकर 30 जनवरी गुरुवार को कस्बे के तमाम मंदिरों पर आमंत्रण पत्रिका चढ़ाई जाएगी। खिंवाड़ा बालाजी ट्रस्ट सचिव एडवोकेट निर्मल आचार्य ने बताया कि आगामी दस अप्रैल को भरे जाने वाले गोड़वाड़ के मुख्य मेला खिंवाड़ा बालाजी महाराज के आमंत्रण पत्रिका गुरुवार सुबह दस बजे मेला आयोजक मनोज कुमार राजमल खांटेड परिवार की ओर से चढ़ाई जाएगी।

कस्बे में लगातार बढ़ रहा वारदातों का ग्राफ

महिला के गले से कंठी छीनकर तीन लुटेरे फरार

▶▶ सात दिन में लगातार दो बड़ी वारदातें

▶▶ पुलिस के हाथ नहीं लगा कोई सुराग

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

सादड़ी। कस्बे ने इन दिनों लूट ओर चोरी की घटनाओं का ग्राफ बढ़ता दिखाई दे रहा है। सादड़ी थाना अंतर्गत पिछले एक सफ्ते मे लुटेरों ओर चोरों ने दो बड़ी वारदातों को बिना किसी डर के अंजाम दिया। कस्बे में पुलिस प्रसाशन के सिथिल रवैये के चलते आरोपी वारदात को अंजाम देने में सफल होते जा रहे है। मंगलवार की दोपहर करीब दो बजे दिन दहाड़े बेखौफ लुटेरों ने एक महिला को बिच रास्ते लूट कर फरार हो गए। सादड़ी-फालना सड़क मार्ग पर स्थित नागमनी होटल के सामने तीन बाइक सवार बदमाशों ने एक महिला के गले से कंठी लूटकर फरार हो गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़िता सुखी जनवा चौधरी अपने बेरे की ओर जा रही थीं। इसी दौरान एक बाइक पर सवार तीन बदमाश उनके पास आए। पहले वे महिला से आगे निकले और फिर अचानक बाइक को पीछे की ओर मोड़कर उनके गले में पहनी कंठी को छीन लिया। इसके बाद तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस एएसआई ईश्वर सिंह व मूलाराम मीणा मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़िता से विस्तृत जानकारी एकत्र की और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने सीसी टीवी पुटेज के आधार पर एक संदिग्ध फोटो भी जारी किया है। जिन्हें पुलिस इस मामले मे संदिग्ध मान रही है। बढ़ती वारदातों से लोगों में भय फैला हुआ है। कस्बे में दिन दहाड़े मुख्य सड़क मार्ग पर हुई लूट की वारदात से ग्रामीणों मे भय का माहौल हो गया है। इस तरह से हुई वारदात से महिलाएं अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही है। बेखौफ वारदातों को अंजाम देने वाले आपराधियों के हौसले भी बुलंद दिखाई दे रहे हे । 23 जनवरी को मध्यरात्रि सादड़ी थाना अंतर्गत जूना गाव में अज्ञात चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बना दिया था। मकान मालिक के आने के बाद करीब 30 लाख की नकदि, गहने और मोटरसाइकल चोरी होना सामने आया। मकान मालिक ने सोमवार को सादड़ी थाने मे मामला दर्ज करवाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अभी तक किसी तरह का सुराग हाथ नहीं लगा है।

महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय

21 लाख से बनेगा रंगमंच

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

खिंवाड़ा। स्थानीय कस्बे के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में भामाशाह प्रवीण कुमार, किशोर कुमार भोमाराम और देववंशीय मालवीय परिवार की ओर से 21 लाख की लागत से रंगमंच का निर्माण करवाया जाएगा। सरपंच श्रीपाल वैष्णव ने बताया कि भामाशाह मालवीय परिवार ने एक समारोह में उक्त विद्यालय में 21 लाख रुपए की लागत से रंगमंच बनाने की घोषणा की गई। इस अवसर पर खिंवाड़ा व्यापार संघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैयादास वैष्णव, नायब तहसीलदार मदनसिंह राजपुरोहित, उप सरपंच प्रहलाद चौहान, संस्था प्रधान घीसाराम चौधरी सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

भगवान विश्वकर्मा जयंती 10 फरवरी को

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

बारवा, बांता व जवाली विश्वकर्मा मंदिर में होंगे कई धार्मिक आयोजन

खिंवाड़ा। दुनिया के निर्माणकर्ता भगवान विश्वकर्मा की जयंती महोत्सव कस्बे सहित समूचे क्षेत्र भर में दस फरवरी को धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। विश्वकर्मा जयंती के इस मौके पर श्री विश्वकर्मा जांगिड़ समाज सेवा समिति व जांगिड़ नवयुवक विकास समिति के तत्वावधान में जवाली, बांता विश्वकर्मा एंव श्री विश्वकर्मा वंश सुथार समाज सेवा संस्थान के सानिध्य में बारवा स्थित विश्वकर्मा मंदिर प्रांगण में कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। श्री विश्वकर्मा जांगिड़ समाज सेवा समिति के पूर्व सचिव घीसूलाल शर्मा गुड़ा अखेराज ने बताया कि इस मौके पर नौ फरवरी को बांता व जवाली स्थित विश्वकर्मा मंदिर में महाआरती के साथ ही एक शाम दुनिया के रचियता के नाम भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। 10 फरवरी को प्रभु के जन्म दिन पर हवन, ध्वजा रोहण, महाप्रसादी के बाद सामाजिक रीति-रिवाजों एंव कुरीतियों की रोकथाम पर चर्चा करने के साथ ही प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का सम्मान करने के बाद पुरस्कार वितरण किया जाएगा। इसी तरह बारवा स्थित विश्वकर्मा मंदिर प्रांगण में श्री विश्वकर्मा वंश सुथार समाज सेवा संस्थान के सानिध्य में यंहा दो दिवसीय एक मेला भरा जाएगा। संस्थान अध्यक्ष हरिलाल विश्वकर्मा ने बताया कि दस फरवरी को प्रभु के जन्म दिन पर हवन, ध्वजा रोहण, महाप्रसादी के बाद सामाजिक रीति-रिवाजो एंव कुरीतियों की रोकथाम पर चर्चा करने की जाएगी। दूसरे दिन 11 फरवरी को प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का सम्मान करने के बाद पुरस्कार वितरण करने के साथ ही भमाशाहों का स्वगत भी किया जाएगा। विश्वकर्मा ने बताया कि इससे पूर्व दस फरवरी को सुबह एक भव्य वरघौड़ा व झांकी समाज के खुड़ाला स्थित छात्रावास से शुरू होकर श्रीसेला, बाली, सेसली, लुनावा, करनवा होते हुए मंदिर प्रांगण में संपन्न होगा।

गौवंश की सुरक्षा को 317 कि.मी. पैदल यात्रा का संकल्प

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

सादड़ी। गौवंश की सुरक्षा के लिए एक अनूठी पहल में गोविंद सिंह सोनिगरा ने केसरिया से पाली के तोगावास भैरूजी मंदिर तक 317 किलोमीटर की पैदल यात्रा का संकल्प लिया है। उनका यह कदम सड़कों पर होने वाले गौवंश से जुड़े हादसों को रोकने के लिए जागरूकता फैलाने का प्रयास है। सादड़ी पहुंचने पर भाजपा मंडल अध्यक्ष गोविंद मीणा, मनोहर चौहान और श्रवण माली शामिल थे। माला और साफा पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। गोविंद सिंह ने गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि राजमार्गों और सड़कों पर आवारा घूम रहे गौवंश के कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिनमें न केवल लोग घायल हो रहे हैं बल्कि गौवंश की भी मौतें हो रही हैं। उन्होंने इस समस्या के समाधान के लिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से ठोस कदम उठाने की मांग की है। उनका मानना है कि सरकार द्वारा समय रहते उचित कदम उठाए जाएं तो न केवल मूक गौवंश की रक्षा की जा सकती है, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं को भी रोका जा सकता है।

केसरिया से पाली तक पैदल चलेंगे गोविंद सिंह, सड़क हादसों से गौवंश को बचाने की मांग

दमामी समाज का वार्षिक मेला दो से

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

सुमेरपुर। नगर के नीलकंठ पहाड़ी क्षेत्र स्थित सरस्वती माता मंदिर पर बसंत पंचमी पर दमामी समाज का दो दिवसीय वार्षिक मेला धूमधाम से भरेगा। मेले की तैयारियों को लेकर मंगलवार को मंदिर परिसर में समाजसेवी व भामाशाह जयनारायण सीपा के सानिध्य में समाजजन की बैठक आयोजित हुई। समाज के अध्यक्ष अमृत चौहान बिसलपुर ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 2 व 3 फरवरी को सरस्वती माता मंदिर परिसर में दमामी समाज का वार्षिक मेला आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि 2 फरवरी की रात में भजन संध्या आयोजित होगी। जिसमें आनंद कुमार एण्ड पार्टी भीलवाड़ा द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएगी। मेले की व्यवस्था के लिए अलग-अलग कमेटियां बनाकर दायित्व सौंपे गये है। उन्होंने बताया कि दूसरे दिन 3 फरवरी की सवेरे सरस्वती माताजी की महाआरती की जाएगी। इसके बाद हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जयनारायण सीपा परिवार की ओर से मंदिर शिखर पर ध्वजारोहण कर मेले का आगाज किया जाएगा। इस अवसर पर समाज हित को लेकर समाज के प्रबुद्धजनों द्वारा बैठक लेकर आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे। आयोजन को लेकर मंदिर को सजाया जा रहा है।

कमेटियां गठित कर दायित्व सौंपे

बृहन्मुंबई महानगरपालिका

नं. डीवाय.सीएच.ई./एसपी/3219/पी एंड डी/ई-निविदा क्र. 08/
सूचना क्र. 08, 2024-25 दि. 28.01.2025

ई-निविदा सूचना

विभाग	प्रमुख अभियंता (सीवरेज प्रोजेक्ट)
उप विभाग	उप प्रमुख अभियंता (सीवरेज प्रोजेक्ट) पी एंड डी
निविदा क्र.	**डीवाय.एच.ई./एस.पी./8/पी एंड डी/ई-निविदा 2024-25**
महाटेंडर्स बोली आमंत्रण क्र.	2025-एमसीजीएम-1142292-1
विषय	बीएमसी सीमा अंतर्गत किसी भी निर्धारित टोपोग्राफिकल एरिया हेतु सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की सीवर लाइन नेटवर्क तथा डिजाइन की बिछाई हेतु डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तथा निविदा के सृजन हेतु परामर्शदाता की सूचीबद्धता हेतु प्रस्ताव (आरएफपी) के लिए निवेदन।
बोली का विक्रय	29.01.2025 को 11.00 बजे पश्चात 20.02.2025 को 16.00 बजे तक
वेबसाइट	http://mahatenders.gov.in
इस निविदा के संबध में किसी भी जानकारी हेतु आप संपर्क करें	ए.ई. (एस.पी.) पी एंड डी
ए. नाम	श्री संदीप सावंत, ए.ई. (एस.पी.) पी एंड डी
बी. कार्यालय की ई-मेल आईडी	**che.sp@mcgm.gov.in**
सी. मोबाइल नं.	9892766234
डी. ई-मेल आईडी	**aepdcity.sp@mcgm.gov.in**

डीवाय. सीएच.ई. (एस. प्रोजेक्ट)
प्लानिंग एवं डिजाइन

PRO/2367/ADV/2024-25

बुखार? सही एवं संपूर्ण इलाज हेतु तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

बांकली स्कूल में भामाशाह सम्मान व पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

सुमेरपुर। उपखंड के बांकली गांव स्थित राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय में भामाशाह सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि शिवराज सिंह बिठियां, चंदन सिंह देवड़ा एवं विशिष्ट अतिथि सरपंच तेजाराम देवासी व उपसरपंच प्रताप सिंह देवड़ा के सानिध्य में आयोजित हुआ।

समारोह को संबोधित करते हुए शिवराज सिंह बिठिया ने बालिका शिक्षा को लेकर अपने विचार व्यक्त किए।

उन्होंने बताया कि बेटी घर का चिराग होती हैं, वह एक नहीं दो-दो घरों को रोशन करती है। इसलिए हमें बेटियों की पढ़ाई यहां तक ही सीमित न रखते हुए आगे तक पढ़ाई करवानी चाहिए क्योंकि बेटियां देश का भविष्य कहलाती है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई।

भामाशाह शिवराज सिंह बिठीयां व चंदन सिंह द्वारा विद्यालय को एक अलमारी टेबल व सभी छात्रों के लिए चरण पादुका देने की घोषणा की गई। साथ ही महेंद्र सोनी द्वारा विद्यालय को 54 इंची एलईडी टीवी और चार कुर्सियां देने की घोषणा की गई। कार्यक्रम में टेंट व्यवस्था हजाराम मीणा और साउंड व्यवस्था लक्ष्मण मीणा सहित अन्य भामाशाहों द्वारा की गई। कार्यक्रम का मंच संचालन राज नारायण दवे ने किया। कार्यक्रम में पूरणसिंह रावणा राजपूत, प्रकाश सोलंकी सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप

भारत ने स्कॉटलैंड को 150 रनों से रौंदा

▶▶ तृषा ने खेली शतकीय पारी 110 रन बनाए

कुआलालंपुर। सलामी बल्लेबाज तृषा गोंगाडी ने अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप का पहला शतक जड़कर इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज कराया जिससे भारत ने मंगलवार को यहां स्कॉटलैंड को 150 रन से करारी शिकस्त दी। सलामी बल्लेबाज तृषा ने 59 गेंद की नाबाद पारी में 13 चौके और चार छक्के की मदद से 110 रन की पारी खेली। उन्होंने पहले विकेट के लिए कमालिनि जी (42 गेंद में 51 रन) के साथ 147 रन की साझेदारी करने के बाद सानिका चालके (20 गेंद में नाबाद 29 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 61 रन की अटूट साझेदारी की। भारत ने ग्रुप एक के इस मैच में 20 ओवर में एक विकेट पर 208 रन बनाने के बाद स्कॉटलैंड को 14 ओवर में 58 रन पर आउट कर दिया। स्कॉटलैंड के लिए सलामी बल्लेबाज पिप्पा केली (12) और एम्मा वालसिंघम (12) शीर्ष स्कोरर रहीं। बायें हाथ की स्पिनर आयुषी शुक्ला (आठ रन पर चार विकेट) की अगुवाई में भारतीय गेंदबाजों ने स्कॉटलैंड को मैच में वापसी का कोई मौका नहीं दिया। वैष्णवी शर्मा ने पांच रन पर तीन विकेट लिए जबकि बल्ले से कमाल करने वाली तृषा ने छह रन देकर तीन बल्लेबाजों को चलता किया। ग्रुप के अन्य मैच में बांग्लादेश ने अपने अभियान का अंत सुपर सिक्स चरण में वेस्टइंडीज पर 10 विकेट की जीत के साथ किया। वेस्टइंडीज को छह विकेट पर 54 रन पर रोकने के बाद बांग्लादेश ने जुएरिया फिरदौस के नाबाद 25 रन की मदद से 13 ओवर में जीत दर्ज की। इस जीत से टीम ग्रुप एक में तीसरे स्थान पर रही। ग्रुप दो में बारिश के कारण दक्षिण अफ्रीका और अमेरिका का मैच शुरू हुए बिना रद्द हो गया। दक्षिण अफ्रीका की टीम पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। इस मैच से एक अंक मिलने के बाद अमेरिका ग्रुप तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया।

साउथ अफ्रीका-20 लीग

पार्ल रॉयल्स ने जीते सभी पांचों मैच

पार्ल। पार्ल रॉयल्स ने साऊथ अफ्रीका 20 (एसए 20) लीग में डरबन्स सुपर जाइंट्स (डीएसजी) को छह विकेट से हराकर घरेलू मैदान पर सभी पांच मैच जीतने का नया रिकॉर्ड बनाया। यह पहली बार है जब प्रतियोगिता के लीग चरण में कोई टीम घरेलू मैदान पर अजेय रही है। डीएसजी की टीम प्रतियोगिता से बाहर हो गई है क्योंकि पिछले सत्र की उप विजेता टीम अब प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकती। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरे सुपर जाइंट्स ने 33 रन तक तीन विकेट गंवा दिए थे लेकिन मार्कस स्टोइनिस (नाबाद 55) के नाबाद अर्धशतक और केन विलियमसन (45) के साथ उनकी 53 रन की साझेदारी की बदौलत टीम सात विकेट पर 143 रन बनाने में सफल रही। रॉयल्स की ओर से ब्योर्न फोरटुइन ने 20 जबकि क्वेन मफाका ने 22 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए। रॉयल्स ने इसके जवाब में रूबिन हरमन की 59 रन की पारी और हुआन ड्रे-प्रिटोरियस (43) के साथ उनकी दूसरे विकेट की 91 रन की साझेदारी से 19.5 ओवर में चार विकेट पर 147 रन बनाकर जीत दर्ज की। इस जीत से रॉयल्स की टीम आठ मैच में सात जीत से 28 अंक के साथ अंक तालिका के शीर्ष पर बरकरार है। डीएसजी की टीम नौ मैच में सिर्फ एक जीत से आठ अंक के साथ अंतिम पायदान पर है।

आईसीसी क्रिकेटर ऑफ द ईयर

अमेलिया केर ने रचा इतिहास

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड की बल्लेबाज अमेलिया केर ने इतिहास रचा है। उन्हें साल 2024 के लिए आईसीसी महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया है। इस सम्मान को पाने वाली अमेलिया दुनिया की चौथी और अपने देश की पहली महिला क्रिकेटर हैं। आईसीसी महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर बनने पर उन्हें राचेल हेहो फ्लिंट ट्रॉफी से नवाजा गया।

चार महिला क्रिकेटर बनीं क्रिकेटर ऑफ द ईयर

- आईसीसी महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर के लिए राचेल हेहो फ्लिंट ट्रॉफी पहली बार साल 2017 में दी गई थी। अमेलिया केर से पहले इस अवॉर्ड को तीन महिला क्रिकेटरों ने दो-दो बार जीता था, जिनमें एक ऑस्ट्रेलिया की एलिस पेरी, भारत की स्मृति मंधाना और इंग्लैंड की नैट सिवर हैं। यानी ये पहली बार है जब उन तीन महिला क्रिकेटरों से परे जाकर महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर कोई और बना है।

▶▶ अवॉर्ड को जीतने वाली चौथी महिला
▶▶ राचेल हेहो फ्लिंट ट्रॉफी से नवाजा

साल 2024 में किए कमाल का केर को मिला इनाम

अमेलिया केर को 2024 में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया है। वो पिछले साल खेले महिला टी20 वर्ल्ड कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनीं थी। वो साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेले टूर्नामेंट के फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच भी रही थी।

इन्हें हराकर अमेलिया केर बनी महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर

न्यूजीलैंड की अमेलिया केर को महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर बनने के लिए कांटे की टक्कर मिली। उनका मुकाबला साउथ अफ्रीका की वोलवार्ट से था, श्रीलंका की चमारी अट्टापट्टू और ऑस्ट्रेलिया की अन्नाबेल सदरलैंड से था। लेकिन, उन्होंने इन सबको पीछे छोड़कर अवॉर्ड पर कब्जा किया।

आनंद महिंद्रा ने ओलंपिक मेडलिस्ट को भेंट की स्कॉर्पियो

नई दिल्ली। भारत के अरबपति उद्योगपति आनंद महिंद्रा ने 28 जनवरी को पेरिस पैरालंपिक 2024 में कांस्य पदक जीतने वाली शीतल देवी को एक नई महिंद्रा स्कॉर्पियो-एन उपहार में दी। महिंद्रा ने शीतल के साहस और दृढ़ संकल्प की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने शीतल की मां और बहन में भी यही दृढ़ संकल्प देखा है। शीतल की असाधारण यात्रा का सम्मान करते हुए महिंद्रा ने उन्हें एसयूवी भेंट की। उद्योगपति ने उपहार में तीर देने के लिए तीरंदाज शीतल का आभार भी जाहिर किया और इसे उनकी अदम्य भावना का प्रतीक बताया। शीतल दुनिया की पहली आर्मलेस तीरंदाज हैं। सोलह साल की शीतल ने पेरिस पैरालंपिक 2024 में भारत का प्रतिनिधित्व किया और सभी बाधाओं को पार करते हुए राकेश कुमार के साथ मिलकर तीरंदाजी की मिक्स्ड टीम कंपाउंड स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। शीतल देवी और राकेश कुमार ने इनवैलिड्स में इटली के माटेओ बोनासिना और एलेनोरा को 156-155 से हराया था। महिंद्रा ने पोस्ट में लिखा, 'मैं लंबे समय से शीतल देवी की प्रतिभा की प्रशंसा करता रहा हूं। उनसे व्यक्तिगत रूप से मिलने पर मैं उनके असाधारण दृढ़ संकल्प, दृढ़ता और फोकस से प्रभावित हुआ।

एबी डिविलियर्स की चार साल बाद वापसी

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीक के दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने लगभग चार साल बाद खेल में अपनी लंबे समय से प्रतीक्षित वापसी की घोषणा की है। डिविलियर्स, जिन्हें अब तक के सबसे अभिनव और रोमांचक क्रिकेटरों में से एक माना जाता है, वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स के दूसरे संस्करण में गेम चेंजर्स साउथ अफ्रीका चैंपियंस की कप्तानी करेंगे। संन्यास और गैर-अनुबंधित क्रिकेट दिग्गजों की विशेषता वाला यह प्रीमियर टी20 टूर्नामेंट दुनिया भर के प्रशंसकों के लिए पुरानी यादों को ताजा करने वाला लेकिन रोमांच पेश करता है। अपनी वापसी पर डिविलियर्स ने कहा, 'चार साल पहले मैंने सभी क्रिकेट प्रारूप से संन्यास ले लिया था क्योंकि मुझे अब और खेलने की इच्छा नहीं थी। खैर, समय बीत चुका है और मेरे छोटे बेटे खेल खेलने लगे हैं। हम बगीचे में अधिक से अधिक खेल रहे हैं और ऐसा लगता है जैसे किसी तरह की लौ फिर से जल गई है।' उन्होंने कहा, 'इसलिए मैं जिम और नेट्स पर वापस जा रहा हूं और मैं जुलाई में डब्ल्यूसीएल के लिए तैयार हो जाऊंगा।' गेम चेंजर्स टीम, जिसमें उद्घाटन सत्र में जैक्स कैलिस, हर्शल गिब्स, डेल स्टेन और इमरान ताहिर जैसे दिग्गज शामिल थे, अब डिविलियर्स की कप्तानी में और भी उज्जवल भविष्य है। साउथ अफ्रीका चैंपियंस के सह-मालिक और गेम चेंजर्स के संस्थापक अमनदीप सिंह ने अपनी खुशी साझा करते हुए कहा, 'हम वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में प्रतिस्पर्धा करने और अपने महान क्रिकेटरों की अविश्वसनीय प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए सम्मानित महसूस कर रहे हैं। हमारे कप्तान के रूप में डिविलियर्स की वापसी हमारी टीम के लिए एक बड़ी उपलब्धि है और उनका नेतृत्व निस्संदेह हमें नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।' साउथ अफ्रीका चैंपियंस के सह-मालिक हैरी सिंह ने कहा, 'एबी डिविलियर्स सिर्फ एक खिलाड़ी नहीं हैं, वे एक आइकन हैं जिन्होंने दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रेरित किया है। हमारी टीम का नेतृत्व करने का उनका निर्णय खेल के प्रति उनके प्यार का प्रमाण है और हम उन्हें टीम में शामिल करके बहुत खुश हैं। यह टीम और लीग के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है।'

साउथ अफ्रीका चैंपियंस की करेंगे कप्तानी

अफगानिस्तान महिला क्रिकेट टीम

2021 के बाद मैदान पर उतरने को तैयार

नई दिल्ली। अफगानिस्तान की महिला क्रिकेट टीम करीब चार से इंटरनेशनल क्रिकेट नहीं खेली है। यहां तक कि अफगानिस्तान की महिला खिलाड़ियों को डोमेस्टिक क्रिकेट खेलने पर भी पांबदी लगाई गई है, लेकिन अब साल 2021 के बाद अफगानिस्तान की महिला खिलाड़ी मैदान पर उतरेंगी। ऑस्ट्रेलिया में रहने वाले शरणार्थियों को लेकर बनी अफगानिस्तान महिला क्रिकेट टीम करीब चार साल के बाद मैदान पर वापसी करेगी। अफगानिस्तान की महिला टीम गुरुवार को 'क्रिकेट विदाउट बॉर्डर्स ' एकादश के खिलाफ टी20 मैच खेलेगी। तालिबान के सत्तारूढ होने के बाद ऑस्ट्रेलिया भागकर आए अफगानिस्तान के लोगों में से चुनकर यह टीम बनी है। ऑस्ट्रेलिया आने के बाद ये लोग कैनबरा और मेलबर्न में रह रहे हैं। ये मैच ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच महिला एशेज टेस्ट के पहले दिन से पूर्व खेला जाएगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी निक हॉकली ने एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''यह पहला कदम है। यह काफी रोमांचक दिन होगा और मुझे उम्मीद है कि यह मैच हर साल हो सकेगा और इस टीम को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने का मौका भी मिलेगा।'' पुरूष क्रिकेट में ऑस्ट्रेलियाई टीम अफगानिस्तान से द्विपक्षीय मैच नहीं खेलती है, लेकिन आईसीसी टूर्नामेंटों में उनका सामना करती है। अब उसी ऑस्ट्रेलिया ने अफगानिस्तान की महिला क्रिकेट को जीवंत करने के लिए कदम उठाया है और तालिबानी हुकूमत के मुंह पर तमाचा जड़ा है। तमाम देशों की महिला खिलाड़ी इस समय अंडर 19 टी20 विश्व कप में खेल रही हैं, लेकिन अफगानिस्तान की टीम इसमें शामिल नहीं है।

▶▶ डोमेस्टिक क्रिकेट खेलने पर भी लगाई पांबदी

मनोरंजन

धनुष-कृति की फिल्म 'तेरे इश्क में' का टीज़र रिलीज

जुलाई 2023 में आनंद एल राय ने अपनी अगली फिल्म 'तेरे इश्क़ में' अनाउंस की थी। फिल्म का टीज़र रिलीज़ किया गया। लीड रोल में धनुष थे। लंबी-दाढ़ी में धनुष खतरनाक लग रहे थे। 'रांझणा' और 'अतरंगी रे' के बाद वो फिर से आनंद के साथ काम कर रहे थे। लेकिन उसके बाद हुआ ये कि लंबे समय तक फिल्म को लेकर कोई अपडेट नहीं आया। मगर अब मेकर्स ने फिल्म का नया टीज़र रिलीज़ किया है। इस टीज़र के साथ फिल्म की फीमेल लीड भी अनाउंस कर दी गई। बीते साल खबर चल रही थी कि तृप्ति डिमरी को फाइनल कर लिया गया है। मगर नए टीज़र से ये साफ हो गया कि कृति सैनॉन इस फिल्म की फीमेल लीड होंगी। टीज़र की शुरुआत में धुआं दिखता है। दंगे हो रहे हैं। पुलिस कुछ लोगों के पीछे दौड़ रही है। उन पर हमला कर रही है। इस पूरी तबाही के मंज़र के बीच एक लड़की बिना किसी से सरोकार रखे चले जा रही थी। एक ढांचा गिरता है, उसके नीचे लिखा है, उस लड़की की आंखें सूजी हुई हैं। लग रहा है कि कई घंटों से दिल में पनप रहे दर्द को आंखों का रास्ता दिखा रही है। लेकिन दिल की आग बुझी नहीं। उसे तेज़ाब की ज़रूरत है। अपने हाथ में रखे छोटे कंटेनर का ढक्कन खोलती है। उसमें जमे लिक्विड को सिर पर डालना शुरू करती है। लग रहा है कि ये तेज़ाब है। इतना कर के वो धूल खा रहे ढांचे के बगल में बैठती है। मुंह में सिगरेट दबाती है। उसे जलाती ही है कि टीज़र खत्म हो जाता है। इस लड़की का नाम मुक्ति है। कृति सैनन ये रोल कर रही हैं। इस टीज़र को देखकर फिल्म की टोन का आइडिया लग रहा है। उससे इतना समझ आ रहा है कि मेकर्स ने पॉलिटिकल करेक्टनेस की चिंता नहीं की है।

'लापता लेडीज' ने रचा इतिहास

आमिर खान प्रोडक्शन्स और किरण राव के डायरेक्शन में बनी फिल्म 'लापता लेडीज' ने अपनी कहानी से दर्शकों का दिल छू लिया था। बड़े पर्दे पर धमाल मचाने के बाद फिल्म ने ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी दर्शकों को खूब इम्प्रेस किया। अब इस फिल्म ने जापान में अपनी खास जगह बनाई है और जापान एकेडमी फिल्म प्राइज में इसे पांच बेहतरीन इंटरनेशनल फिल्मों में शामिल किया गया है। सरहदों को पार करते हुए 'लापता लेडीज' चार अक्टूबर 2024 को जापान में रिलीज हुई थी, जहां ये 115 दिनों के बाद भी शानदार तरीके से चल रही है। अब टॉप 5 इंटरनेशनल फिल्मों में शामिल होकर 'लापता लेडीज' ने साबित कर दिया है कि भारतीय कहानियां दुनिया के हर कोने में अपनी पहचान बना रही हैं। 'लापता लेडीज' जापान में अब अपने 17वें हफ्ते में चल रही है और 115 दिनों से बिना किसी रुकावट के बॉक्स ऑफिस पर बनी हुई है। ये फिल्म जापान एकेडमी फिल्म प्राइज 2024 में रिलीज हुई 204 इंटरनेशनल फिल्मों में से पांच बेहतरीन इंटरनेशनल फिल्मों में चुनी गई है। सबकी नजरें 14 मार्च पर हैं, जब 'बेस्ट इंटरनेशनल फिल्म' का अवॉर्ड विनर अनाउंस किया जाएगा। 'लापता लेडीज' ने 204 एलिजिबल फिल्मों को पीछे छोड़ते हुए 'बेस्ट इंटरनेशनल फिल्म' के टाईटल के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। फिल्म की निर्देशक किरण राव का नाम अब क्रिस्टोफर नोलन, यॉर्गोस लांथिमोस, एलेक्स गारलैंड और जोनाथन ग्लेजर जैसे दिग्गजों के साथ कंपीटीशन में है। इसके अलावा, 'लापता लेडीज' के साथ 'पुअर थिंग्स', 'ऑपेनहाइमर', 'द जोन ऑफ इंटरेस्ट' और 'सिविल वॉर' जैसी फिल्मों का मुकाबला है। इसके अलावा, 'लापता लेडीज' ने एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है। ऑस्कर के लिए एंट्री मिलने के बाद इस फिल्म ने इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न 2024 में 'बेस्ट फिल्म क्रिटिक्स' चॉइस अवॉर्ड' भी जीता है।



रवीना-राशा पहुंची द्वारका

एक्ट्रेस रवीना टंडन बेटी राशा थडानी के साथ द्वारका पहुंचीं। यहां उन्होंने रुक्मिणी मंदिर में दर्शन किए। इससे पहले एक्ट्रेस नागेश्वर महादेव मंदिर के साथ ही द्वारका जगत मंदिर पहुंची और ठाकुरजी के दर्शन किए। कड़ी पुलिस सुरक्षा के बीच रवीना टंडन द्वारकाधीश मंदिर परिसर पहुंचीं। उन्होंने पादुका पूजन किया। द्वारकाधीश मंदिर में मुख्य पुजारी ने एक्ट्रेस का स्वागत किया और उन्हें आशीर्वाद दिया। रवीना के साथ उनकी बेटी राशा भी नजर आईं। बता दें कि रवीना अक्सर मंदिर जाती हैं। हाल ही में वो शिरडी में साईं बाबा मंदिर दर्शन करने पहुंची थीं। उन्होंने बताया था कि वो साईं बाबा को मानती हैं और बचपन से मंदिर दर्शन के लिए आती रही हैं। एक्ट्रेस ने बताया था कि उन्हें साईं बाबा में अपने दिवंगत पिता की झलक दिखती है। साईं मंदिर से पहले रवीना बेटी राशा के साथ आंध्र प्रदेश के श्रीशैलम स्थित मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग पहुंची थी। यहां उन्होंने महादेव का आशीर्वाद लिया था। रवीना ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर फैंस को जानकारी दी थी। रवीना टंडन ने तस्वीरों और वीडियो को साझा कर बताया था कि ये उनका 11वां ज्योतिर्लिंग और राशा का 10वां ज्योतिर्लिंग दर्शन है। तस्वीरों में मां-बेटी की जोड़ी पुलिस अधिकारियों के साथ पोज देती नजर आई थी। पोस्ट के साथ एक नोट शेयर करते हुए रवीना ने बताया था कि ये उनका 11वां ज्योतिर्लिंग और राशा का 10वां है। रवीना ने ये यात्रा अपने दिवंगत पिता की जयंती और महाशिवरात्रि पर 17 फरवरी 2023 से शुरू की थी।

शूटिंग के दौरान हादसे की शिकार हुईं अर्चना पूरन सिंह

अर्चना पूरन सिंह ने अपने लोकप्रिय यूट्यूब चैनल पर एक नया व्लॉग शेयर किया, जिसमें उन्होंने अपनी दर्दनाक चोट के बारे में बताया। राजकुमार राव के साथ एक फिल्म की शूटिंग के दौरान अर्चना फिसल गईं और उनकी कलाई टूट गई। गिरने के बाद उनके चेहरे पर भी चोट लग गई। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां कुछ दिनों के बाद वह ठीक हो गईं और फिर से काम पर लौट आईं।

उन्होंने वीडियो में कहा कि उन्होंने राजकुमार को फोन किया और प्रोडक्शन में हुई देरी के लिए माफी मांगी और कहा कि वह जल्द से जल्द फिर से काम पर लौट आएंगी, क्योंकि वह नहीं चाहती थीं कि उन्हें और नुकसान उठाना पड़े। व्लॉग की शुरुआत अर्चना के सुबह-सुबह गिरने और घायल होने के वास्तविक फुटेज से हुई। जब वह कैमरे के बाहर थीं तो ऑन-सेट वीडियो में उन्हें गिरते समय दर्द से चीखते हुए देखा गया। तुरंत क्रू के सदस्य उनके चारों ओर इकट्ठा हुए और उन्हें अस्पताल ले गए। उनके पति परमीत सेठी को सूचित किया गया। उनके बेटों ने खबर पर अपनी प्रतिक्रिया का एक वीडियो रिकॉर्ड किया और उनमें से एक रोने लगा। अर्चना ने बताया कि उन्होंने पहले दिन अपने बेटों को अपना वीडियो बनाने की अनुमति नहीं दी, क्योंकि वह बहुत ज्यादा हिल रही थीं, लेकिन बाद में उन्होंने रिकॉर्डिंग करने की सहमति दे दी। परमीत ने मजाक में कहा, 'वह बहुत ज्यादा चपड़-चपड़ कर रही है। इसका मतलब है कि अब वह ठीक है।' अर्चना ने अस्पताल के कमरे के बाहर मुंबई के नजारे की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि वह इतनी प्रभावित थीं कि वह यहीं रुक सकती थीं, लेकिन वह ऐसा नहीं कर सकती थीं, क्योंकि उनका काम अधूरा था। अर्चना ने आगे बताया कि मैंने राजकुमार राव को फोन किया और बताया कि मैं शूटिंग छोड़कर जाने से बहुत परेशान हूं, इसलिए आज, मैं शूटिंग पूरी करने के लिए विरार लौट रही हूं, क्योंकि उन बेचारे लोगों को अन्यथा नुकसान उठाना पड़ेगा। मैंने पूरी आस्तीन का कपड़ा पहना हुआ है और वे मुझे ऐसे कोणों से शूट करेंगे जहां आप यह नहीं बता पाएंगे कि मैं घायल हूं। उन्होंने मुझे बताया है कि उन्हें मेरी जरूरत सिर्फ कुछ घंटों के लिए है।

सलमान के साथ काम करने की प्लानिंग कर रहे सूरज

सलमान खान ने अपने करियर में कई बड़ी फिल्में फिल्ममेकर सूरज बड़जात्या के साथ दी हैं। उनकी पहली सफल फिल्म 'मैंने प्यार किया' का निर्देशन सूरज बड़जात्या ने ही किया था। इसके बाद हम आपके हैं कौन, हम साथ साथ हैं, और प्रेम रतन धन पायो जैसी सुपरहिट फिल्में आईं। अब डायरेक्टर एक बार फिर सलमान के साथ काम करने की प्लानिंग कर रहे हैं। इस बार भी वह सलमान को प्रेम के रूप में ऑडियंस के सामने पेश करेंगे। हाल ही में दिए गए एक इंटरव्यू में डायरेक्टर ने इस पर बात की। डायरेक्टर ने बताया कि सलमान खान के साथ उनका नया प्रोजेक्ट प्रगति पर है। हालांकि, इस प्रोजेक्ट को ऑडियंस तक पहुंचने में अभी समय लगेगा। डायरेक्टर ने कहा कि उनके अगले प्रोजेक्ट में सलमान की उम्र बहुत मायने रखती है। इसी को ध्यान में रखते हुए वह प्रेम के एक नए वर्जन को बनाने में काम कर रहे हैं। सलमान को उनकी पिछली फिल्मों में प्रेम का किरदार देने का श्रेय सूरज बड़जात्या को जाता है। अब फैंस स्क्रीन पर इस नए प्रेम को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। डायरेक्टर सूरज बड़जात्या ने सैफ अली खान के साथ 'हम साथ साथ हैं' में काम किया था। सैफ पर हुए हमले के बारे में बात करते हुए डायरेक्टर ने कहा, "मैं उनके लिए शुभकामनाएं देता हूं। वह एक योद्धा हैं और इस स्थिति से बहुत मजबूती के साथ बाहर निकलेंगे।"



शीघ्र पूरे करें जल संसाधन प्रोजेक्ट: फडणवीस

मुंबई। मुंबई महानगर क्षेत्र में बढ़ती जनसंख्या को पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए इस क्षेत्र के जल संसाधन प्रकल्पों को शीघ्र पूरा किया जाए। राजस्व और वन विभाग को इन प्रकल्पों के लिए आवश्यक अनुमतियां प्रदान करने के साथ-साथ भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को निश्चित समयसीमा में पूरा करने के निर्देश मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आज दिए। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में सह्याद्री अतिथि गृह में आयोजित बैठक में मुंबई महानगर क्षेत्र के जल संसाधन प्रकल्पों की समीक्षा की गई। इस बैठक में उपमुख्यमंत्री तथा नगर विकास और आवास मंत्री एकनाथ शिंदे, जल संसाधन (विदर्भ, तापी और कोंकण सिंचाई प्रकल्प) और आपदा प्रबंधन मंत्री गिरीश महाजन, वन मंत्री गणेश नाईक, मुख्य सचिव सुजाता सौनिक और संबंधित विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव और सचिव उपस्थित थे। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि मुंबई महानगर क्षेत्र के जल संसाधन प्रकल्प केवल पीने के पानी का स्रोत नहीं हैं, बल्कि सतत विकास के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। जल प्रबंधन के लिए प्रभावी उपायों को लागू करते हुए इन प्रोजेक्ट्स को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। इन प्रोजेक्ट्स से संबंधित वन विभाग की मंजूरी, एमएमआरडीए, सिडको और अन्य कार्यान्वयन एजेंसियों द्वारा आवश्यक अनुमतियों और अन्य संबंधित मामलों में शीघ्र कार्रवाई की जाए, ऐसे निर्देश मुख्यमंत्री ने दिए।

निश्चित समयसीमा में पूरा हो भूमि अधिग्रहण

कॉर्पोरेट आधारित दिव्यांग कल्याण नीति बने

दिव्यांगजन अपनी शारीरिक असमर्थता के कारण समाज में कई बार हीन भावना का अनुभव करते हैं। इन्हें हर संभव मदद प्रदान कर समाज की मुख्यधारा में शामिल करने के लिए सरकार समय-समय पर निर्णय लेती है। दिव्यांग कल्याण के लिए कॉर्पोरेट क्षेत्र के प्रतिष्ठित लोग सहयोग करने के इच्छुक रहते हैं। उनके सहयोग का दिव्यांगजन के कल्याण के लिए पूर्ण उपयोग सुनिश्चित करने के लिए कॉर्पोरेट क्षेत्र के सहयोग पर आधारित नीति तैयार की जाए, ऐसे निर्देश मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दिए।

दूध में मिलावट रोकने दिखाएं विशेष सख्ती

दूध में किसी भी प्रकार की मिलावट नहीं होनी चाहिए और उपभोक्ताओं को शुद्ध दूध ही मिलना चाहिए, यही राज्य सरकार का रुख है। मिलावटी दूध मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है। इसलिए, दूध में मिलावट पर रोक लगाने के लिए संबंधित कानूनों को सख्ती से लागू करने के निर्देश मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दिए। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि दूध में मिलावट से दूध उत्पादकों और डेयरी व्यवसाय को भी नुकसान होता है। मिलावटी दूध की आपूर्ति के कारण दूध उत्पादकों को कम दर पर दूध बेचना पड़ता है। राज्य में दूध और दुग्ध उत्पादों में होने वाली मिलावट को रोकने के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग और दुग्ध व्यवसाय विकास विभाग के माध्यम से संयुक्त अभियान चलाए जाएंगे।

हर जिले में बने पशु अस्पताल

सह्याद्री अतिथिगृह में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में पशुपालन विभाग के 100 दिनों के कार्ययोजना के तहत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। फडणवीस ने कहा कि पालतू पशुओं के घायल होने या बीमार होने पर उनके इलाज के लिए पशुपालन विभाग में विशेषज्ञ उपलब्ध हैं। इसके लिए हर जिले में अस्पतालों की स्थापना का प्रस्ताव तैयार किया जाए। साथ ही, पशुपालन विभाग में रिक्त पदों को शीघ्र भरने की प्रक्रिया पूरी की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि पशुपालन व्यवसाय को कृषि व्यवसाय का दर्जा देने का प्रस्ताव तैयार किया जाए।

कांग्रेस को हिंदुओं से नफरत क्यों है : बावनकुले

खरगे के पवित्र कुंभ स्नान पर टिप्पणी पर भड़के

मुंबई। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के महाकुंभ स्नान पर टिप्पणी को लेकर महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने मल्लिकार्जुन खड़गे पर निशाना साधा है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने मंगलवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भाजपा नेताओं के प्रयागराज में संगम पर पवित्र कुंभ स्नान को लेकर "असंवेदनशील" टिप्पणी कर हिंदुओं की भावनाओं का अपमान किया है। बावनकुले ने कहा, "यह बयान न केवल बेतुका है बल्कि बेहद आक्रामक भी है। हिंदुओं ने हमेशा सहिष्णुता दिखाई है, लेकिन खरगे को उनके विश्वास का मजाक उड़ाने का अधिकार किसने दिया? कांग्रेस हिंदू वोट चाहती है, फिर भी हिंदुओं के प्रति ऐसी घृणा क्यों? हिंदुओं का क्या दोष है? क्या यह उनकी गलती है कि उन्होंने कांग्रेस को छह दशकों से अधिक समय तक इस देश पर शासन करने का मौका दिया?"

कांग्रेस अध्यक्ष की टिप्पणी बेहद असंवेदनशील और अपमानजनक

बावनकुले ने अपने पोस्ट में खरगे की टिप्पणी को "असंवेदनशील और अपमानजनक" करार दिया। भाजपा नेता बावनकुले ने कहा, "कुंभ मेले में करोड़ों हिंदू श्रद्धा और विश्वास के साथ भाग लेते हैं। इस पवित्र आयोजन का उपहास करके खरगे ने गंगा की पवित्रता और करोड़ों हिंदुओं की भावनाओं का अपमान किया है।"

कांग्रेस ने हमेशा की तुष्टिकरण की राजनीति

उन्होंने कहा, "कांग्रेस ने हमेशा एक विशेष समुदाय को खुश करने के लिए काम किया है और हिंदू बहुसंख्यक की मान्यताओं का उपहास किया है। लोकसभा में 99 सीटों के बावजूद, वे हिंदू भावनाओं का सम्मान करने में असफल रहे हैं। यदि वे लोगों के विश्वास का सम्मान नहीं कर सकते, तो कम से कम उनका अपमान करने से बचें।" भाजपा नेता ने कहा, "आज वे कुंभ मेले का मजाक उड़ा रहे हैं। कल, अगर किसी तरह कांग्रेस सत्ता में आ गई, तो क्या वे कुंभ मेले को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर देंगे? यही चिंता देशभर के हिंदुओं को परेशान कर रही है।" उन्होंने कहा, "यदि कांग्रेस हिंदू परंपराओं का अनादर करना जारी रखेगी, तो देश का समझदार मतदाता तय करेगा कि उनके साथ कैसे निपटना है।"

तटस्थ रहेगी शिवसेना : राउत

मुंबई, 28 जनवरी (भाषा) शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस या आप के लिए प्रचार नहीं करेंगे क्योंकि पार्टी ने तटस्थ रुख अपनाया है। पार्टी सांसद संजय राउत ने मंगलवार को यह जानकारी दी। राउत ने जोर देकर कहा कि आप और कांग्रेस, दोनों ही इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) के सदस्य तथा शिवसेना (उद्धव बालासाहब ठाकरे) के मित्र हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या ठाकरे पांच फरवरी को होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव में दोनों पार्टियों में से किसी के लिए प्रचार करेंगे, तो उन्होंने कहा, "हम कहीं (प्रचार के लिए) नहीं जा रहे हैं। हम तटस्थ हैं।"

- कांग्रेस या आप के लिए प्रचार नहीं करेंगे

'सृजनिका' पत्रिका की पहली वर्षगांठ

कविता, लघु कथा वाचन व संगोष्ठी का आयोजन

नवी मुंबई। सी.बी.डी. बेलापुर, नवी मुंबई स्थित कोंकण रेलवे के प्रांगण में साहित्यिक पत्रिका 'सृजनिका' की पहली वर्षगांठ पर कविता व लघु कथा वाचन एवं संगोष्ठी का बड़े उत्साह के साथ आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। अपने प्रस्ताविक सम्बोधन में 'सृजनिका' के संपादक डॉ. अमरीश सिन्हा ने 'सृजनिका' पत्रिका की रोचक यात्रा के बारे में सभी को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि ये त्रैमासिक पत्रिका काफी लोकप्रिय हुई है और देश-विदेश के लोकप्रिय साहित्यकारों ने भी इसकी सराहना की है। मंच पर उपस्थित सत्येन्द्र कुमार शुक्ला, कार्यकारी निदेशक (व्यवसाय एवं परिचालन) एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी, कोंकण रेलवे ने 'सृजनिका' पत्रिका की पहली वर्षगांठ पर बधाई दी। इस अवसर पर वरिष्ठ कवि, 'सृजनिका' के सलाहकार संपादक डॉ. हूबनाथ पाण्डेय, मंच संचालक, हास्य कवि एवं उप-संपादक प्रिंस ग्रोवर, ग़ज़ल सम्राट जब्बार हुसैन, निजाम नौशाही एवं इश्तियाक सईद आदि ने काव्य पाठ एवं कथा वाचन किया। गोवा से पधारे सतीश धुरी के अलावा प्रिया पोकले और श्रेया काकडे के साथ कोंकण रेलवे के कर्मियों ने अपने भागीरथ प्रयासों से इस कार्यक्रम को सफल बनया। संचालन सृजनिका के उपसंपादक एवं कोंकण रेलवे के राजभाषा अधिकारी सदानंद चितले ने किया गया।

समाज को एक विशेष दिशा देगी 'सृजनिका'

- कार्यक्रम के अध्यक्ष, वरिष्ठ कवि, 'सृजनिका' के प्रधान संपादक एवं कोंकण रेलवे के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, संतोष कुमार झा ने 'सृजनिका' की उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि स्वस्थ एवं सम-सामायिक रचनाओं के माध्यम से पाठकों के सम्मुख अच्छे विचार रखने वाली यह पत्रिका निश्चित ही समाज को एक विशेष दिशा देगी एवं नवीन पीढ़ी का मार्गदर्शन करेगी। उन्होंने नई पीढ़ी को आदर्श प्रदान करने वाली 'मैं और वो' कविता सहित सामाजिक वास्तविकता पर प्रकाश डालने वाली कविताएं सुनाई।

बजट सत्र से पहले संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगी राष्ट्रपति

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 31 जनवरी को सुबह 11 बजे लोकसभा में संसद के दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगी। इस संबोधन के साथ ही बजट सत्र की औपचारिक शुरुआत हो जाएगी। संसद का यह बजट सत्र दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। पहला चरण 31 जनवरी से 13 फरवरी तक चलेगा जिसमें 1 फरवरी को केंद्रीय बजट पेश किया जाएगा। दूसरा चरण 10 मार्च से लेकर 4 अप्रैल तक चलेगा। राष्ट्रपति के संबोधन पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के लिए 3, 4 और 6 फरवरी का समय तय किया गया है। 6 फरवरी को चर्चा के बाद सरकार की ओर से जवाब दिया जाएगा। वहीं संसद की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने के लिए केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने 30 जनवरी को सभी दलों की एक बैठक बुलाई है।

पांच साल बाद फिर शुरू होगी कैलाश मानसरोवर यात्रा

भारत-चीन के विदेश सचिवों की मीटिंग में हुआ फैसला

नई दिल्ली। इस साल से कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर से शुरू होने जा रही है क्योंकि भारत-चीन के बीच जून 2020 में हुए डोकलाम विवाद के बाद इस यात्रा पर पाबंदी लगा दी गई थी। इससे पहले कोविड की पहली लहर आने की वजह से 2020 में यात्रा नहीं हुई थी। लेकिन लगभग 5 साल बाद फिर से कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू होने जा रही है। भारत-चीन के विदेश सचिवों के बीच दो दिन चली बातचीत के बाद फैसला लिया गया। बैठक में दोनों देशों के बीच डायरेक्ट फ्लाइट भी शुरू करने का फैसला हुआ है जो कोविड के बाद से बंद कर दी गई थी। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री इस वार्ता के लिए बीजिंग गए हुए है और यह वार्ता भारत और चीन के विदेश सचिव-उप विदेश मंत्री तंत्र के तहत हुई। अक्टूबर में पीएम नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग कजान में मिले थे। तब दोनों देशों ने आपसी संबंधों की स्थिति पर चर्चा की और संबंधों को बेहतर बनाने के लिए सहमति जताई थी।

कैलाश मानसरोवर का बड़ा हिस्सा तिब्बत में

- कैलाश मानसरोवर का ज्यादातर एरिया तिब्बत में है और तिब्बत पर चीन अपना अधिकार बताता है। कैलाश पर्वत श्रेणी कश्मीर से भूटान तक फैली हुई है ल्हा चू और झोंग चू नाम की दो जगहों के बीच पहाड़ है। इस शिखर का आकार एक विशाल शिवलिंग जैसा है। कैलाश मानसरोवर का बड़ा इलाका चीन के कब्जे में है और इसलिए यहां जाने के लिए चीन की अनुमति लेनी होती है।

महाकुंभ में कुछ भी हिंदु और मुस्लिम नहीं : कबीर खान

प्रयागराज। फिल्ममेकर कबीर खान प्रयागराज पहुंच गए हैं। वह महाकुंभ मेला में शामिल होने आ गए हैं। मंगलवार को कबीर ने कुंभ मेला में शामिल होने को लेकर अपनी एक्साइटमेंट दिखाई है। उन्होंने बताया कि कैसे महा कुंभ में सारे घर्म के लोग साथ आ गए हैं। कबीर ने कहा, मैं बहुत एक्साइटेड हूं। यह 12 साल में होता है। मैं बहुत खुशनसीब हूं कि मैं यहां आया हूं। मैं भी यहां पवित्र स्नान करूंगा। महाकुंभ दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक आयोजन है और दुनिया भर से लाखों लोगों आते हैं। कबीर ने आगे यह भी कहा कि यहां कुछ भी हिंदु और मुस्लिम नहीं होता। यह हमारा कल्चर है अगर आप भारत हैं तो आपको सब चीजों का एक्सपीरियंस करना चाहिए। बता दें कि कबीर से पहले रेमो डिसूजा भी कुंभ में आए थे और उन्होंने भी यहां पवित्र स्नान लिया। उन्होंने कई फोटोज और वीडियोज शेयर किए थे जिन्हें फैंस से काफी प्यार मिला था।

महाकुंभ पर बयान देकर मुश्किलों में फंसे खरगे

मुजफ्फरपुर। बिहार के मुजफ्फरपुर में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के खिलाफ सीजेएम कोर्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। यह मुकदमा अधिवक्ता सुधीर कुमार की ओर से कराया गया है। अदालत ने केस की अगली सुनवाई तीन फरवरी को तय की है।खरगे ने एक दिन पहले मध्य प्रदेश के महू में महाकुंभ को लेकर टिप्पणी की थी और कहा था कि गंगा में डुबकी लगाने से क्या गरीबी दूर हो जाएगी, क्या इससे रोजगार मिल रहा है? अधिवक्ता सुधीर कुमार ओझा ने खरगे के बयान को विवादित बताते हुए इसे महाकुंभ पहुंचने वाले और गंगा में डुबकी लगाने वाले लाखों श्रद्धालुओं की भावना के खिलाफ बताया है। उन्होंने दावा किया है कि खरगे ने अपने बयान से करोड़ों सनातनी और हिंदू भाई को आहत करने का काम किया है। कुंभ मेला में करोड़ो लोग पहुंचकर स्नान कर रहे है। उनके द्वारा धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने के उद्देश्य से यह बयान दिया गया है। दूसरी ओर से मध्य प्रदेश के ग्वालियर में सीनियर एडवोकेट अवधेश सिंह तोमर की ओर से खरगे के बयान की शिकायत की गई है। तोमर ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, डीजीपी मध्य प्रदेश और ग्वालियर एसपी से यह शिकायत की है।

मुजफ्फरपुर में मुकदमा, ग्वालियर में शिकायत

पांच दशक बाद कॉलेज के साथियों से मिले सीपी जोशी

54 साल बाद पुनर्मिलन, जवानी की यादों में खिले दिल

उदयपुर। करीब 54 पहले जो साथ पढ़े, साथ रहे और जिन्होंने जीवन के विकास के साथ सपने साथ साथ संजोये, वे पांच दशक बाद मिले, और बरसों बाद देखा, तो भी सबको सब कुछ याद था। सबके दिल खिल गए। मौका था राजस्थान के सबसे खूबसूरत शहर उदयपुर के महाराणा भूपाल कॉलेज में 1971-72 में पढ़े और मेन हॉस्टल में रहे सहपाठी साथियों के मिलन का, जो 54 साल बाद मिले, तो सारी यादें फिर ताजा हो गईं। वरिष्ठ राजनेता सीपी जोशी, पूर्व कुलपति इंद्रवर्धन त्रिवेदी, रेमंड्स ग्रुप के शांतिलाल पोखरना, दिग्गज पत्रकार आत्मदीप, जाने माने चार्टर्ड अकाउंटेंट बीएम गुप्ता और राजेश पालीवाल जैसे कुछ खास लोग अपने विभिन्न साथियों का उदयपुर के देवेंद्रगढ़ रिसॉर्ट में स्नेह मिलन हुआ, तो सबके चेहरों पर 54 साल पुरानी वही मुस्कान थी और दिलों में एक हूक सी, कि कौन कैसे कब कहां पहुंचकर जाने क्या क्या कर गया। मित्रों के इस पुनर्मिलन में शामिल होने वालों में केंद्र तथा राजस्थान में मंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व राष्ट्रीय महामंत्री, सांसद और विधायक रहे डॉ. सीपी जोशी प्रमुख रहे। रेमंड्स ग्रुप की कंपनियों के बोर्ड आफ डायरेक्टर्स में शामिल शांतिलाल पोखरना (सीए), शिक्षाविद इंद्रवर्धन त्रिवेदी, मध्य प्रदेश के सूचना आयुक्त रहे विख्यात पत्रकार आत्मदीप, चार्टर्ड अकाउंटेंट बीएम गुप्ता, राजेश पालीवाल और जयेश शाह भी उदयपुर पहुंचे थे। एशियन पेंट्स के वरिष्ठ अधिकारी रहे परेश शाह, सोमानी टाइल्स के सुरेश सोमानी, मिनर्वा मार्बल्स हरीश नीमा, ज्वेलर अशोक गोवाडिया सागवाड़ा से उदयपुर पहुंचे थे। बहुत खास दृश्य था जवानी के दिनों में तब कुंवारे इन दोस्तों का, जब वे एक दूजे को वरिष्ठ नागरिक के रूप में अपनी पत्नियों के साथ देख रहे थे।

उदयपुर में महाराणा भूपाल कॉलेज के रहे छात्र

उदयपुर में महाराणा भूपाल कॉलेज के इन रहे मित्रों के अनुपम पुनर्मिलन में। करीब 53 साल पहले एक साथ विद्यार्थी जीवन जीने वाले महानुभावों ने दो दिन तक यहां देवेंद्रगढ़ रिसॉर्ट में साथ रह कर कॉलेज और हॉस्टल जीवन की पुरानी यादें ताजा की। 54 साल बाद सबके एक दूसरे को अपने सामने खड़े देखने, और आंखों ही आंखों में पहली ही नजर में एक दूजे को पहचान लेने और पहचानते ही मन में उठी पुरानी यादों की हूक से आल्हादित चेहरे को भावों का वह दृश्य सभी को भाव विभोर कर रहा था।

जुगाड़ लगा कमाए 50 लाख | ट्रैक्टर-ट्रॉली में ट्रेन के पहिये लगाकर पटरी पर चलाया

कोलकाता। ट्रॉली में ट्रेन के पहिये लगाकर ट्रैक पर गिट्टी डालने वाले ट्रैक्टर मालिक को रेलवे ठेकेदार से हर महीने 85 हजार रुपये किराया मिलता था। इस ट्रैक्टर ट्राली पर 10 लाख 6 हजार रुपये का जुर्माना लगाए जाने के बाद यह मामला कानपुर से लखनऊ तक चर्चा में है। अधिकारियों ने भी इस कार्रवाई पर एआरटीओ से जानकारी मांगी है।

जुर्माने का विवरण

- जुगाड़ ट्राली बनाने पर: 9,63,500 रुपये
- प्रदूषण और स्पीड लिमिट डिवाइस के अभाव में: 10-10 हजार रुपये
- फिटनेस न होने पर: 5 हजार रुपये
- बिना परमिट चलाने पर: 10 हजार रुपये
- हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट न होने पर: 5 हजार रुपये
- तेज या खतरनाक ड्राइविंग पर: 2,500 रुपये

एआरटीओ ने लगाया अब तक का सबसे बड़ा जुर्माना

22 जनवरी की घटना

एआरटीओ सुधेश तिवारी ने बताया कि 22 जनवरी की शाम कानपुर-इटावा हाईवे पर वाहन चेकिंग के दौरान मेहौली के पास एक ट्राली में ट्रेन के पहिये लगे देखे। जब चालक को रोका और पूछताछ की गई, तो पता चला कि वह दिल्ली-हावड़ा रेलमार्ग पर फफूंद और अछल्दा के बीच का काम खत्म कर राजस्थान लौट रहा था।

ठेकेदारों से कमा चुका था लाखों

ट्रैक्टर मालिक पप्पू राम, जो राजस्थान के नागौर जिले का निवासी है। बताया कि उसने दस साल पहले ट्रैक्टर ट्राली खरीदी थी और पांच साल पहले उसमें ट्रेन के पहिये लगवाए। इसके बाद रेलवे ठेकेदारों के बीच उसकी मांग बढ़ गई। वह हर महीने 85 हजार रुपये किराया लेता था।

दुनिया की शीर्ष 10 वायुसेनाओं की सूची जारी

शीर्ष पर अमेरिका, चौथे स्थान पर भारत

वॉशिंगटन। दुनिया की 10 सबसे ताकतवर वायु सेनाओं की रैंकिंग जारी हो गई है। ग्लोबलफायरपावर डॉट कॉम वेबसाइट ने इसे प्रकाशित किया है। हाल की प्रकाशित रिपोर्ट में रैंकिंग के देशों के पास मौजूद लड़ाकू जेट, हेलीकॉप्टर और सहायक विमानों समेत उनके एयरक्राफ्ट की सूची को आधार बनाया गया है। खास बात है कि भारत की वायु सेना का नाम दुनिया की टॉप-5 ताकतवर एयरफोर्स में है। इसके साथ ही भारत के दुश्मन देश पाकिस्तान की एयर फोर्स की रैंकिंग भी दी गई है।

अमेरिका आगे, रूस और चीन पीछे

रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका की एयर फोर्स को वैश्विक रैंकिंग में दुनिया की सबसे मजबूत वायु सेना का तमगा हासिल किया है। इसके बाद रूस और चीन क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। भारत की वायु सेना चौथे और दक्षिण कोरिया पांचवें स्थान पर है। रिपोर्ट में अमेरिकी सेना को बेजोड़ बताया गया है, जिसके बेड़ा रूस, चीन, भारत, दक्षिण कोरिया और जापान की संयुक्त वायु क्षमता से अधिक है। जापान की वायु सेना छठें स्थान पर है।

अमेरिका के पास विशाल वायु सेना

अमेरिका वायु सेना में 5737 हेलीकॉप्टर, 1854 फाइटर जेट और 3722 सहायक विमान हैं। इसका वार्षिक बजट 800 अरब डॉलर है, जो वैश्विक सैन्य खर्च का लगभग 40 प्रतिशत है। रूस की वायु सेना अमेरिकी वायु शक्ति की एक तिहाई है। रूस के पास 4292 विमान हैं, जिसमें 809 फाइटर जेट, 1554 हेलीकॉप्टर और 610 सहायक विमान शामिल हैं। तीसरे स्थान पर मौजूद चीन अपनी वायु से आधुनिकीकरण में भारी निवेश कर रहा है।

सातवें स्थान पर पाकिस्तानी वायुसेना

भारत की वायु शक्ति के मुकाबले में पाकिस्तान बहुत पीछे हैं। पाकिस्तान ग्लोबल एयरपावर रैंकिंग में भारत से तीन अंक पीछे सातवें स्थान पर है, लेकिन विमानों की संख्या में बहुत पीछे हैं। पाकिस्तान के पास कुल 1399 विमान हैं, जिसमें 328 फाइटर जेट, 373 हेलीकॉप्टर और 750 सहायक विमान शामिल हैं। इसके बाद 1099 विमानों के साथ मिस्र सातवें, 1083 विमानों के साथ तुर्की और 976 विमानों के साथ फ्रांस 10वें स्थान पर हैं।

चौथे स्थान पर इंडियन एयरफोर्स

भारतीय वायु सेना 2229 विमानों के साथ दुनिया की चौथी सबसे ताकतवर सेना के रूप में जानी गई है। भारतीय वायु सेना के पास 53 फाइटर जेट, 899 हेलीकॉप्टर और 831 सहायक विमान हैं। पांचवें स्थान पर मौजूद दक्षिण कोरिया की वायु सेना में कुल 1592 विमान हैं। वहीं, रैंकिंग में छठें स्थान पर काबिज जापान के पास कुल 1443 विमान हैं।